दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 2 अंकः 207 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 11 मई 2024 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया





किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853


## देशभर के ईएसआईसी अस्पतालों,डिस्पेंसरियों में कर्मचारियों का तीसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन रहा जारी

दैनिक समाज जागरण। एसडी सेठी।

ऑल इंडिया, ईएसआईसी (मेडिकल) इंप्लाइज फेडरेशन का पूरे देश में स्थित ईएसआईसी अस्पताल प्रशासन की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ फेडरेशन से संबद्ध यूनियनों ने मिलकर पिछले 3 दिनों से तमाम अस्पतालों में विरोध प्रदर्शन जारी है। इस विरोध प्रदर्शन में तमाम ऑपरेशन थिएटर, सीएस एसडी, लैबोरेट्रीज, रेडियोग्राफर, एमआरडी, ईसीब, लास्टर, ड्रेसर, नर्सिंग अर्दली, किचन, लॉन्ड्री, डेंटल, फिजियोथेरेपिस्ट, आक्यूपेशनल, थेरेपिसट, आप्टोमेट्रिस्ट, एएनएम, और फार्मासिस्ट, विभागों से जुडे हजारों की संख्या में कर्मचरियों ने एकजुट होकर ईएसआईसी प्रशासन के खिलाफ बाजू पर काली पट्टियां बांधकर अपना शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का मुजेहरा किया। इस बाबत ऑल इंडिया ईएसआईसी मेडिकल इंप्लाइज फेडरेशन के जर्नल सेकेट्री किशन चंद ने बताया कि कर्मचारी अपनी लंबे अर्से से लंबित 18 मांगों के इंतजार में सब्र का बांध टूट गया है। और ईएस-




।आईसी प्रशासन के खिलाफ देशभर के ईएसआईसी अस्पताल में कार्यरत सभी अलाईड हेल्थ एंड केयर प्रोफेशनल्स (पेरामेडिकल स्टाफ) बाजुओं में काली पट्टी बांधकर प्रशासन की कुटिल नीतियों के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि फेडरेशन ने 8 से 11 मई तक विरोध प्रदर्शन का अहवाहन किया है। फेडरेशन के जर्नल सेकेट्री के मुताबिक विरोध प्रदर्शन में शामिल ईएसआईसी अस्पतालों ,डिस्पेंसरियों में कार्यरत हेल्थ एंड केयर प्रोफेशनल्स (पेरामेडिकल स्टाफ) जों मरीजों के प्रभावी कामकाज को सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। अपने तौर पर बेहतरीन, गुणवत्ता सेवाए प्रदान करने के लिए समर्पित है। बावजूद इसके पीडित कर्मचारियों की लंबित समस्याओ/ मांगों पर ईएसआईसी प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ईएसआईसी प्रशासन के इस तरीके के रवैये से कर्मचारियों की गरिमा को बेहद ठेस पहुंच रही है। जर्नल सेकेट्री किशन चंद ने बताया कि ईएसआईसी प्रशासन पेरामेडिकल स्टाफ की प्रमोशन,,एमएसीपी,पे फिक्सेशन, रिटायरमेंट बेनिफिट,इंटर रीजन/इंफ्रास्ट्रक्चर रीजन ट्रांसफर, डाईंगकेडर,मेडिकल बेनिफिटस,और स्टाफ सेक्शन। स्ट्रेंग्थ, के संबंध में ईएसआईसी प्रशासन पूरी तरह से उदासीन है। वहीं दूसरी और अलाईड हेल्थ एंड केयर प्रोफेशनल्स पूरी तरह से बीमाकृत व्यक्तियों को अपने स्तर पर बेहतर हेल्थ सर्विस प्रदान करने के लिए कटिबद्ध हैं। फेडरेशन ईएसआईसी मेनेजमेंट को कर्माचरियों की इन लंबित पडी मांगों पर तुरंत प्रभावी ढंग से हल करने के लिए बैठक की अपील की है। फेडरेशन का कहना है कि प्रदर्शन का मकसद कर्मचारियों के लंबित तमाम मुद्दों पर ईएस।आईसी प्रशासन का ध्यान दिलाना है।फेडरेशन के जर्नल सेकेट्री किशन चंद की मांग है कि तमाम लंबित मांगों पर ईएस।आईसी प्रशासन सभी ईकाईयों से तुरन्त कारवाई करने की मांग की है।

## सांसद डिम्पल यादव ने सरकार पर बोला हमला

### संविधान बचाने और सुरक्षा के लिए गठबंधन को जितना जरूरी हैः डिम्पल

सुशील कुमार ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण इटावा

भरथना,इटावा। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की धर्मपत्नी, मैनपुरी की सांसद डिम्पल यादव ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार बेरोजगारों को असहाय बनाया और लगातार बढती मँहगाई ने आम जनमानस का जीना दुश्वार कर दिया है। साथ ही देश-प्रदेश की सरकार संविधान पर कुठाराघात करते हुए अपनी मनमानी करने का प्रयास कर रही है। सांसद डिम्पल यादव शुक्रवार को इटावा लोक सभा क्षेत्र की भरथना विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पालीखुर्द में आयोजित विशाल चुनावी जनसभा को सम्बोधित करने पहुँची थीं। सांसद श्रीमती यादव ने कहा कि सपा संरक्षक नेताजी किसानों, युवाओं व प्रत्येक जरूरतमन्दों का दुख-दर्द समझते थे, किन्तु इस सरकार ने बीते करीब 10 वर्षों से नौकरी में भर्तियां न करके शिक्षित युवाओं को बेकार कर दिया है तथा लगातार पेपरलीक के माध्यम से आरक्षण के अधिकार पर भी सेंधमारी की जा रही है।



उन्होंने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव लोकतंत्र, संविधान को बचाने और उसकी रक्षा करने का चुनाव है। आप सभी मतदाता पूरी समझदारी से मतदान दिवस 13 मई को प्रातः 7 बजे ही घरों से निकलकर दोपहर 12 बजे तक पार्टी का सभी वोट बूथ तक पहुँचाकर समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करके इण्डिया गठबन्धन के हाथों को मजबूत करें। सांसद श्रीमती यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीयत व नीति दोनों में खोट है, वह लगातार भेदभाव की राजनीति करके वोट हथियाना चाहती है। जिससे हमें सावधान रहने की आवश्यकता है। वहीं पूर्व चैयरमेन रंजना यादव व पूर्व जि0पं0स0 सीमा यादव सहित अन्य महिला पदाधिकारियों ने सांसद डिम्पल यादव का भव्य माला, पगडी व प्रतीक व तलवार भेंटकर गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत सम्मान किया। इससे पहले जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव अंशुल, पूर्व राज्यमंत्री अशोक यादव, श्रीकृष्ण यादव, विधायक राघवेन्द्र गौतम, पालिकाध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लू, ब्लाक प्रमुख विनोद दोहरे, पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिओम यादव, जि0पं0स0 पुष्कर सिंह यादव, पूर्व जि0पं0स0 सुरेन्द्र यादव, मनोज यादव बण्टी, सिग्रेश यादव, अजय यादव, प्रदेश सचिव लीलावती राजपूत, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मलखान सिंह, उदयभान सिंह यादव, सुखराम सिन्धी, सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, लल्ला सिंह कठेरिया, पवन यादव, श्रीनवेश यादव, पुष्पेन्द्र यादव रिंकू, ज्ञानवती राठौर, आलोक दीक्षित, राहुल यादव, के0के0 यादव आदि गठबन्धन नेताओं व कार्यकताओं ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए इण्डिया गठबन्धन के पक्ष में मतदान करने की अपील की। जनसभा की अध्यक्षता क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक बल्देव सिंह यादव,सफल संचालन पूर्व मंत्री अशोक यादव ने किया।

## पंजाब में चौथे दिन 82 उम्मीदवारें द्वारा 95 नामांकन-पत्र दाखिल: सिबिन सी

दैनिक समाज जागरण

जैतो, 10 मई (रघुनंदन पराशर) :पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने बताया है कि लोक सभा मतदान-2024 के लिए नामांकन-पत्र भरने के चौथे दिन 13 लोक सभा सीटों के लिए 82 उम्मीदवारों द्वारा 95 नामांकन-पत्र दाखिल किये गए हैं।गुरदासपुर से 9 उम्मीदवारों ने 14 नामांकन-पत्र पत्र दाखिल किये हैं। इनमें इंडियन नेशनल कांग्रेस के सुखजिंदर सिंह रंधावा, भाजपा के से दिनेश सिंह के नाम शामिल है।अमृतसर से 6 उम्मीदवारों द्वारा 8 नामांकन-पत्र दाखिल किये गए हैं। इनमें भारतीय जनता पार्टी के तरनजीत सिंह संधू और शिरोमणि अकाली दल के अनिल जोशी के नाम शामिल हैं।खडूर साहिब से 3 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन-पत्र दाखिल किये गए हैं, जिनमें भारतीय जनता पार्टी से मनजीत सिंह और भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी से गुरदयाल सिंह के नाम शामिल है। आजाद उम्मीदवार के तौर पर अमृतपाल सिंह ने नामांकन-पत्र भरे हैं।जालंधर से 6 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन-पत्र दाखिल किये गए हैं, जिनमें भारतीय जनता पार्टी से सुशील कुमार, शिरोमणि अकाली दल से महिन्दर सिंह केपी, इंडियन नेशनल कांग्रेस से चरनजीत सिंह चन्नी और बहुजन समाज पार्टी की तरफ से बलविन्दर कुमार का नाम शामिल हैं।होशियारपुर से 5 उम्मीदवारों ने 7 नामांकन-पत्र दाखिल किये हैं। इनमें इंडियन नेशनल कांग्रेस की तरफ से यामनी गोमर और आम आदमी पार्टी की तरफ से राज कुमार के नाम शामिल हैं।आनंदपुर साहिब से 7 उम्मीदवारों द्वारा 9 नामांकन-पत्र दाखिल किये गए हैं। इनमें शिरोमणि अकाली दल की तरफ से प्रेम सिंह और आम आदमी पार्टी की तरफ से मलविन्दर सिंह कंग के नाम



शामिल हैं।लुधियाना से 12 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन-पत्र दाखिल किये गए हैं। इनमें भारतीय जनता पार्टी से रवनीत सिंह और बहुजन समाज पार्टी से दविन्दर सिंह का नाम शामिल है। फतेहगढ़ साहिब से 6 उम्मीदवारों की तरफ से 8 नामांकन-पत्र दाखिल किये गए हैं। इनमें आम आदमी पार्टी की तरफ से गुरप्रीत सिंह का नाम शामिल है।फरीदकोट से 8 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन-पत्र दाखिल किये गये हैं। इनमें शिरोमणि अकाली दल की तरफ से राजविन्दर सिंह रंधावा का नाम शामिल है।बठिंडा से 7 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन-पत्र दाखिल किये गये हैं, जिनमें आम आदमी पार्टी से गुरमीत सिंह, इंडियन नेशनल कांग्रेस से जीतमहेन्दर सिंह और बहुजन समाज पार्टी की तरफ से निक्का सिंह के नाम शामिल हैं।
संगरूर से 4 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन-पत्र भरे गये हैं, जिनमें बहुजन समाज पार्टी की तरफ से सुरिन्दर कौर का नाम शामिल है। पटियाला से 5 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन-पत्र दाखिल किया गया है, जिनमें शिरोमणि अकाली दल की तरफ से नरिन्दर कुमार शर्मा और बहुजन समाज पार्टी की तरफ से जगजीत सिंह का नाम शामिल है।फिरोजपुर से 4 उम्मीदवारों ने नामांकन-पत्र दाखिल किये हैं। इनमें से शिरोमणि अकाली दल की तरफ से नरदेव सिंह के नाम शामिल हैं। सिबिन सी ने बताया कि 11 और 12 मई को गजटिड छुट्टियाँ होने के कारण नामांकन-पत्र दाखिल नहीं किये जा सकेंगे। जिक्रयोग्य है कि 7 मई से 10 मई तक 143 उम्मीदवारों द्वारा 163 नामांकन-पत्र दाखिल किये जा चुके हैं।

## तीन मंत्रालय साइबर धोखाधड़ी करने वालों से निपटने के लिए मिलकर काम करेंगे

### दूरसंचार विभाग ने 28,200 मोबाइल हैंडसेटों को ब्लॉक करने और इनसे संबंधित 20 लाख मोबाइल कनेक्शनों के पुनः सत्यापन के निर्देश जारी

रघुनंदन पराशर जैतो पंजाब

जैतो,10 मई :दूरसंचार विभाग (डीओटी), गृह मंत्रालय (एमएचए) और राज्य पुलिस साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी में दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए एक साथ आए। इस सहयोगात्मक प्रयास का उद्देश्य धोखेबाजों के नेटवर्क को नष्ट करना और नागरिकों को डिजिटल खतरों से बचाना है।
गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस द्वारा किए गए विश्लेषण से पता चला है कि साइबर अपराधों में 28,200 मोबाइल हैंडसेट का दुरुपयोग किया गया था। डीओटी ने आगे विश्लेषण किया और पाया कि इन मोबाइल हैंडसेटों के साथ आश्चर्यजनक रूप से 20 लाख नंबरों का उपयोग किया गया था। इसके बाद, दूरसंचार विभाग ने देश भर के दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को 28,200 मोबाइल हैंडसेटों को ब्लॉक करने और इन



मोबाइल हैंडसेटों से जुड़े 20 लाख मोबाइल कनेक्शनों का तत्काल पुनः सत्यापन करने तथा पुनः सत्यापन में विफल रहने पर कनेक्शन काटने के निर्देश जारी किए।यह एकीकृत दृष्टिकोण सार्वजनिक सुरक्षा तथा दूरसंचार बुनियादी ढांचे की अखंडता की रक्षा करने और एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण सुनिश्चित करने के प्रति साझी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

## उप-मुख्यमंत्री बृजेश पाठक की उपस्थिति में भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर ने किया अपना नामांकन

दैनिक समाज जागरण प्रदीप बच्चन (ब्यूरो चीफ बलिया(यूपी) के लोक सभा 72 निर्वाचन क्षेत्र मे.भाजपा प्रत्याशी-नीरज शेखर ने सुबह अपने अपने पैतृक निवास इब्राहिम पट्टी से, सुबह नामांकन यात्रा की शुरूआत अपने पैतृक निवास में अपने पिता पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चंद्रशेखर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत आवास मे स्थित अवधूतेश्वर महादेव मंदिर में भगवान की पूजा अर्चना प्रारंभ करके की।उन्होने इब्राहिमपट्टी से कसेसर,सलेमपुर,कुरेजी,नवादा गडवार,बोड़िया,धरहरा,जीरा बस्ती होते हुए रामलीला मैदान में आयोजित विशाल जनसभा में शामिल हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री-ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा राष्ट्रवादी विचारों को लेकर के कार्य करने वाली पार्टी है,जिसने भारत से धारा 370 जैसा कलंक मिटा दिया और वर्षों की प्रतिक्षा के बाद राम मंदिर का भव्य निर्माण करके रामलाल को उनके गर्भगृह में विराजमान किया। बलिया ने हर बार जिसे अपना सांसद यहां से चुन करके भेजा है केंद्र में उसकी ही सरकार बनी




है और अबकी बार भी बलिया हैट्रिक लगाकर नीरज शेखर को संसद में भेजेगी और प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा सरकार बनने जा रही है.
बताया जाता है कि जनसभा के बाद रामलीला मैदान, हनुमानगढ़ी, विजय सिनेमा रोड, चौक शहीद पार्क, जगदीशपुर चौराहा, हॉस्पिटल रोड तिराहा ओवरब्रिज, टीडी कॉलेज होते हुए भाजपा प्रत्याशी सैकड़ो कार्यकताओं के साथ डीएम ऑफिस नामांकन के लिए पहुंचे और वहां पर विधिवत नामांकन किया।
इस अवसर पर दयाशंकर मिश्र दयालु (राज्यमंत्री),दयाशंकर सिंह (राज्यमंत्री),(राज्य मंत्री)दानिश आजाद अंसारी, सदस्य विधान परिषद-रवि शंकर सिंह पप्पू, जिला प्रभारी-विजय बहादुर दुबे,सांसद-वीरेंद्र सिंह (मस्त),जिलाध्यक्ष-संजय यादव,लोकसभा प्रभारी-मारकंडेय शाही,संयोजक-राजीव मोहन चौधरी, सह प्रभारी-जितेंद्र नाथ पांडेय,पूर्व मंत्री- उपेंद्र तिवारी व आनंद स्वरूप शुक्ल,राजधारी सिंह पूर्व सांसद-भरत सिंह पूर्व विधायक-सुरेन्द्र सिंह पूर्व विधायक-कालीचरण राजभर पूर्व विधायक-भगवान पाठक,नागेन्द्र पाण्डेय,विरेन्द्र राय,पियुष राय,अनुप चौबे,विरेन्द्र पाठक, टुन जी,विनोद शंकर दूबे चेयरमैन सहकारी बैंक, सुनीता श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## ओरिएंटक्राफ्ट ने ऋण मुक्त स्थिति की घोषणा की, विकास के लिए झारखंड अगला ठिकाना

दैनिक समाज जागरण

नई दिल्ली, दिल्ली, भारत वस्त्र निर्माण एवं निर्यात उद्योग में भारत की अग्रणी कंपनीओरिएंटक्राफ्ट लिमिटेड ने आज 100% ऋण-मुक्त स्थिति की घोषणा की है। कंपनी ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई), एचडीएफसी और यस बैंक सहित 11 बैंकों के एक समूह के साथ मिलकर 850 करोड़ रुपये के कुल कर्ज का भुगतान करने के लिए अपनी मार्की भूमि और कारखाने की संपत्ति का सफलतापूर्वक मॉनेटाइजेशन किया है। इसने कोविड महामारी से हुए वित्तीय घाटे के बाद 'वन टाइम रीस्ट्रक्चरिंग' के संकल्प को पूरा किया। ओरिएंटक्राफ्टने अपनी इच्छा से गैर-बंधक संपत्तियों का मुद्रीकरण करकेएवं बिना किसी कटौती के बकाया राशि का भुगतान किया है। इन प्रयासों की बैंकिंग कंसोर्टियम के सदस्यों द्वारा सराहना की गई है।
ओरिएंट क्राफ्ट अब नॉन-परफॉर्मिंग एसेट (एनपीए) की स्थिति से मुक्त हो चुका है और अपने संस्थापक, अध्यक्ष और एमडी, सुधीर ढींगरा के नेतृत्व में अपने बिजनेस पुनर्निर्माण



पर फोकस कर रहा है। ओरिएंट क्राफ्ट एक नए अवतार के रूप में वस्त्र निर्माण और निर्यात में अपनी विरासत को जारी रखेगा जो अब रांची (झारखंड) में स्थापित होगा। यह एक विशाल एवं विश्व स्तरीय, अत्याधुनिक और देश में इस प्रकार का पहला सेट अप है। यह 3.5 लाख वर्ग फुट उत्पादन क्षमता के साथ एक पूर्णतः एकीकृत विनिर्माण परिसर है, जिसमें 2500+ मशीनें हैं जो डबल शिफ्ट में प्रभावी रूप से 5000+ मशीनों का काम करती हैं। इसमें कढ़ाई, धुलाई और छपाई जैसी इन-हाउस एकीकृत सुविधा उपलब्ध हैं, जो 1200 करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व अर्जित करने में सक्षम हैं।


चिंतना गोष्ठी
===============
रविवार 12 मई 2024
सायंकाल 5:00 बजे
विषय
++++++++
राजनीति में अनैतिकता : जड़ कहां है ?
वक्ता
कृष्णानंद सागर
Live on Samajjagran official youtube channel


## भाजपा के पास देश को आर्थिक, सामाजिक व सामरिक रूप से सशक्त बनाकर विकसित बनाने का लक्ष्य : रणजीत सिंह

### -पार्टी उम्मीदवार ने तेज किया जनंसपर्क, किया बवानीखेड़ा क्षेत्र के गांवों का दौरा-

दैनिक समाज जागरण

हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा) : हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने चुनाव



प्रचार अभियान और तेज कर दिया है। उन्होंने शुक्रवार को बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों का दौरा करके जनसंपर्क अभियान चलाया और वोटों की अपील करते हुए तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में जनता का सहयोग मांगा। रणजीत सिंह ने जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश के पास देश को आर्थिक, सामाजिक व सामरिक रूप से सशक्त बनाकर विकसित बनाने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसी लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं और यही कारण है कि केवल हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे देश में भाजपा को भरपूर साथ व सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जनता खुद देख रही है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 10 वर्ष के शासनकाल में अनेक ऐसे कार्य किए हैं, जिनकी कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। रणजीत सिंह ने कांग्रेस व उसके नेतृत्व वाले दलों से सवाल किया कि वे जनता के समक्ष अपना विजन तो रखें। वास्तव में उनका विजन कुछ नहीं, केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पद से हटाकर देश के विकास को बाधित करना है और इन दलों की असलियत देश की जनता अच्छी तरह से समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि जो कांग्रेस आज जनता के समक्ष गारंटी की बात करती है, वह कांग्रेस यह बताए कि ये काम उसने सत्ता में रहते हुए क्यों नहीं किए। वास्तव में कांग्रेस का उद्देश्य जनता को गुमराह करना है, जिसे जनता हरगिज सहन नहीं करेगी।
भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि पार्टी उम्मीदवार चौ. रणजीत सिंह ने शुक्रवार को बवानीखेड़ा हलके के एक दर्जन से अधिक गांवों का दौरा किया। इस दौरान धनाना गांव में वेदपाल सरपंच के संयोजन में हुए कार्यक्रम में उन्हें लड्डुओं से तोला गया। इसके अलावा अन्य गांवों में भी उनका जोरदार स्वागत हुआ। उनके साथ मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी अशोक कनौजिया, सह संयोजक उमेश भारद्वाज, महेन्द्र सिंह पानू, सुंदर अत्री, महाबीर सिंह, रामकुमार, सरपंच भूपसिंह, कर्मवीर शास्त्री, राजकुमार, मा. रामपाल, बद्री फौजी, कृष्णा, भरपाई, सुमन, कविता, सुनीता, मूर्ति, बबली, सुमन व रोशनी सहित विभिन्न गांवों के नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

# अक्षय लोकतंत्र का उत्सव है चुनाव

**दैनिक समाज जागरण**

चुनाव लत्ता-लपेड़ी करने का नहीं बल्कि लोकतंत्र को अक्षय बनाने का उत्सव है, लेकिन दुर्भाग्य कि हमारे नेता इस उत्सव को उत्सव की तरह न मनाकर एक-दूसरे का चीर-हरण करने में लगे हैं। राजनीतिक संवाद इतने निचले स्तर पर आ चुका है कि अब लज्जा आने लगी है। लज्जा आये भी क्यों न ? आखिर हम विश्व गुरु हैं।




बात चुनाव से पहले लोकतंत्र की करें। हमारा लोकतंत्र अक्षय है ,ये मानने में पता नहीं क्यों लोगों को शर्म आती है। पता नहीं क्यों लोग लोकतंत्र को लेकर आशंकित है। एक-दूसरे कि सामने नए-नए हौआ खड़े कर रहे हैं। कभी मुसलमानों का हौआ ,कभी मंगलसूत्र छीने जाने का हौआ, और तो और अब सैम अंकल कि भाषण का हौआ। सवाल ये है कि क्या सचमुच इन हौओं से हमारा लोक और हमारा लोकतंत्र भयभीत होकर फैसला करने लगेगा।

सत्ता हासिल करने कि लिए सत्तारूढ़ दल लगातार हौओं कि सहारे चुनाव लड़ रही है ,जबकि उसे एक दशक तक सत्ता में रहने कि बाद अपनी उपलब्धियों कि आधार पर चुनाव लड़ना चाहिए था। प्रतिपक्ष ये हौवे खड़े करे तो समझ में आता है ,लेकिन यहां तो उलटी गंगा बह रही है। सत्तारूढ़ दल प्रतिदिन एक नया हौआ खोजकर लाता है। मजे की बात ये है कि ये तमाम हौवे ऐसे हैं जो मतदान को प्रभावित करने कि बजाय उलटे पड़ रहे हैं। हंसी तो तब आयी जब माननीय प्रधानमंत्री जी ने राहुल गांधी से सवाल किया कि वे आजकल अडानी-अम्बानी के खिलाफ क्यों नहीं बोल रहे ? क्या उन्हें टेम्पो में भरकर पैसे दे दिए हैं इन लोगों ने ? माननीय भूल गए की जब राहुल गांधी संसद से लेकर सड़क तक अडानी से मिले 20 लाख करोड़ के बारे में सवाल करते थे तब उनकी तारीफ तो किसी ने नहीं की ,बल्कि सत्तारूढ़ दल ,दल के नेता गुड़ खाकर बैठे रहे थे।

मुझे कभी-कभी ऐसा लगता है कि अब शायद अडानी-अम्बानी ने भी सत्तारूढ़ दल से अपना हाथ खींच लिया है। इन दोनों उद्योग घरानों को भी देश में संभावित परिवर्तन की आहट सुनाई देने लगी है। अन्यथा इन दोनों ने तो दस साल में खुद के साथ-साथ सत्तारूढ़ दल को भी मालामाल ही किया था। अडानी-अम्बानी केवल उद्योगपति ही नहीं बल्कि मौसम वैज्ञानिक भी हैं। उन्हें आभास हो जाता है आने वाले दिनों का । वे जानते हैं कि कब अच्छे दिन आएंगे और कब बुरे दिन आएंगे। तदनुसार ही वे अपने रुख तय करते हैं। लोकतंत्र के उत्सव के तीन चरण पूरे हो चुके हैं यानि आधी से ज्यादा लोकसभा सीटों के लिए जनता मतदान कर चुकी है। अब चौथा चरण 13 मई को है। ये ही सबसे कठिन चरण है। इसमें 96 सीटों के लिए चुनाव होना होना है। इन 96 सीटों में से आधी तो उस तमिलनाडु और तेलंगाना में हैं जहां पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भाजपा को तिल रखने के लिए भी जगह नहीं मिली थी।

चुनाव के चौथे चरण से पहले देश अक्षय तृतीया का पर्व मना चुकेगा। संयोग से इस वर्ष अक्षय तृतीया पर बहुत ही शुभ और दुर्लभ संयोग बना हुआ है। 100 वर्षो बाद अक्षय तृतीया पर गजकेसरी योग का संयोग है। इसके अलावा अक्षय तृतीया पर धन, शुक्रादित्य, रवि, शश और सुकर्मा योग का निर्माण हुआ है। अक्षय जिसका मतलब होता है कि जिसका कभी क्षय न हो। दुर्भाग्य से हम लोकतंत्र को अक्षय मानने के बजाय सोने-चांदी के आभूषण को अक्षय मानते हैं और इस तरह की चीजों की खरीदारी करते हैं लेकिन लोकतंत्र पर ध्यान नहीं देते । अक्षय तृतीया के दिन मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा उपासना करने से जीवन में सुख-समृद्धि और धन-वैभव की प्राप्ति होती है।शायद ऐसा होता भी हो लेकिन ये तभी मुमकिन है जब कि देश में लोकतांत्र अक्षय हो। अक्षय तृतीया से ही त्रेता और सतयुग का आरंभ हुआ था।मुझे लगता है कि इस साल भी देश में अक्षय लोकतंत्र की बहाली हो सकती है।

लोकतंत्र को बचाने के अभी अवसर हाथ से गए नहीं है । अभी देश की जनता ने कुल 282 लोकसभा सीटों के लिए मतदान किया है। अभी 13 मई से 1 जून तक उसे 260 और सीटों के लिए मतदान करना है। जनता के पास अवसर है कि वो अपनी भूल-चूक को सुधार सकती है। देश की जनता को तय करना है कि वो परिवर्तन चाहती है या भाजपा को 400 पार कराना चाहती है। लोकतंत्र में सही नतीजे हासिल करने कि लिए आवश्यक है कि मतदाता को न तो भ्रमित किया जाये और न उसे कोई हौआ दिखाकर डराया जाये।

हंसी आती है जब चुनाव कि वक्त सरकार हिन्दू-मुसलमान की आबादी कि आंकड़े जनता कि समक्ष परोसती है। ये एक तरह का अपराध है। इससे लोकतंत्र मजबूत नहीं होता। पता नहीं भाजपा क्या चाहती है ? उसका इरादा हिन्दुओं और मुसलमानों कि बीच प्रजनन दर बढ़ाने की प्रतिस्पर्द्धा करने का तो नहीं है ! मुश्किल ये है कि इस तरह की मूर्खताओं को लेकर न हमारी अदालतें बोलतीं हैं और न सामाजिक संगठन। आरएसएस तो इस मुद्दे पर सरकार कि सुर में सुर मिलता दिखाई देता है। जनता ही इन मूर्खताओं कि लिए राजनीतिक दलों को सजा दे सकती है मतदान कि जरिये। हालाँकि मशीनें अभी भी सरकार कि अधीन और स्वामिभक्त बनीं हुईं हैं।

**@ राकेश अचल**

# बैठकी "न्याय व्यवस्था पर उठते प्रश्नचिन्ह"

**दैनिक समाज जागरण**


सरजी, सुना आपने ! दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, जिसे इडी ने, शराब घोटाला मामले में 21मार्च को गिरफ्तार किया था, कल 1 जून तक के लिए सुप्रीम कोर्ट ने, इडी के कड़े. विरोध के बावजूद,अंतरिम जमानत दे दी है। 2 जून को इन्हें पुनः सरेंडर करना होगा।--मास्टर साहब बैठते हीं गरमा गरम रख दिये।





सुननी हा जे इ अंतरिम जमानत, सशर्त कोर्ट देलेबा!!--मुखियाजी भी सोफे पर पसरते हुए।

हां मुखियाजी, कोर्ट ने पांच शर्तों के साथ अंतरिम जमानत दी है--




1--अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री कार्यालय और दिल्ली सचिवालय नहीं जायेंगे।

2--आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में अपनी भूमिका के बारे में टिप्पणी नहीं करेंगे।

3--50 हजार रुपये की जमानत राशि जमा करनी होगी और इतने हीं राशि का मुचलका भरना होगा।

4--केस से जुड़े किसी गवाह से बातचीत नहीं करेंगे और इस मामले से जुड़ी अधिकारिक फाइल नहीं देख सकते।

5--अंतरिम जमानत को उनके खिलाफ केस के गुण-दोष पर अदालत की राय नहीं मानी जानी चाहिए।

--मास्टर साहब चुप हुए।

मास्टर साहब, हमने सुना था कि केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी थी जिसमें उनकी गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताने वाली याचिका खारिज कर दी गई थी।तब तो सुप्रीम कोर्ट के पास मुद्दा केवल इतना था कि क्या इडी द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी वैध है या नहीं!!

सुना हूँ मास्टर साहब कि,केजरीवाल के वकील, सिंघवी से जस्टिस खन्ना ने पुछा था कि जमानत के लिए आपने अर्जी क्यों नहीं दी तो सिंघवी ने कहा था कि हम पहले गिरफ्तारी की वैधता पर निर्णय चाहते हैं। अब यदि ये सही है तो जज महोदय, असल मुद्दे को छोड़ कर, चुनाव के मद्देनजर,केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने की बात क्यों करने लगे!! बड़ा अजीब लगा मुझे।--कुंवरजी,अखबार उठाते हुए।

इसबीच बेटा चाय का ट्रे रख गया और हमसभी एक एक कप उठाकर पुनः मजे में......

कुंवरजी,इडी ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत का विरोध करने के क्रम में खलिस्तानी आतंकवादी, अमृतपाल सिंह का भी जिक्र आया।इडी ने कहा कि जेल से अमृतपाल सिंह ने भी खंडुर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में, नामांकन दाखिल करने के लिए, सात दिनों की जमानत याचिका लगायी थी जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। अब वो भी सुप्रीम कोर्ट जायेगा और केजरीवाल की जमानत के आधार पर जमानत मांगेगा तो अब उसे भी कोर्ट को जमानत देना होगा न!!--मैंने अपनी कही।

अजी,सुप्रीम कोर्ट ने तो केजरीवाल को मुख्यमंत्री बने रहने को भी हरी झंडी दे दी। छोड़िये न!! अंतरिम जमानत देने की बहस में एएसजी,राजू और सोलिसिटर जेनरल,तुषार मेहता ने पुरजोर विरोध किया था और ये भी कहा कि अंतरिम जमानत देकर कोर्ट कैसा उदाहरण पेश कर रहा है!! इससे तो साबित होता है कि एक मुख्यमंत्री और आम नागरिक के लिये अलग अलग कानून है।--डा.पिंटू हाथ चमकाये।



अजी सुना कि, जस्टिस खन्ना ने कहा कि ये केजरीवाल साहब चुने हुए मुख्यमंत्री हैं। ये एक असामान्य स्थिति है, ये आदतन अपराधी नहीं हैं अतः इस कारण इनके अंतरिम जमानत पर सोंचा जा सकता है।अजीब बात है!! लगता है कि पहले से हीं फिक्स हो गया था कि अंतरिम जमानत देनी है। हम तो सुने थे कि "न्याय में देरी,न्याय को नकारना है" लेकिन यहाँ तो न्याय की हड़बड़ी न्याय को मारने पर हीं उतारु है।--सुरेंद्र भाई मुंह बनाये।

अच्छा इ आदतन अपराधी के का मतलब होला।--मुखियाजी खैनी ठोकते हुए।

मुखियाजी, आदतन अपराधी की श्रेणी में लालू यादव आयेंगे जो सजायाफ्ता मुजरिम हैं।जिन्हें 5 केसों में 32 साल की सजा मिल चूकी है लेकिन जजों की मेहरबानी से जमानत पर, आजाद घुम रहे हैं।चुनावी रैलियां, भाषणबाजी कर रहे हैं। न्यायपालिका और लालू यादव के बीच जैसे गठजोड़ हो! तभी तो सीबीआई के 20 साल की मेहनत पर कोर्ट ने पानी फेर कर लालू यादव को बचायी हुई है।अब तो लालू यादव की सजा भुगतने की संभावना हीं नहीं रही।तकनीकी रूप से हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट, लालू यादव को बरी कर चूकी है।--उमाकाका मुंह बनाये।

लिजिये, नेशनल हेराल्ड केस का भी तो यही हाल है। जमानत पर,गांधी परिवार इस तरह स्वतंत्र है जैसे केस से अदालत क्लीन चिट दे चूकी है।लगता हीं नहीं कि ये अपराध किये हैं। अरे भाई, ये भारत है यहाँ आम के लिए और खास के लिए कानूनी परिभाषा अलग-अलग है। तभी तो जस्टिस वीएन खरे ने कहा था कि-- "पैसा न हो तो न्याय के लिए अदालत की ओर देखना भी गुनाह है"।--मैं भी बीच में।

अच्छा सरजी,एक बात बताइये! जब चुनाव प्रचार के लिए नेताओं को जमानत दी जा सकती है जो कि उनका मौलिक अधिकार नहीं है तो फिर कैदियों को भी मतदान करने के लिए जमानत मिलनी चाहिए जबकि मतदान करना मौलिक अधिकार है!!चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देना, मेरे विचार से उचित नहीं क्योंकि इससे एक गलत परम्परा बनेगी।इसपर तो सुप्रीम कोर्ट को ध्यान देना चाहिए था।--कुंवरजी अखबार टेबल पर रखते हुए।

ठीक कहे कुंवरजी, पिछले 5 बर्षों में देश में 123 की संख्या में चुनाव हुए। अगर चुनाव में प्रचार के आधार पर नेताओं को जमानत दी जाने लगे तो न तो किसी अपराधी नेता को गिरफ्तार किया जा सकेगा और न उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा सकेगा।--मास्टर साहब बोल पड़े।

इडी द्वारा गिरफ्तार किये गये अन्य सभी भ्रष्ट नेताओं को भी चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मिलनी चाहिए। वे भी जनता से जुड़े हैं। इस आधार पर तो सुप्रीम कोर्ट का फैसला मनमाना, स्थापित न्याय व्यवस्था को अंगुठा दिखलाने वाला और अराजकता को बढ़ाने वाला साबित होगा।--सुरेंद्र भाई मायुस लगे।

ए भाईजी, ये भारत की न्याय व्यवस्था है जहाँ लाखों बेगुनाह और विचाराधीन लोग,बीस-बीस सालों से न्याय का इंतजार कर रहे हैं।उनकी फाइलों की धूल हट नहीं पा रही है।तारीख पर तारीख देने वाली सुप्रीम कोर्ट, जघन्य अपराधियों और आतंकवादियों के लिए आधीरात को भी खुल जाती है।--डा.पिंटू ने बुरा सा मुंह बनाया।

मेरी एक बात का कोई उत्तर दे!! अगर केजरीवाल जेल में रहकर मुख्यमंत्री बना रह सकता है,मकान, सैलरी और सुविधायें ले सकता है तो हजारों सजायाफ्ता विचाराधीन सरकारी एवं निजी कर्मचारी या आम आदमी क्यों नहीं ले सकते!!--उमाकाका ने अच्छा प्रश्न रखा है।




आज किसी केस को सुप्रीम कोर्ट देख रहा होता है तो देश का जागरूक नागरिक जान जाता है कि किस तरह का फैसला आयेगा और किसके पक्ष में। मतलब देश के अधिकांश लोगों को न्यायालय पर विश्वास डगमगा चूका है।--कुंवरजी मायूस लगे।

खैर, आगे देखिये, ये तो अंतरिम जमानत है वो भी 1 जून तक फिर तो जेल जाना हीं है। ये थोड़े है कि कोर्ट ने केजरीवाल को क्लीन चिट दे दी है! कई बार अपराधियों को पेरोल पर छोड़ा जाता है।--सुरेंद्र भाई संतोषी दिखे।

केजरीवाल के जमानत मिलने से भाजपा नहीं बल्कि कांग्रेस को टेंशन है क्योंकि पंजाब में केजरीवाल की पार्टी और कांग्रेस सभी 13 सीटों पर एक दूसरे के विरोध में खड़ीं हैं। जबकि दिल्ली में भाजपा को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। सच पुछिये तो ये घटना क्रम कांग्रेस के लिए सिरदर्द हो गया।--कहकर उमाकाका मुस्कुराये।

ए भाई लोग,कुछो कहीं सभे,बाकि इ त बुझाता कि देश के न्याय व्यवस्था में बदलाव बहुत जरुरी हो गईल बा। न्याय व्यवस्था, आम आउर खास खातिर, दूगो ना होखे के चाहिं।अच्छा अब चलल जाय।--कहकर मुखियाजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!!!



**प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)**

## हाँ मैं वही भारत हूँ!

हाँ मैं वही भारत हूँ!
जिसने विश्व को सभ्यता का पाठ पढ़ाया
उदित हुआ दिनकर जहाँ ,अपना प्रकाश फैलाया।

हाँ मैं वही भारत हूँ!
जहाँ बहती है पतित पावनी गंगा
छू कर इसके निर्मल जल को
जनम सफल हो जाता।

हाँ मैं वही भारत हूँ!
जहाँ भीष्म की प्रतिज्ञा है
कृष्ण की लीला भूमि यही,
राम की जन्म भूमि यहाँ
यहीं गीता का ज्ञान है।

हाँ मैं वही भारत हूँ।
झांसी की मदार्नी यहाँ
मीरा सी दीवानी यहाँ
तपस्वी यहाँ अहिल्या सी
कुम्भा सी बलिदानी यहाँ

हाँ मैं वही भारत हूँ!
मैंने अपनी मेहनत से
अपनी पहचान बनाई है
विश्व पटल पे मैंने ही तो
धर्म की जोत जलाई है।

**स्वरचित-बिंदु अग्रवाल**
**किशनगंज, बिहार**

# अंतरराष्ट्रीय मसलों पर शी चिनफिंग के संतुलनकारी कदम

## अमेरिका ने चुनिंदा चीनी संस्थानों पर प्रतिबंध लगाया है। उसे आशंका है कि वे रूस को समर्थन मुहैया करा रहे हैं।


**दैनिक समाज जागरण**

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पांच वर्षों में जब पहली बार यूरोप की यात्रा की तो व्यापार और यूक्रेन के मुद्दे एजेंडे में शीर्ष पर जरूर रहे लेकिन इन दोनों ही मसलों पर किसी तरह की सहमति बनती नहीं नजर आई। अमेरिका और चीन के बीच बीते डेढ़ साल की थका देने वाली कूटनीति की तरह ही शी की छह दिवसीय यात्रा से भी ज्यादा कुछ हासिल नहीं हुआ। दोनों पक्षों ने अपने-अपने एजेंडे पर जोर देने के साथ संबद्धता बढ़ाने की बात कही। बहरहाल उनकी तीन देशों की यात्रा जिसमें सर्बिया और हंगरी भी शामिल थे, यूरोप की एकजुटता की पड़ताल करती प्रतीत हुई।

गत माह जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज की चीन यात्रा के तत्काल बाद हुई इस यात्रा के दौरान फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों तथा यूरोपीय संघ की चेयरपर्सन उसुर्ला वॉन डेर लेयेन के साथ त्रिपक्षीय बैठक में एजेंडे में सबसे अहम था यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में चीन का रूस को समर्थन।

लेयेन के अनुसार यूरोपीय संघ ने चीन से कहा कि वह रूस पर अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके युद्ध को समाप्त करे। हालांकि इस प्रकरण पर अपनी टिप्पणी को लेकर यूरोपीय संघ काफी हद तक सतर्क रहा। उसने अपने साझेदार अमेरिका का अनुसरण नहीं किया। अमेरिका ने चुनिंदा चीनी संस्थानों पर प्रतिबंध लगाया है। उसे आशंका है कि वे रूस को समर्थन मुहैया करा रहे हैं।

शी को देखकर ऐसा लगता नहीं है कि वह पुनर्विचार कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने कूटनीतिक अंदाज में मैक्रों के इस आह्वान में स्वर मिलाया कि पेरिस में आयोजित होने जा रहे ग्रीष्मकालीन ओलिंपिक खेलों के दौरान वैश्विक शांति कायम हो। बहरहाल उन्होंने जून में यूक्रेन को लेकर आयोजित हो रहे शांति सम्मेलन में भाग लेने की प्रतिबद्धता नहीं जताई और कहा कि इस संकट का अंत बातचीत के जरिये होना चाहिए।



उन्होंने इस तथ्य को रेखांकित किया कि युद्ध उन्होंने नहीं शुरू किया और न ही वह इसका हिस्सा थे और न ही उनकी इसमें शामिल होने की इच्छा है। व्यापार के मामले में यूरोपीय संघ के नेताओं की अधिक संतुलित व्यापार और बेहतर बाजार पहुंच की दलील पर प्रगति नहीं हुई।

चीन में बने इलेक्ट्रिक वाहनों की यूरोपीय संघ द्वारा जांच में फ्रांस की भूमिका का प्रतिरोध करते हुए उसने यूरोपीय ब्रांडी खासकर फ्रांसीसी कौगनैक को लेकर एंटी डंपिंग जांच शुरू कर दी। कौगनैक चीन में लोकप्रिय है। परंतु जर्मन बीफ और सेब पर से प्रतिबंध हटाने के अलावा शी ने यूरोपीय संघ के व्यापक बाजार पहुंच के प्रश्न का निराकरण नहीं किया।

इलेक्ट्रिक वाहनों को चीन की सरकारी सब्सिडी को लेकर यूरोपीय संघ की चिंता के मामले में शी चिनफिंग ने अपना पुराना रुख बरकरार रखा कि इस उद्योग ने जलवायु परिवर्तन के असर को कम करने में अहम भूमिका निभाई है।

बहरहाल सर्बिया और हंगरी की उनकी यात्रा ने संभवतः यूरोप को असहज करने वाले संदेश दिए हों। हंगरी यूरोपीय संघ का सदस्य है जहां बढ़ता अधिनायकवाद यूरोपीय संघ की सदस्यता की परीक्षा ले रहा है। सर्बिया 2012 से सदस्यता का उम्मीदवार है। दोनों देशों का झुकाव रूस की ओर है और वे चीन की बेल्ट और रोड पहल (बीआरआई) पर हस्ताक्षर करने वाले आरंभिक देश हैं।

बेलग्रेड-बुडापेस्ट हाई स्पीड रेलवे इस पहल की प्रमुख योजना है। यह चीन की ह्य16 प्लस वनह्व पहल का हिस्सा है जिसके जरिये चीन मध्य और पूर्वी यूरोप के देशों के साथ कारोबारी और निवेश संबंधी रिश्ते बढ़ाना चाहता है।

माना जा रहा है इस दौरान ग्रीस तक संपर्क कायम करके जमीन से समुद्र के माध्यम से एक असाधारण मार्ग तैयार किया जाएगा जो पूर्वी यूरोप से भूमध्यसागर के बंदरगाहों तक जाएगी। इससे चीन को यूरोपीय संघ के बाजारों की करीबी हासिल होगी। कुल मिलाकर शी को शायद यूरोप की इस यात्रा से अपेक्षाकृत ज्यादा हासिल हुआ और मेजबान यूरोपीय संघ की तुलना में उन्होंने अपने देश के हितों का अधिक ध्यान रखा।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# चुनाव की घडी आई,केजरीवाल को 1 जून तक रिहाई 21 दिन, 3 राज्य, 4 चरण में बदलेगें क्या सियासी हवा ?




दैनिक समाज जागरण। एसडी सेठी। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को सुप्रीमकोर्ट ने 1 जून तक की अंतरिम जमानत दे दी है। हालांकि ईडी के वकील ने आखिरी समय तक केजरीवाल की अंतरिम जमानत का विरोध किया। ईडी ने बाकायदा जमानत के विरोध में हलफनामा तक दे डाला। लेकिन इसके बावजूद भी सुप्रीमकोर्ट ने अंतरिम बेल के आदेश दे दिए। कोर्ट ने ईडी से कहा कि जब आप पिछले दो साल से कुछ नहीं कर पाए, तो केजरीवाल 21 दिन में क्या कर लेगे? लेकिन केजरीवाल 21 दिन, में 3 राज्य और 4 चरण में सियासी हवा का रूख जरूर बदल देंगे। अब केजरीवाल दिल्ली,हरियाणा और पंजाब में होने वाले लोकसभा चुनाव प्रचार बेफिक्र कर पाएगे। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने चुनाव प्रचार का हवाला देते हुए ही अदालत से अंतरिम जमानत मांगी थी। हालांकि कोर्ट उन्हें लेकर सॉफ्ट नजर आ रही थी। कोर्ट ने पहले ही संकेत दे दिए थे कि केजरीवाल की




अगर उनको चुनाव प्रचार के आधार पर जमानत दी गई तो ये अमृतपाल सिंह जैसे केस के लिए नजीर बन जाएगें। यहां ये बता दें कि अमृतपाल सिंह ने डिबरूगढ आसाम की जेल से ही नॉमिनेशन भर दिया है। अब वह भी चुनाव लड रहा है।

बेल की राह मुश्किल नहीं है। अदालत ने साफ-साफ कहा था कि केजरीवाल कोई आदतन अपराधी नहीं है।जबकि ईडी कह रही थी कि जायज बात है कि इस हिसाब से अमृतपाल भी राहत का हकदार बन गया है। जबकि ईडी ने केजरीवाल के मामले में कहा था कि चुनाव प्रचार करना मौलिक अधिकार नहीं है।लेकिन इन दलीलों के बावजूद भी अगर केजरीवाल को सुप्रीमकोर्ट ने बेल दे दे तो,इसे क्या समझा जाए। दरअसल अदालत भी ईडी के मौलिक अधिकार वाली दलील से सहमत नहीं हुई। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत को केजरीवाल चुनाव में भुनाने से पीछे नहीं हटेगें। वह अब सहानुभूति वोट पाने की कोशिश करेंगे। बल्कि चुनाव सभाओं में बतौर जेल मुद्दे को भुनाएगें। दिल्ली में 25 मई को वोटिंग होनी है।हरियाणा में चौथे चरण में चुनाव है। आम आदमी पार्टी कुरूक्षेत्र सीट पर चुनाव लड रही है। वहीं पंजाब में 1 जून को मतदान होना है। चुनाव के 07 चरण पूरे होने के बाद यानि 2 जून को केजरीवाल ने तिहाड जेल में सरेंडर करना है। दिल्ली में छठे चरण में 25 मई को 7 लोकसभा सीटों वोट डाले जाएगें। दिल्ली में कुल 162 कैंडीडेट चुनावी मैदान में डटे हैं। दिल्ली में आप कांग्रेस संग मिलकर चुनाव लड रही है। आप पार्टी 4 सीटों पर जबकि कांग्रेस 3 सीटों पर चुनाव लड रही है।

### जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था सन्तोषजनक: मुख्य निर्वाचन अधिकारी

## फूल मंडी फेस-2 नोएडा में तैनात सुरक्षा बल मुस्तैदी के साथ कर रहे है स्ट्रांग रूम की निगरानी एवं मॉनीटरिंग

दैनिक समाज जागरण।

गौतमबुद्धनगर 10 मई, 2024 भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों क्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के उद्देश्य निरंतर जनपदीय भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर द्वारा 13-गौतमबुद्धनगर संसदीय क्षेत्र में पहुंकर स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम व मॉनीटरिंग रूम का स्थलीय निरीक्षण किया गया। ज्ञातव्य हो कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत 13-गौतमबुद्धनगर संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल 2024 को मतदान हुए थे, जिसके उपरान्त सभी पोल्ड ईवीएम को फूल मंडी फेस-2 नोएडा स्थित स्ट्रांग रूम में रखा गया, जिसकी सुरक्षा तीन परतों में पुलिस बल व अर्ध सैनिक बलों के द्वारा की जा रही हैं। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा भी फूल मंडी फेस-2 नोएडा का निरंतर स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा फूल मंडी फेस-2 नोएडा में बनाये गये स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम व पार्टी एजेन्टों के मॉनीटरिंग रूप का स्थलीय निरीक्षण किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा सर्वप्रथम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया, इस दौरान उन्होंने सुरक्षा में लगे पुलिस अधिकारियों और अर्धसैनिक बलों के जवानों से सुरक्षा सम्बंधित जानकारी प्राप्त की और अतिथि/आवागमन रजिस्टर भी चैक किया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराया गया कि स्ट्रांग रूम सुरक्षा के लिए 64 कैमरे स्थापित है, जिसमें विधानसभा नोएडा-61 के लिए 17 कैमरा, दादरी-62 के लिए 17 कैमरा, जेवर-63 के लिए 15 कैमरा एवं गैलरी व आउटडोर के लिए 15 कैमरा स्थापित है। उन्होंने बताया कि 14 पांइट पर 52 पुलिसकर्मी तैनात है। प्रत्येक स्ट्रांग रूम कक्ष के बाहर फायर उपकरण स्थापित है एवं 02 फायर टेंडर उपलब्ध है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्ट्रांग रूम का चहुंमुखी निरीक्षण करते हुए कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होनें कन्ट्रोल रूप में सीसीटीवी स्क्रीन पर दिख रहे सभी कैमरों की जानकारी ली व क्रमवार सभी कैमरों की जांच की। उन्होनें कन्ट्रोल रूम में विद्युत व्यवस्था का अवलोकन करते हुये निर्देशित किया कि बिजली की आपूर्ति 24 घंटे सुनिश्चित की जाये, जिसके लिए जनरेटर एवं इनवर्टर से बिजली आपूर्ति ससमय सुनिश्चित की जाये। सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम के निरीक्षण के बाद उन्होने पार्टी एजेन्टों के मॉनिटरींग रूप का निरीक्षण किया एवं राजनीतिक पार्टियों के एजेन्टों से वार्ता की गयी। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा उनसे सुरक्षा संबंधित एवं मूलभूत सुविधाओं से सम्बंधित अन्य वार्ता की। जिस पर पार्टी ऐजेन्टों ने कहा कि उन्हें किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है और यहां स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था की मॉनीटरिंग की शत प्रतिशत कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के उपरान्त कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व मे फूल मंडी फेस-2 नोएडा में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा सम्बंधित सभी कार्य सन्तोषजनक हैं। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा, जाइंट सीपी बबलू कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार, उप जिला अधिकारी दादरी विवेकानंद मिश्र, उप जिला अधिकारी सदर वेद प्रकाश पाण्डेय एवं संबन्धित प्रशासन व पुलिस के अधिकारीगण उपस्थित रहे। सौजन्य से सूचना विभाग गौतमबुद्धनगर।

# 25 से 29 सितंबर, 2024 तक लगेगा यूपी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला

## उत्तर प्रदेश के खेल, युवा मामले, एमएसएमई खादी और ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं कपड़ा विभागों के प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में यूपीआईटीएस-2024 के द्वितीय संस्करण की तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई संपन्न।

दैनिक समाज जागरण।

गौतम बुद्ध नगर, 10 मई 2024 /उत्तर प्रदेश भारत का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है, जो इसे भारत का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार भी बनाता है। यह राज्य भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 8 प्रतिशत से अधिक का योगदान देता है और व्यापार करने में आसानी के मामले में दूसरे स्थान पर है। समावेशी, सतत और संतुलित विकास के लक्ष्य को बढ़ावा देने वाली नीतियों के साथ, राज्य का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में 1 खरब डॉलर का लक्ष्य हासिल करना है। पिछले साल उत्तर प्रदेश सरकार ने इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड (आईईएमएल), ग्रेटर नोएडा के साथ मिलकर "यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस)" के पहले संस्करण का आयोजन करने की पहल की थी। शो का दूसरा संस्करण 25 से 29 सितंबर, 2024 तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित होने वाला है। यू.पी.आई.टी.एस. एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसका उद्देश्य उद्योग जगत के नेताओं, व्यवसायों और विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवरों को एक वैश्विक मंच पर लाना है। यह मेला विनिर्माण, प्रौद्योगिकी, कृषि, वस्त्र, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन और बहुत कुछ सहित उद्योगों की एक विविध श्रृंखला का प्रतिनिधित्व करेगा। यूपीआईटीएस कंपनियों को अपने उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करने, संभावित भागीदारों के साथ नेटवर्क बनाने और क्षेत्र में व्यापार के बी2बी और बी2सी अवसरों का पता लगाने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

उत्तर प्रदेश के खेल, युवा मामले, एमएसएमई, खादी और ग्रामोद्योग, हथकरघा और कपड़ा विभागों के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने यूपीआईटीएस-2024 के दूसरे संस्करण की तैयारी और कार्य योजना की समीक्षा करने के लिए इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट का दौरा किया और इसे बड़ा और बेहतर बनाने के लिए कहा। अगले संस्करण समीक्षा बैठक में गौतम बुद्ध नगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार और इंडिया एक्सपो सेंटर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुदीप सरकार ने भी भाग लिया।



आलोक कुमार ने समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश को कई छोटे देशों के आकार से भी कम जाना जाता है, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में इसकी क्षमता को यूपीआईटीएस के माध्यम से वैश्विक मंच पर पेश किया जाए। यह प्रतिभागियों के लिए उत्तर प्रदेश को एक अंतरराष्ट्रीय सोर्सिंग हब के रूप में प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट अवसर है। इसके अलावा, हमें इसे खरीदारों के लिए एक अनिवार्य कार्यक्रम के रूप में स्थापित करना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम का विस्तार करने के लिए भागीदार राज्यों को आमंत्रित करने जैसे कई नवीन विचारों पर भी चर्चा की। उन्होंने उत्पाद ओडीओपी, जीआई टैग और अन्य योजनाओं को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने आगामी शो के लिए चल रही तैयारियों को साझा किया और आश्वासन दिया कि यूपीआईटीएस को सफल बनाने और दर्शकों पर स्थायी प्रभाव डालने और इसे अंतर्राष्ट्रीय मानक के एक स्वदेशी सोर्सिंग मेले के रूप में स्थापित करने के लिए सभी सुझावों पर काम किया जाएगा। डॉ. कुमार ने आगे बताया कि मेले के आंकड़ों और निष्कर्षों के विश्लेषण में तीसरे पक्ष को शामिल किया जाएगा। उत्पन्न वास्तविक व्यवसाय आयोजन की विश्वसनीयता को बढ़ाएगा जो भविष्य की रणनीतियों को परिभाषित करने में मदद करेगा। उन्होंने आगे कहा कि यूपीआईटीएस में एमएसएमई, पर्यटन और आतिथ्य, स्वास्थ्य, कपड़ा, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, स्टार्ट-अप, उत्तर प्रदेश से जीआई टैग, उत्तर प्रदेश के खिलौना संघ और शिल्प समूह, हथकरघा और कपड़ा, सूक्ष्म और लघु उद्यम समूह विकास, ओडीओपी और कई अन्य सहित विभिन्न प्रकार के व्यावसायिक क्षेत्र शामिल होंगे।

डीएम मनीष कुमार वर्मा ने यूपीआईटीएस के लिए एक व्यापक प्रचार अभियान का प्रस्ताव रखा, जिसका उद्देश्य पिछले संस्करण की उपस्थिति और सफलता को पार करना है। उन्होंने आगे कहा, "हम व्यापक दर्शकों को आकर्षित करने के लिए दिल्ली क्षेत्र में अपने प्रचार प्रयासों को बढ़ाने की भी योजना बना रहे हैं।"

इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुदीप सरकार ने बताया कि यूपीआईटीएस 2024 को आक्रामक रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों में रोड शो, रणनीतिक बैठकें, अधिकतम पहुंच और विभिन्न माध्यमों के माध्यम से जुड़ाव जैसी प्रचार गतिविधियों द्वारा आगामी व्यापार शो के बारे में सूचित किया जाएगा। नियोजित रोड शो संभावित प्रदर्शकों और उपस्थित लोगों के साथ सीधे संवाद बैठाने के लिए महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करेंगे, साथ ही यूपीआईटीएस द्वारा प्रदान किए जाने वाले अनूठे अवसरों को उजागर करेंगे। यह ठोस प्रयास यूपीआईटीएस 2024 को एक शानदार सफलता बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार और उसके भागीदारों की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यूपीआईटीएस 2024 एक ऐतिहासिक आयोजन होगा जो उत्तर प्रदेश को न केवल एक सांस्कृतिक और आर्थिक शक्ति के रूप में, बल्कि वैश्विक व्यापारिक समुदाय के लिए महत्वपूर्ण गंतव्य के रूप में प्रदर्शित करेगा।

इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट ग्रेटर नोएडा में भारत की शीर्ष 4 सबसे बड़ी एकीकृत प्रदर्शनियों और सम्मेलन स्थलों में से एक है, जो 58 एकड़ भूमि में फैला हुआ है, जिसमें 2,34,453.29 वर्ग मीटर क्षेत्र का एक निर्माण परिसर है, जो प्रदर्शनी और सम्मेलन सुविधाओं के साथ व्यापार बाजार के संयोजन की पेशकश करता है। कंपनी के पास प्रदर्शनियों और व्यापार मेलों के प्रबंधन और संगठन में लगभग 15 वर्षों का परिचालन अनुभव है। आयोजन स्थल में 14 बहुउद्देशीय हॉल, 134 कमरों वाला गेस्ट हाउस, लाउंज, एक विशाल खुले क्षेत्र में गहन पार्किंग और आधुनिक सुरक्षा और सुरक्षा सुविधाएं हैं।

सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध

### प्रधानमंत्री मोदी के मुकाबले इण्डिया महागठबंधन प्रत्याशी अजय राय ने आज भारी भीड़ साथ नामांकन किया

## लोकतंत्र बचाने के लिए इण्डिया महागठबंधन चुनाव लड रहा है

शशि भूषण दुबे कंचनीय/दैनिक समाज जागरण।

लखनऊ/वाराणसी वाराणसी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस इण्डिया महागठबंधन प्रत्याशी पूर्व मंत्री एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय के आज नामांकन किया गया जिसमें हजारों समर्थकों सहित मिजापुर के पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी पूर्व उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी, इलाहाबाद उत्तरी के पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह ने अजय राय प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के नामांकन में शामिल हुए। उक्त अवसर पर उतर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं सांसद प्रत्याशी अजय राय ने कहा कि एक तरफ नफरत का माहौल बना कर वोट मांगने की कोशिश की जा रही है वहीं दूसरी तरफ हम इण्डिया महागठबंधन प्रत्याशी लोकतंत्र बचाने के लिए वोट मांग रहे हैं इसलिए नफरत एवं धर्म पर आधारित लोग से उपर उठकर हम धर्म निरपेक्ष लोग सर्वधर्म समभाव एवं लोकतंत्र बचाने के लिए चुनाव मैदान में हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने कहा है कि इंडिया गठबंधन प्रत्याशी श्री राय जिस तरह वाराणसी में वह चौबीस घंटे तक जनसेवा मे सदा समर्पित भाव से जुटे रहते हैं ऐसे ब्यक्ति को भारी मतों से जितवा कर संसद में प्रतिनिधित्व के लिए भेजना इस समय की पुकार है। श्री चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार इस बार इण्डिया महागठबंधन के नेतृत्व में भारी बहुमत से बनने जा रही है इसलिए वाराणसी सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी को जिताकर भेजिए जिससे केन्द्र सरकार में वाराणसी के सांसद का प्रतिनिधित्व हो सके। इलाहाबाद उत्तरी के पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह ने कहा कि देश की जनता इण्डिया महागठबंधन की सरकार बनाने के लिए आतुर है क्योंकि बढ़ती मंहगाई बेरोजगारी एवं गिरते अर्थ ब्यवस्था से आम जनता एवं शिक्षित बेरोजगार त्रस्त हो चुकें हैं। उक्त अवसर पर मिजार्पुर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री शिवशंकर चौबे जिला पंचायत सदस्य. श्री मिन्हाज खान उर्फ छोटे खान जिला मिडिया प्रभारी , जिला कांग्रेस कमेटी, सचिव श्री सतीश शर्मा उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग प्रदेश महासचिव ईश्तयाक अंसारी, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष . ई0 कृष्ण गोपाल चौधरी जिला पंचायत सदस्य. आशीष रावत प्रदेश सचिव कांग्रेस एससी विभाग.जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव श्याम धर उपाध्याय जिला उपाध्यक्ष.कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अनुज मिश्रा के साथ शामिल हुए . नामांकन में हजारों हजारों की संख्या में शामिल होकर अजय राय के समर्थन का विश्वास दिलाया। वहीं मिजार्पुर जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष राजधर दूबे अपने सहयोगियों साथ एवं जिला कांग्रेस कमेटी सचिव संतोष कुमार यादव ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया।



## थाना कछवां पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने का आरोपी बाल अपचारी लिया गया– हिरासत में

शशि भूषण दुबे कंचनीय/ दैनिक समाज जागरण।

मिजार्पुर । थाना कछवां, जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 06.05.2024 को कछवां क्षेत्रांतर्गत निवासी एक व्यक्ति द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई । जिसके आधार पर थाना कछवां पर मु0अ0सं0-43/2024 धारा 363,366 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई ।

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनन्दन द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने व अपहता की सकुशल बरामदगी हेतु थाना प्रभारी कछवां को निर्देश दिए गए । उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कछवां पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग की विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में दिनांकः 09.05.2024 को उप निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना कछवां क्षेत्र से सम्बन्धित नफर बाल अपचारी को अंतर्गत धारा 363,366 भादवि में हिरासत में लेते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय/जेल/किशोर सुधार गृह भेजा गया ।

### थाना मड़िहान पुलिस द्वारा एक नफर वारण्टी गिरफ्तार –

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "अभिनन्दन" द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने एवं जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मड़िहान पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार किया गया । आज दिनांकः 10.05.2024 को थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा वारण्टी संकठा पुत्र सुख्खू निवासी गोपालपुर थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया ।

थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा अवैध तमंचा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

मिजार्पुर ।पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "अभिनन्दन" द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 तथा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही व अवैध असलहा/शस्त्रों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है ।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः 10.05.2024 को प्रभारी निरीक्षक राणा प्रताप यादव मय पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमणशील थीं कि इस दौरान थाना क्षेत्र से संदिग्ध व्यक्ति साहिल पुत्र मनौव्वर निवासी सुन्दर का पुरा थाना को0देहात जनपद मीरजापुर को एक अदद नाजायज 315 बोर देशी तमंचा व 01 अदद जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना को0देहात पर मु0अ0सं0-116/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय जेल भेजा गया ।

## दीवानी न्यायालय में 13 जुलाई, को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा

शशि भूषण दुबे कंचनीय/दैनिक समाज जागरण।

मीरजापुर- नवागत सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / अपर जनपद न्यायाधीश श्री विनय आर्या ने बताया कि दिनांक 13 जुलाई, 2024 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से दीवानी न्यायालय परिसर में माननीय मुख्य न्यायाधिपति सर्वोच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर की अध्यक्षता में किया जायेगा। उन्होने यह भी बताया कि दिनांक- 13 जुलाई 2024 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर, परिवार न्यायालय, मोटर वाहन दुर्घटना अधिकरण न्यायालय, बाह्य न्यायालय चुनार, बाह्य न्यायालय मड़िहान एवं सभी चारो तहसीलों के प्रागंण में आयोजित किया जायेगा।उन्होने राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए समस्त न्यायिक अधिकारीगण, राजस्व विभागों के समस्त प्रशासनिक अधिकारीगण (नोडल) एवं बैंको के वरिष्ठ अधिकारीगणों की बैठके आहूत करने और राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार कराने का निर्देश दिये और प्रशासन के समस्त विभागो के अधिकारीगण / नोडल अधिकारीगण से अपेक्षा करते है कि विभागों में लम्बित मुकदमों के अतिरिक्त प्री-लिटिगेशन मामलों / प्रकरणों को तथा बैंक ऋण प्री-लिटिगेशन मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण कराना सुनिश्चित करेंगे। यह भी बताया कि विशेष तौर पर इस राष्ट्रीय लोक अदालत में आर्बीट्रेशन के लम्बित मुकदमों / मामलें, पारिवारिक / वैवाहिक मुकदमों, सिविल/बटवारा के मुकदमों व चेक बाउन्स के मुकदमों व लघु आपराधिक मुकदमों एवं ई-चालानी मुकदमों को सुलह-समझौते के आधार पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में निस्तारण कराने एवं वादकारियों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने का प्रयास है। नवागत सचिव/अपर जनपद न्यायाधीश डीएलएसए श्री विनय आर्या ने जनपद के समस्त अधिवक्तागण एवं वादकारियों से अनुरोध करते हुए कहा कि दिनांक 13 जुलाई, 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मुकदमो, ई-चालानो का निस्तारण करावें। साथ ही यह भी बताया कि ऐसे विवाद /मामलें/पति-पत्नी के विवाद जो अभी तक न्यायालय में दाखिल नहीं हुये है जैसेः- बैंक ऋण वसूली (एन.पी.ए. खाता), अन्य विभागों के प्रकरण एवं वैवाहिक प्री-लिटीगेशन स्तर के सभी मामलों को निस्तारित कराये जाने का प्रयास किया जायेगा। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर के कार्यालय में स्थापित फन्ट आफिस पर किसी भी कार्य दिवस में पक्षकार स्वयं व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।



# साप्ताहिक बाजार के जाम में फसी एम्बुलेंस, एंबुलेंस में मरीज और परिवार जन थे परेशान बहुत देर तक नहीं खुला जाम

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत जलालाबाद पंचायत घर से पेट्रोल डिपो की और आदर्श नगर, लालूवाला, जाने वाले रास्ते पर हर बृहस्पतिवार को एक बाजार लगता है जो की सड़क के किनारे बैठने वाले दुकानदार भारी संख्या में सब्जियां फल फ्रूट लगाकर रास्ते को बाधित करते हैं जबकि वहां लगातार ट्रैक्टर,छोटा हाथी,चार पहिया वाहन, दो पहिया वाहन लगातार चलते रहते हैं जिससे रोड के किनारे दुकानदारों पर लगी लोगों की भारी भीड़ और चार पहिया वाहन के बीच कोई फैसला नहीं रहता बाजार में महिलाओं का काफी आना-जाना रहता है जो कि ज्यादातर महिलाएं अपने बच्चों के साथ आती हैं जिससे चार पहिया वाहनो की वजह से किसी अनहोनी का खतरा बना रहता है बाजार में लग रहे जाम से वहां रहने वाले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है जब लोगों से जाम के बारे में मालूमात की तो लोगों ने कहा



शासन प्रशासन को रास्ते में से हटा कर यह बाजार कहीं और शिफ्ट कर देना चाहिए

जबकि 4 दिन पहले ही नजीबाबाद नगर पालिका व पुलिस बल द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान का आगाज हुआ था जबकि एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाओ दूसरी तरफ अतिक्रमण पर ध्यान ना दे कर आदेशो का उल्लंघन किया जा रहा है स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां पर जाम लगने से हम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है वहीं दूसरी तरफ रेलवे लाइन के पास दीवार बनने से महिलाएं बच्चे बुजुर्ग सभी लोग दीवार फाँदकर दुर्घटना को दावत देते हुए एक तरफ से दूसरी तरफ जाते हैं आला अधिकारियों को यह मामला संज्ञान में लेने की जरूरत है जिससै वक्त बे वक्त दुर्घटना ना घट सके ऐसा ही मामला एक सामने आया है जहां जाम लगने से लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है वहीं दूसरी तरफ देखें तो अचानक बाजार के रास्ते से निकल रही एंबुलेंस जाम के चलते वहीं पर फंस गई लोगों की भारी भीड़ की वजह से एंबुलेंस बहुत देर तक जाम में ही फंसी रही लोगों का कहना है कि हर बृहस्पतिवार को यहां पर इसी तरह से रोड बाधित रहता है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है लोगों ने शासन प्रशासन से अनुरोध किया है कि यहां की जाम की व्यवस्था दुरुस्त की जाए और रास्ता खुला हो जाए जिससे आने-जाने वाले वाहनों को व आमजन को परेशानी का सामना न करना पड़े देखते हैं कि आला अधिकारी इस मामले मे क्या संज्ञान लेते हैं

# अल नजीब मंडी समिति शाखा प्रबंधक सय्यद आजम अली के शाखा भनेडा स्थानांतरण होने पर स्टाफ ने भावभीनी विदाई दी गई

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। अल नजीब मिल्ली मिचुवल बैनेफिट निधि लिमिटेड नजीबाबाद मंडी समिति शाखा प्रबंधक सय्यद आजम अली के शाखा भनेडा स्थानांतरण होने पर स्टाफ की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। मैनेजिंग डायरेक्टर काजी गय्यूरूल हक बिलाल ने शॉल ओढाकर व उपहार देकर शाखा प्रबंधक सय्यद आजम अली को शाखा भनेडा के लिए विदा किया। सब्नीग्रान शाखा से स्थानांतरण होकर आये मास्टर नसीम अहमद अंसारी ने शाखा मंडी समिति का चार्ज लिया।

कोटद्वार रोड़ स्थित शाखा मंडी समाति शाखा में आयोजित एक कार्यक्रम में स्टाफ की ओर से मंडी समिति शाखा प्रबंधक सय्यद आजम अली के शाखा भनेडा स्थानांतरण होने पर भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर मौजूद मैनेजिंग डायरेक्टर काजी गय्यूरूल हक बिलाल और शाखा स्टाफ द्वारा उन्हे शॉल ओढाकर व उपहार देकर उन की खुश अखलाकी, खुश मिजाजी. और स्टाफ और खातेदारे से मधुर संबंध और व्यवहार के लिए उनके कार्यकाल को याद करते हुए गिफ्ट देकर भावभीनी विदाई दी।

इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर काजी गय्यूरूल हक बिलाल ने कहा कि मेरे सय्यद आजम अली मेरे भाई जैसे साथी ने हमेशा इदारे की खिदमत, मेहनत और ईमानदारी से कर इदारे



की तरक्की के लिए हमेशा काम किया। इनके कार्यकाल में शाखा मंडी समिति ने तरक्की की है वही शाखा के हर छोटे बडे कर्मचारियो को साथ लेकर यूनिटी के साथ काम को अंजाम दिया है। उम्मीद करता हूँ कि ये शाखा भनेडा में भी इसी प्रकार कार्य को अंजाम देकर इदारे को मजबूती देने का काम करेंगे। मैं इन के उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस मौके पर मौजूद पूर्व पर्सनल सैक्शन इंचार्ज जमील अहमद ने कहा कि सय्यद आजम अली के कार्यकाल में खातेदारो को बहुत बढिया सुविधा उनके द्वारा प्रदान की गई। तथा उन का मधुर स्वभाव ने शाखा के कारोबार को आगे बढावा। पूर्व सीनियर मैनेजर शफीउल्ला खां ने कहा कि शाखा मंडी समिति से भनेडा शाखा स्थानांतरण होकर जा रहे सय्यद आजम अली बेहद ईमानदार, कर्तव्य निष्ठ काम के प्रति बेहद जिम्मेदार है। वही सब्नीग्रान शाखा से शाखा मंडी समिति आये सीनियर मैनेजर मास्टर नसीम अहमद अंसारी बेहद तजुबेर्कार मैनेजर है। इन का अब तक सभी शाखाओ में कार्य काबिल ए तारीफ रहा। स्टाफ के साथ भी इनका व्यवहार हमेशा दोस्ताना रहा है।

अपने संबोधन में शाखा मंडी समिति से भनेडा शाखा स्थानांतरण हुए सय्यद आजम अली ने कहा कि इस शाखा मंडी समिति स्टाफ से अपने कार्यकाल में जो मुझे प्यार, इज्जत और अपना पन मिला वो मेरी जिन्दगी की अनमोल धरोहर के रूप में हमेशा मेरी जिन्दगी में मेरे पास रहेगी। शाखा के समस्त कर्मचारियों ने मुझे बेहद मान सम्मान दिया।

इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर काजी गय्यूरूल हक बिलाल, नये शाखा प्रबंधक मास्टर नसीम अंसारी, पूर्व पर्सनल सैक्सन इंचार्ज जमील अहमद, पूर्व सीनियर मैनेजर शफीउल्ला खां, आजम अली, सय्यद फिरासत हुसैन, शादाब जफर, शहजाद नोमनी, मौहम्मद कासिम, मजाहिर नसीम,मौहम्मद इकराम,नसीम उस्मानी, सरफराज अहमद,मरगूब अली,नईमुद्दीन, मौहम्मद इमरान आदि लोग मौजूद रहे।

## दिव्यांगजनों के लिए जिला बिजनौर मे एक निःशुल्क विशेष कोचिंग संस्थान संचालित किया जाएगा

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी**

बिजनौर 10 मई,2024 जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, बिजनौर द्वारा जिले के इण्टर पास एवं इण्टर से अधिक शिक्षित दिव्यांगजन जो सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे है या करना चाहते है। ऐसे इच्छुक दिव्यांगजनों के लिए जिला बिजनौर में एक निःशुल्क विशेष कोचिंग संस्थान संचालित किया जायेगा। जिसमें निःशुल्क हॉस्टल, भोजन एवं कोचिंग कक्षाओं के लिये योग्य अध्यापकों की व्यवस्था होगी। यह विशेष कोचिंग संस्थान शत-प्रतिशत परिणाम लक्ष्य पर कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि जो दिव्यांगजन इस सुविधा का लाभ लेना चाहते है, जिले के ऐसे इच्छुक दिव्यांगजन अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों सहित, दिनांक 25 मई,2024 तक कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी बिजनौर, विकास भवन में आकर अपना पंजीकरण करायें ।

## किसान के घेर में बंधी गोवंश को गुलदार ने बनाया अपना निवाला

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। क्षेत्र के गांव भागीजोत में बीती रात गुलदार ने एक किसान के घेर में बंधी गोवंश को उठाकर आम के बाग में लेकर अपना शिकार बना लिया। जब सुबह आरएलडी नेता अपने आम के बाग में पहुंचे तो पेड़ पर गोवंश को मृत अवस्था में लटका हुआ पाया। लगातार आबादी में गुलदार दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत है। गौरतलब है कि बीती रात गांव भागीजोत निवासी जुबेर अहमद पुत्र छिददा के घेर में एक बछिया बंधी हुई



थी। बृहस्पतिवार की देर रात्रि को किसी समय गुलदार ने उसके घेर में बंधी बछिया पर हमला कर उसे अपने साथ उठाकर आम के बाग में ले जाकर निवाला बनाकर मार डाला। इस दौरान आरएलडी नेता पूर्व सभासद खलील अहमद उर्फ पप्पू पठान ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके आम के बाग में जब सुबह उनके भाई अतीक पठान पहुंचे तो उन्होंने देखा वहां पर गुलदार के चिल्लाने की आवाज सुनाई दे रहे थी। वहां आसपास देखे तो आम के पेड़ पर एक मृत अवस्था में गोवंश लटका हुआ दिखाई दिया तो वह उसे छोड़कर वहां से हट गए। ग्रामीण को घटना की जानकारी दी। ग्रामीण जुबेर अहमद,आदिल, सुलेमान,आरिफ,असलीम ठेकेदार,राम अवतार, छोटे सिंह तथा चेतन सिंह आदि ने बताया कि गुलदार लगातार आबादी के बीच में दिखाई दे रहा है। उन्होंने कई बार वन विभाग को इसकी सूचना दी लेकिन वन विभाग द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने वन विभाग से गुलदार को पकड़कर जंगल में छुड़वाने की मांग की है। उधर इस संबंध में वन विभाग के वन दरोगा सुनील कुमार राजौरा ने गुलदार से ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी एक टीम भेजकर शीघ्र ही गांव में एक पिंजरा लगाया जाएगा और गुलदार को पकड़कर जंगल में छोड़ा जाएगा।

# किसान के खेत में गुलदार का शव मिलने से मचा हड़कंप

**अफजलगढ जान जोखिम में डालकर खेत में घुसा ग्रामीण ने मृत मादा गुलदार के शव को कंधे पर लाकर बाहर निकाला।**

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**
**शमीम अहमद सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। कोतवाली क्षेत्र के गांव जामनवाला में किसान के खेत में गुलदार का शव मिलने से हड़कंप मच गया। वही एक नौजवान ग्रामीण का खेत से मृत मादा गुलदार को अपने कंधे पर उठाते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जबकि ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वहीं लोग अपने खेतों में जाने से डर रहे हैं। हालांकि गुलदार की मौत किस वजह से हई है,वन विभाग इसकी जांच में जुटा है। शुक्रवार को सुबह थाना क्षेत्र के गांव जामनवाला के जंगल में सेंट मैरी स्कूल के पीछे नहर किनारे गांव जमानवाला निवासी किसान रणधीर सिंह पुत्र मेहन्त सिंह के खेत में ग्रामीणो को एक गुलदार का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों ने आसपास के



लोगों को घटना के संबंध में सूचित किया जिसके बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। इस दौरान गांव जामनवाला निवासी ग्रामीण जगतार सिंह ने बहादुरी दिखाते हुए मृत गुलदार मादा को अपने कंधे पर उठा लिया और उसे खेत के बाहर वन विभाग टीम की मौजूदगी में बाहर निकाल लिया और किसी ग्रामीण ने मृत मादा गुलदार को कंधे पर उठाते हुए ग्रामीण का वीडियो अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिया जो कुछ घंटों बाद वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वहीं सूचना पर वन दरोगा सुनील राजौरा वन विभाग की टीम को साथ लेकर मौके पर पहुंची और गुलदार के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। वहीं गुलदार का शव मिलने से ग्रामीणों ने दहशत का माहौल है। उधर वन दरोगा सुनील राजौरा का कहना है कि मृत मादा गुलदार की उम्र लगभग डेढ़ से दो वर्ष के बीच है। मादा गुलदार का पोस्टमार्टम होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। हालांकि उसकी मौत किस वजह से हुई है, यह पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। बता दें कि पिछले कुछ समय से क्षेत्र में गुलदार की गतिविधियां बढ़ी हैं। जंगलों से निकलकर गुलदार आबादी क्षेत्रों का रुख कर रहे है। ऐसे में जहां किसानों की फसल कटाई का वक्त है और वे अपने खेतों में जाने को लेकर दहशत में हैं। वहीं छोटे बच्चों की सुरक्षा का भी इनसे खतरा है।

बॉक्स में लगे आखिर ऐसा क्या हुआ की जानवर चाहे गुलदार हो हिरण हो माया हो आबादी क्षेत्र में आ रहे हैं जंगल में पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं है नहीं है तो वन विभाग इस और ध्यान क्यों नहीं देता है या गुलदार का भोजन समाप्त हो गया है इस वजह से गुलदार आबादी क्षेत्र क्या रोक कर रहे हैं जिसे गंभीर है सूचना वन विभाग को है

## जल्द बनेगा ललुआ नगला में विद्युत उपकेंद्र

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली बदायूं। तहसील क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों ने बिजली की समस्या को लेकर एसडीएम कल्पना जायसवाल से मिलकर समस्या के निदान की गुहार लगाई। तहसील क्षेत्र के ग्राम भरतपुर, दौलतपुर, मुसिया नगला, यादपुर, बीघा नगला, ललुआ नगला आदि के ग्रामीणों ने बिजली की लो वोल्टेज की समस्या से परेशान होकर उपजिलाधिकारी से



मिलकर ग्रामीणों ने बताया कि सभी गांव के ग्रामीण लो वोल्टेज की समस्या से बहुत परेशान है। क्योंकि लो वोल्टेज होने की वजह से फसल भी सूख रही है। क्योंकि बिजलीघर 22 किलोमीटर दूर है जिसकी वजह से लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। उपजिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को बुलाकर ग्रामीणों से वार्ता की। इसके बाद सभी ग्रामीणों को दिसंबर में टेंडर हो जाने के बाद नया बिजलीघर बनवाने के साथ लो वोल्टेज की समस्या का जल्द निस्तारण करने का भी आश्वासन दिया गया है। इस दौरान तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला, अधिशासी अभियंता रामलाल, आनंद शर्मा, अमर सिंह, विनोद कुमार, प्रदीप कुमार, अफजल हुसैन, गिरीश सिंह, योगेंद्र सिंह, चंद्रभान सिंह, मुकेश सिंह, देवेंद्र चौहान, राहुल पटेल, तेजवीर सिंह, राजवीर सिंह, शिव कुमार सिंह, ओमेंद्र सिंह, सौरभ भदोरिया, मंजू कुमार सिंह, अवधेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## एसडीएम कल्पना जायसवाल ने शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली बदायूं। एसडीएम कल्पना जायसवाल ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में जनसमस्याएं सुनीं। उन्होंने अधीनस्थों को शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस्लामनगर निवासी अल्ला रक्खी पत्नी हनीफ का आरोप लेखपाल द्वारा उनकी जमीन का फर्जी आकार पत्र बनाने के संबंध में था। उन्होंने तुरंत चकबंदी अधिकारी को लिखकर समस्या के निदान का निर्देश दिया। दिव्याग रामकौर पत्नी



जयशंकर कश्यप की शिकायत प्रधानमंत्री आवास बनाने के संबंध में थी। रामकौर का आरोप है कि सचिव उनसे रूपयों की मांग कर रहा है। एसडीएम ने तुरंत खंड विकास अधिकारी इस्लामनगर को समस्या का तुरंत निस्तारण करने की निर्देश दिए। इस दौरान नायब तहसीलदार अच्छन खान, स्टैनो जहीर आलम, कुलदीप पारासरी, बंटी, हरबिलास आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया संविलियन विद्यालय का निरीक्षण

## बच्चों की कम उपस्थिति मिलने पर डीएम ने व्यक्त की नाराजगी

**आई एम खान/**
**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूँ। जिलाधिकारी मनोज कुमार ने शुक्रवार को संविलियन विद्यालय नंबर 7 नगर क्षेत्र ककराला का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां साफ सफाई, शिक्षा, मिड डे मील आदि व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया। बच्चों की उपस्थिति कम मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधानाध्यापक को शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बच्चों का उत्साहवर्धन किया। मिड डे मील को चखकर देखा व बच्चों को नैतिक शिक्षा व अच्छे संस्कार देने को कहा। उन्होंने निरीक्षण के दौरान उपस्थित बच्चों से विज्ञान, गणित आदि विषयों पर प्रश्न पूछे जिनका सही उत्तर मिलने पर डीएम ने बच्चों का उत्साहवर्धन भी किया। जिलाधिकारी ने बच्चों से कहा कि वह मन लगाकर अध्ययन करें। माता-पिता व गुरुजनों व बड़ों का आदर करें। नियमित रूप से पठन-पाठन करें। साफ-सफाई का



विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि आप में से ही भविष्य में कोई डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस व आईपीएस आदि बनकर जनपद व प्रदेश का नाम रोशन करेगा। जिलाधिकारी को निरीक्षण के दौरान पंजीकृत 79 बच्चों के सापेक्ष मात्र 44 बच्चे ही मिलने पर प्रधानाध्यापक से कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भोजन की गुणवत्ता परखने के लिए उन्होंने मिड डे मील को भी चखा। उन्होंने कहा कि मैन्यु के अनुसार ही मिड डे मील बच्चों को उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने बच्चों की नैतिक शिक्षा पर भी जोर देते हुए अच्छे संस्कार देने को कहा। उन्होंने कहा कि बच्चे पूर्ण यूनिफार्म में ही विद्यालय आएं। इस अवसर पर अध्यापक, विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

## डीईओ ने किया स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण

आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो

बदायूँ। जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने शुक्रवार को मंडी समिति में संबंधित



अधिकारियों के साथ स्ट्रांग रूम आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीवी के माध्यम से की जा रही निगरानी सहित अन्य व्यवस्थाओं को भी परखा। इस अवसर पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बाल विवाह रोकथाम हेतु संदेश वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

जनपद बलरामपुर अक्षय तृतीया के अवसर पर महिला कल्याण विभाग एवं रोजा संस्थान बलरामपुर के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह रोकथाम हेतु जन जागरूकता संदेश वाहन को जागरूकता पैदा करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी श्री संजीव कुमार मौर्या के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिसके माध्यम से जनपद बलरामपुर को बाल विवाह मुक्त करने का संदेश दिया गया , संदेश वाहन के द्वारा जनपद बलरामपुर में जन मानस को बाल विवाह



न करने तथा बाल विवाह होने पर 1098, 112 हेल्पलाइन नंबर पर सूचना देने हेतु अपील किया गया इसी क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा अक्षय तृतीया पर बाल विवाह न करने का अपील किया गया और बताया गया की ये संदेश वाहन विकास भवन से निकलकर जनपद बलरामपुर के प्रमुख जगहों पर होते हुए आसपास के क्षेत्र में बाल विवाह रोकथाम पर संदेश देगा साथ ही विधि सह परिवीक्षा अधिकारी श्री प्रदीप द्विवेदी द्वारा बताया गया की बलरामपुर को बाल विवाह मुक्त कराने में जन मानस को जागरूक होना अनिवार्य है। इसी क्रम में रोजा संस्थान के प्रोग्राम इंप्लीमेंटेशन एक्सपर्ट अर्पित श्रीवास्तव द्वारा बाल विवाह रोकथाम और बाल संरक्षण को मजबूत आधार देने में ये संदेश वाहन काम करेगा। उपरोक्त कार्यक्रम ,सुनील, बद्री विशाल, ललित, इरफान अन्य लोग मौजूद रहे।

## सरकार बदलें, अन्याय और झूठ के खिलाफ खड़े हो जाएं - प्रियंका गांधी

नसीराबाद,रायबरेली। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी ने शुक्रवार 10 मई को सलोन विधानसभा क्षेत्र का सघन दौरा किया। सूची, मटका, कमालगंज, सलोन, परशदे पुर, डीह, नगर पंचायत नसीराबाद, चौराहा परैया नमक सार में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झूठे वादों के बल पर जीत हासिल करने वाली भाजपा प्रत्याशी को अमेठी का हर नागरिक जवाब देने के लिए तैयार है।
भारी जनसैलाब को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी जी कहते हैं कि अगर
कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी तो जिसके पास दो भैस है, उसमें से एक भैंस चुरा ले गी।तुम्ही लोग बताओ कि हमारा खानदान चोर है।पूरा का पूरा परिवार देश के लिए शहीद हो गया।धर्म के नाम पर वैमनस्यता फैलायी जा रही है। गांव की महिलाएं हमारे पिता भारत के प्रधान मंत्री राजीव गांधी जी को डांटती थीं। भाजपा के नेता अहंकारी हो गए हैं। पशु पूरा खेत चरे जा रहे हैं।सारी रात खेत की रखवाली करना पड़ता है।मोदी के सलाहकार डरपोक है। इन्दिरा जी के सलाह कार सही सलाह देते थे। प्रधानमंत्री कायर है। जनता को जबाब देना चाहिए।नेता इतना अहंकारी हो गया है कि चुनाव के समय दो दो मुख्य मंत्री जेल में कर दिया है।जो तंग करता है वह सबसे बड़ा कायर है।आज जनता महंगाई, बेरोजगारी से जूझ रही है। जनता की गाढ़ी कमाई का धन बड़े बड़े खरबपति मित्रों को दे दिए हैं।उनका 16 लाख करोड माफ कर दिये है। भाजपा ने 10सालो में क्या किया है। कांग्रेस ने आईआईटी,बन्दर गाह, सड़कें, अस्पताल, पावर हाउस बनाए।बहुत सी नौकरियां दीं। मोदी सरकार के पास खरबपति मित्रों को देने के लिए पैसा है।मगर किसानों के लिए नहीं है।70करोड लोग क्यों बेरोजगार हैं। गांव गांव हम अपने माता-पिता के साथ जाते थे।काम के नाम पर वोट मांगते थे।आज दुरदुरिया करके औरतों से कसम खिला कर भाजपा के लिए वोट मांगा जाता है। अब समय आ गया है कि आप सब देश के बिगड़ रहे नेताओं को सही करो। आपको वोट देने के लिए प्रजा तन्त्र में बहुत बड़ी शक्ति मिली है।जो आपके लिए काम करके दिखाये, उसके पक्ष में वोट डालो। इस अवसर पर अर्जुन पासी,शोभनाथ कोरी, त्रियुगीनारायण तिवारी, मौलाना इस्लाम नदवी, सुरेश निर्मल, रजवाड़ी प्रसाद पासी, तुलसीराम पासी, अरविन्द मौर्य,पुत्तन सिंह यादव, मीसम नकवी, विष्णु कांत मिश्र, अशोक श्रीवास्तव, अनुराग द्विवेदी, तौहीद अहमद, प्रदीप तिवारी, शिवम तिवारी,गौरव श्रीवास्तव, सत्य देव पासी, उषाकांत पांडेय आदि मौजूद रहे।

## स्वाद बन गई मौत शुभांक श्रीवास्तव (लोकपाल)मनरेगाश्रावस्ती

जनपद श्रावस्ती जिसे हम स्वाद कहते हैं वह है उन बोलने या मुक जानवर जैसे बकरे का, गाय का ,बैल का ,भैंस का ,मुर्गी का ,हिरण का, तीतर का या फिर हो छोटीं मछली या बड़ी मछली न जाने कितने बल्कि अनंत स्वाद है !मौत के बाद क्योंकि मौत किसी और की और स्वाद किसी और का....... हम अपने क्षणिक स्वाद के खातिर कितने बेजुबान जानवरों की हत्या कर देते हैं या तो फिर अपने मेहमानों की आवभगत के लिए कितनों की हत्या करवा कर उन्हें तरह-तरह के व्यंजनों में परिवर्तित करके उन मेहमानों की खातिरदारी में पेश करते हैं कुछ लोग



तो नाम देते हैं कि मैं जानवरों का पालन करता हू परंतु पालन के नाम पर भी बेजुबान जानवरों की हत्या करवाते हैं जैसे मुर्गी पालन, मछली पालन, बकरा पालन ,नाम तो सिर्फ पालन है और मकसद हत्या बनाम स्वाद का कारोबार जो हमारी आपकी तरह बोल नहीं सकते अपनी बात कह नहीं सकते तथा अपने सुरक्षा स्वयं करने में असमर्थ है तो वह हम क्या उन्हें पर अत्याचार कर सकते हैं कैसे माना जा सकता है कि उनमें भावनाएं नहीं होती है क्या उनका दर्द नहीं होता है या उनकी आहे नहीं निकलती है जैसे हमारे जैसे उनकी भी शरीर में जान है उन्हे भी दर्दऔर तरप कराह होता होगा ! क्या यही एक स्वाद है ?क्या यही भोजन है? इसलिए कभी सोचा आपने......? क्या मूक जानवर उसे परम पिता ईश्वर के द्वारा बनाए गए संतान नहीं है?

# दैनिक समाज जागरण में छपी खबर का असर, थाना सैफई पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

### 8 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, व कैबिनेट मंत्री मैनपुरी लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी ठाकुर जयवीर सिंह की सैफई के चुनाव कार्यालय में फाड़ी गयी थी होर्डिंग

**दैनिक समाज जागरण**

सैफई (इटावा) थाना सैफई से महज 300 मीटर दूर खोले गए जसवंत नगर रोड पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भारतीय जनता पार्टी के मैनपुरी लोकसभा प्रत्याशी व कैबिनेट मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह के चुनाव कार्यालय पर अराजकतत्वों ने कार्यालय में लगी होर्डिंग को फाड़ दिया था इस मामले को दैनिक जागरण द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था जिस पर कार्यवाही करते हुए थाना सैफई पुलिस ने धारा 295, 427 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। भारतीय जनता पार्टी सैफई के कार्यालय प्रभारी अवनीश कुमार जाटव ने बताया कि मैं नगला सुभान




की पोलिंग से शाम को कार्यालय पर आया था और रात को 9 बजे कार्यालय बंद करके अपने घर चला गया सुबह जब मैं कार्यालय में रखा हुआ सामान टेंट हाउस पर पहुंचने के लिए आया तो देखा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा कुछ अराजकतत्वों द्वारा फाड़कर गायब कर दिया गया था। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के मैनपुरी लोकसभा के प्रत्याशी कैबिनेट मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह का भी होर्डिंग भी फाड दिया। अवनीश जाटव ने बताया कि मेरे द्वारा लिखित शिकायत थाना सैफई में दी गई लेकिन थानाध्यक्ष ने मौके पर आकर जांच करना भी मुनासिब नही समझा। दैनिक समाज जागरण में खबर प्रकाशित होने के बाद थाना

दैनिक समाज जागरण हिंदी समाचार पत्र मे सभी प्रकार के विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

# अक्षय तृतीया पर ठाकुर बांकेबिहारी के चरण दर्शन को उमड़ी भीड.......

## -वर्ष भर में एक बार होते हैं ठाकुर बांके बिहारी लाल के चरण दर्शन

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट आदित्य प्रताप मथुरा**



मथुरा। वर्ष में एक बार अक्षय तृतीया पर बांके बिहारी मंदिर में होने वाले जन जन के आराध्य ठाकुर बांकेबिहारी महाराज के चरण दर्शनो के लिए आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। शुक्रवार को पट खुलने में साथ ही मंदिर परिसर बिहारीलाल के जयकारों से गूंज उठा। अपने आराध्य की एक झलक पाने को भक्त खासे लालायित दिखे। यह बताते चले की अक्षय तृतीया पर ही भक्तों को ठाकुर जी के चरण दर्शन सुलभ होते है। जिसे लेकर पहले ही श्रीधाम वृंदावन में हजारों भक्तों ने डेरा डाल लिया। सभी के दिलों में एक ही लालसा थी, की वह अपने आराध्य के चरण दर्शन के साथ दिन की शुरूआत करे। शुक्रवार सुबह जैसे ही मंदिर के पट खुले बड़ी संख्या में श्रद्धालु बांके बिहारी मंदिर पहुंच गए। जिसके चलते सम्पूर्ण मंदिर परिसर बांके बिहारीलाल के जयकारो से गुंजायमान हो उठा। मंदिर परिसर में पैर रखने तक की जगह नहीं रही। अद्भुद दर्शन और मनोहारी छटा में विराजित लाडले की एक झलक पाने के लिए भक्तो में होड़ सी लगी रही। सिर से पैर तक स्वर्ण श्रृंगार और चरणों में चंदन का लड्डू भक्तो को अपनी आकर्षित कर रहे थे। शाम को ठाकुर जी को शीतलता प्रदान करने के उद्देश्य से चंदन लेपन किया गया, तो एक बार फिर मंदिर में भक्तो का सैलाब उमड़ पड़ा। अपने आराध्य सर्वांग दर्शनो के लिए भक्त लालायित दिखाई दिए। बता दें कि वर्ष में एक ही दिन होने वाले चरण दर्शन और सर्वांग दर्शन का पुण्य अर्जित करने देश दुनिया से भक्त मौजूद वृंदावन धाम आए हैं। मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन बांके बिहारी जी के चरण दर्शन और सर्वांग दर्शन करने पर भक्तों पर विशेष कृपा बरसती है। यह पुण्य अवसर वर्ष में सिर्फ एक बार ही मिलता है। बांके बिहारी मंदिर के सेवायत शुभम गोस्वामी के अनुसार शाम को शयन भोग के समय 5:30 बजे से रात 9:30 बजे तक ठाकुर जी के चरण दर्शन होंगे। अक्षय तृतीया पर आने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से नगर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर है। वहीं देर शाम ही भारी वाहनों का आवागमन नगर में प्रतिबंधित कर दिया गया। अन्य मार्गों पर भी यातायात परिवर्तित किया गया है।

# सपा को दिलानी है भरथना से जीत की भारी लीड

## भरथना के सपा नेताओं ने लिया संकल्प, धुंआधार जनसंपर्क कर नेताओं ने मांगें बोट

**सुशील कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण इटावा**

भरथना/इटावा। लोकसभा के सम्पन्न चुनाव में इटावा सहित कई जनपदों की विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में आगामी 13 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक चौथे चरण का मतदान होना है,जिसको लेकर इटावा लोकसभा क्षेत्र में सपा और भाजपा सिर्फ इन दो दलों के प्रत्याशियों ने अपना अपना चुनाव प्रचार युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया है।

वहीं इटावा लोकसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी प्रत्याशी जितेन्द्र दोहरे के समर्थन में भरथना क्षेत्र के सपा नेताओं ने धुंआधार जनसंपर्क कर गांव गली और घर घर बोट मांगना शुरू कर दिया है।

सपा चुनाव कार्यालय के सूत्रों की मानें तो भरथना के सपा नेताओं ने सपा प्रत्याशी जितेन्द्र दोहरे को भरथना से जीत की बड़ी लीड दिलाने का संकल्प लिया है,जिसको लेकर लिए गुरुवार को सपा नेता नगर पालिका परिषद



के चेयरमैन अजय कुमार गुल्लू यादव ने अपनी टीम के साथ भरथना नगर के मोहल्ला नगला पूठ की मड़ैया,यादव नगर,केवट नगर,सोहम नगर आदि बस्तियों में गली गली घर घर धुंआधार जनसंपर्क कर सपा प्रत्याशी के समर्थन में बोट मांगे हैं।

जनसंपर्क बोट मांगने के दौरान सपा के पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज यादव बंटी,कांग्रेस नेता सुखराम सिंह सिंधी,डा० सुरेश यादव,महेश यादव,मिंटू पोरवाल,राजेश यादव पंडा,राजकुमार भारती, अमित कुशवाहा,नरेंद्र यादव आदि सपा नेता पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नगर भ्रमण को निकलेगी परशुराम की शोभा यात्रा

**सुशील कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण इटावा**



भरथना,इटावा। भगवान परशुराम की जयन्ती के पावन पर्व पर 10 मई को बडी ही धूमधाम से भव्य शोभा यात्रा नगर भ्रमण हेतु निकाली जायेगी। इससे पूर्व प्रातः परशुराम मन्दिर में उनका मंगल स्नान व पूजन अर्चन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न होगें।

उक्त आशय की जानकारी गुरूवार को कस्बा के आजाद रोड स्थित समााजसेवी विपिन बिहारी दुबे (कक्का) के आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान मौजूद ब्राह्मणजनों ने दी। उपस्थितजनों ने बताया कि विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी भगवान परशुराम की जयन्ती के पावन पर्व पर 10 मई दिन शुक्रवार को प्रातः 9 बजे जवाहर रोड स्थित मिडिल स्कूल प्रांगण के श्री नर्मदेश्वर मन्दिर परिसर में स्थापित परशुराम मन्दिर से भगवान परशुराम की शोभा यात्रा बडे ही धूमधाम से नगर भ्रमण हेतु निकाली जायेगी। शोभा यात्रा के दौरान सभी लोग अपनी-अपनी मोटर साइकिल व चारपहिया वाहनों से नगर के प्रमुख मार्गों मिडिल स्कूल से प्रारम्भ होकर बालूगंज, पुराना भरथना,मण्डी समिति,सती मन्दिर, गिरधारीपुरा, आजाद रोड, तिलक रोड,मोतीगंज में भ्रमण करते हुए रेलवे उपरिगामी सेतु होकर प्रारम्भ स्थल श्री नर्मदेश्वर महादेव एवं परशुराम मन्दिर पर विश्राम करेगी। इससे पूर्व प्रातः बेला में भगवान परशुराम का स्नान,पूजन अर्चन,हवन आदि धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न होगें। उन्होंने नगर के समस्त धर्मप्रेमियों से उक्त धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता करने की अपील की है। वार्ता के दौरान विपिन बिहारी दुबे (कक्का), महेश चन्द्र शुक्ला, प्रभाकर तिवारी, राजू दीक्षित,योगेन्द्र तिवारी, उमाशंकर तिवारी,पवन दुबे,अशोक तिवारी,अनिल पाठक, गोपाल दीक्षित, मुकेश दीक्षित,विनोद तिवारी,बृजमोहन मिश्रा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# जयन्ती झूमकर निकली परशुराम की शोभा यात्रा

## हवन पूजन के साथ शोभा यात्रा का हुआ नगर भ्रमण

**सुशील कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण इटावा**



भरथना,इटावा। भगवान परशुराम की जयन्ती के पावन पर्व पर बडी ही धूमधाम से भव्य शोभा यात्रा नगर भ्रमण हेतु निकाली गयी। आकर्षक झाँकी व संगीतमयी ध्वनियों के बीच शोभा यात्रा निकलने से पूर्व प्रातः परशुराम मन्दिर में उनका मंगल स्नान व पूजन अर्चन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए।

शुक्रवार को श्री परशुराम सेवा समिति भरथना के तत्वाधान में विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी भगवान परशुराम की जयन्ती के पावन पर्व पर प्रातः 10 बजे जवाहर रोड स्थित मिडिल स्कूल प्रांगण के श्री नर्मदेश्वर मन्दिर परिसर में स्थापित परशुराम मन्दिर से भगवान परशुराम की शोभा यात्रा बडे ही धूमधाम से नगर भ्रमण हेतु निकाली गई। आकर्षक झाँकी व संगीतमयी ध्वनियों के बीच शोभा यात्रा के दौरान सभी लोगों ने अपनी-अपनी मोटर साइकिलों पर पीला ध्वज लहराकर व मस्तक पर चन्दन का लेप करके नगर के प्रमुख मार्गों मिडिल स्कूल से प्रारम्भ होकर बालूगंज,पुराना भरथना, मण्डी समिति,सती मन्दिर, गिरधारीपुरा, आजाद रोड, तिलक रोड,मोतीगंज में भ्रमण करते हुए रेलवे उपरिगामी सेतु होकर प्रारम्भ स्थल श्री नर्मदेश्वर महादेव एवं परशुराम मन्दिर पर विश्राम किया। इससे पूर्व प्रातः बेला में भगवान परशुराम का स्नान,पूजन अर्चन,हवन आदि धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। शोभा यात्रा के दौरान विपिन बिहारी दुबे"कक्का",महेश चन्द्र शुक्ला,राजू दीक्षित, योगेन्द्र तिवारी,उमाशंकर तिवारी,पवन दुबे,अशोक तिवारी,अनिल पाठक, गोपाल दीक्षित,मुकेश दीक्षित,विनोद तिवारी, बृजमोहन मिश्रा,हिमांशु दुबे,दीपू त्रिपाठी,प्रतीक चौधरी सनी,संजय दुबे, सौरभ दुबे,अनिल तिवारी, शिवम गुप्ता,गौरव गुप्ता, सोनू तिवारी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# मुलायम के गढ़ इटावा में लगेगी बीजेपी की हैट्रिक!

इटावा लोकसभा सीट की गिनती VIP सीटों में होती है. लंबे अर्से तक सपा का गढ़ कही जाने वाली इस सीट पर 2014 की मोदी लहर में बीजेपी ने कब्जा किया था. जो कि अभी तक बरकरार है. इटावा लोकसभा सीट पर चौथे चरण में मतदान होना है.

यादवपट्टी की सबसे अहम मानी जाने वाली इटावा संसदीय सीट आरक्षित होने के बाद भी कोई उम्मीदवार लगातार नहीं जीता है.साल 2009 में सामान्य से आरक्षित घोषित हुई इस सीट पर पहला लोकसभा चुनाव हुआ था. उसके बाद से यह तीसरा चुनाव है. पिछले तीन लोकसभा चुनाव में इटावा लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने हर बार नए चेहरे को मौका दिया है. आजादी के बाद साल 1952 के पहले लोकसभा चुनाव में इस सीट पर कांग्रेस के तुला राम ने जीत दर्ज की थी. इस बार समाजवादी पार्टी ने जितेंद्र दोहरे,बीजेपी ने मौजूदा सांसद राम शंकर कठेरिया और बहुजन समाज पार्टी ने पूर्व स-ांसद सारिका सिंह को उम्मीदवार बनाया है. इस बार इटावा सीट की लड़ाई दिलचस्प नजर आ रही है. आइए जानतें है इस सीट पर किसी पार्टी ने किस उम्मीदवार को जिताया है.

# शहर में खत्म हुई प्याउ, पानी को भटकते हैं लोग.......

## -समाज सेवी संस्था ने प्याऊ लगाकर की लोगों की सेवा

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट आदित्य प्रताप मथुरा**



मथुरा। शहर में प्याऊ खत्म हो गई हैं। लोग पीने के पानी को भटकते हैं। खजानी वेलफेयर सोसाइटी ने इनर व्हील क्लब मथुरा के सहयोग से मसानी तिराहे के समीप चमेली देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज के सामने पियाऊ लगाई। अध्यक्ष आभा माहेश्वरी ने बताया कि मसानी तिराहे से लेकर चौक बाजार के 500 मीटर तक पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है और यहां पर चार प्रमुख विद्यालय हैं चमेली देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज, आरसीए महिला विद्यालय, डीएवी इंटर कॉलेज और अनार देवी पॉलिटेक्निक हैं। ऐसे में लगभग ढाई से तीन हजार छात्राएं, उनके अभिभावक, रिक्शा वाले, ऑटो वाले या पर्यटक इस सड़क से गुजरते है और इस भीषण गर्मी में उन्हें पानी पैसे से खरीद के पीना पड़ता है। फिर प्यासा रहना पड़ता है तो बहुत समय से सोसाइटी के सदस्यों को लग रहा था कि यहां पर पीने की पानी की व्यवस्था होनी चाहिए। अब अक्षय तृतीया के दिन से यहां पर व्यवस्था सुचारू रूप से चालू कर दी गई है। जिससे प्रतिदिन 500 व्यक्तियों को आरओ का मीठा ठंडा पानी पीने को मिलेगा और प्रमुख अवसरों पर शरबत का भी वितरण किया जाएगा। अक्षय तृतीया के दिन शरबत और सत्तू का वितरण आयोजित किया गया। जिसमें कुसुम अग्रवाल, आभा माहेश्वरी, रेखा माहेश्वरी का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। साथ ही इनर व्हील मथुरा से अध्यक्ष रंजना मित्तल, सचिव शिल्पी गर्ग, दीपा भार्गव, अरुणा बंसल, मीनाक्षी अग्रवाल, विनीता बंसल, पीडीसी लता गोयल उपस्थित रहे। खजनी वेलफेयर सोसाइटी के सभी सदस्य छवी बंसल, रेनू दे, स्वेच्छा भारद्वाज, भावना बघेल, खुशी खंडेलवाल, शुभम माहेश्वरी, सबा खान, खुशबू,लक्ष्मी देवी, प्रियंका सुमन सिंह, नंद किशोर, दीपक शर्मा, राधा और सुलेखा के अथक प्रयासों से 40 दिन तक इस जल सेवा का आयोजन किया जाता रहेगा।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण.......

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट आदित्य प्रताप मथुरा**



मथुरा। लोक सभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्वक एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा ने जनपद मथुरा के मण्डी समिति परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी परिसर में बनाए गये सभी विधानसभाओं के स्ट्रांग रूमों का बारी बारी से निरीक्षण किया तथा सभी स्ट्रांग रूम की निगरानी में लगाए गये सीसीटीवी कैमरों को देखा। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय से स्ट्रॉग रूमों की सुरक्षा में तैनात पुलिस, सुरक्षाकर्मियों की जानकारी ली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुरक्षा के लिए बी.एस.एफ और पुलिसकर्मी तैनात किये गये हैं। जगह जगह पर बैरीकेटिंग तथा बैरीयर की व्यवस्था की गई है एवं बैरियरों पर पुलिसकर्मी की डयूटी लगाई गई है। उन्होंने मांट, छाता, गोवर्धन, मथुरा तथा बलदेव विधानसभाओं के मतगणना केन्द्रों पर लगने वाली टेबल की जानकारी ली तथा सभी मतगणना केन्द्रों का जायजा लिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विद्युत व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। सीसीटीवी के माध्यम से संपूर्ण परिसर का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न विधानसभाओं की निगरानी हेतु लगाए गये सीसीटीवी कैमरों की संख्याओं की जानकारी ली। उन्होंने सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम में उपस्थित प्रत्याशियों के एजेंटों से वार्ता की, उनकी समस्याओं के बारे में जाना, जिस पर सभी ने बताया कि मंडी परिसर में व्यवस्थाएं अच्छी हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी योगानंद पांडेय, ज्वांइट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही, एसपी सिटी अरविन्द कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, सीओ महावन भूषण वर्मा, डिप्टी कलेक्टर ऊषा सिंह आदि मौजूद रहे।

# पूर्व प्रशासनिक अधिकारी ने सेराबेस्ट सेंटर का किया उदघाटन

**सुशील कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण इटावा**



इटावा। इटावा के विसधन रोड रहीम नगर में स्थित सेराबेस्ट हैप्पी फेमिली के नाम से चल रहा निशुल्क सेराबेस्ट थैरेपी सेंटर का उदघाटन करने पहुंचे पूर्व प्रशासनिक अधिकारी रिजवान अहमद एवं वरिष्ठ पत्रकार मसूद तैमूरी का सेराबेस्ट सेन्टर पर मौजूद जनता ने बड़े ही धूमधाम एवं फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया।

पूर्व प्रशासनिक अधिकारी रिजवान अहमद एवं वरिष्ठ पत्रकार मसूद तैमूरी ने सेराबेस्ट सेंटर का फीता काटकर उदघाटन किया।

सेराबेस्ट कंपनी के मार्केटिंग डायरेक्टर मोहम्मद आमीन ने सभी लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आज हमारे सेंटर के लिए बहुत ही सौभाग्यशाली दिन है जो हमारे सेंटर का उदघाटन पूर्व प्रशासनिक अधिकारी रिजवान अहमद व वरिष्ठ पत्रकार मसूद तैमूरी के द्वारा हुआ है। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में सेराबेस्ट कंपनी के सेंटर चल रहे है और सभी सेंटरों पर निशुल्क थैरेपी दी जा रही है ये सिर्फ एक नेक दिल इंसान सेराबेस्ट कंपनी के सी ई ओ पवन आहूजा की देन है। वह गरीबों,पीड़ित, शोषित,वंचितों के सबसे बड़े मसीहा है हम सबको उनका तहेदिल से धन्यवाद करना चाहिए।

पूर्व प्रशासनिक अधिकारी रिजवान अहमद और मसूद तैमूरीने कहा कि सेराबेस्ट मसीन से थैरेपी लेने से पुराने से पुराने दर्द,लकवा,कमर दर्द,घुटनों का दर्द, डायबिटीज,ब्लड प्रेसर, साइटिका का दर्द आदि परेशानियों में आराम मिलता है और इसका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होता है। और इस थैरेपी का का कोई मेडिकल की लाइन से संबंध भी नही है।

### उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य अच्छा तो सबकुछ अच्छा।

सेंटर पर मौजूद एरिया डायरेक्टर जय कृष्णा ट्रेनिंग डायरेक्टर इमरान खान सेंटर मैनेजर आशिफ ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि स्वास्थ्य से बढ़कर इस दुनियां में कुछ नही।

# अधजला महिला का शव मिलने से फैली सनसनी

## -पुलिस महकमे में मचा हड़कंप,
## -हत्याकर महिला का शव जलाया गया,

**सुशील कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण इटावा**

भरथना,इटावा। भरथना कोतवाली पुलिस महकमे में शुक्रवार की सुबह साढ़े 7 बजे उस समय हड़कंप के साथ क्षेत्र में सनसनी फैल गई,जब ऊमरसेंडा मल्होसी



गंग नहर किनारे मल्होसी पुल के निकट ग्राम नगला मुलू के सामने नहर पटरी सड़क के किनारे बने झाड़ी युक्त एक खड्डे में करीब 20 वर्षीय एक अज्ञात महिला का अधजला शव वहां से गुजरे राहगीरों व आस पास के ग्रामीणों ने देखा।

महिला का अधजला शव पड़ा होने की खबर मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई,क्षेत्र के प्रधानप्रतिनिधि सर्बेश यादव ने जैसे ही यह सूचना भरथना पुलिस को दी,तो पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया,और आनन फानन में पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान,प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह,क्राइम स्पेक्टर दिनेश मिश्रा,साम्हों चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार भारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए,और घटना स्थल का पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ जांच पड़ताल कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मौजूद ग्रामीणों से मृतका के शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन मौजूद ग्रामीण व राहगीरों से शिनाख्त नही हो सकी। ग्रामीणों ने बताया की उनका ही नही बल्कि कई गांवों के सैकडों ग्रामीणों का सुबह से देर शाम तक उक्त मार्ग से आवागवन रहता है,हत्यारों ने बीती रात्रि ही इस घटना को अंजाम दिया है घटना स्थल पर जमीन की घास सहित पास की पतेल चली हुई है जिससे प्रमाणित होता है की महिला के शव को आग के हवाले इसी स्थान पर किया गया है। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

### शव के पास मिली जूती,पैरो में पायलें

फोरेंसिक टीम ने जांच के दौरान घटना स्थल से मृतका के शव के पास से कुछ आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं तो वहीं फोरेंसिक टीम को शव के पास से महिला की एक जूती और पैरों में पायलें मिलीं हैं,जिससे मृतक महिला के शव की शिनाख्त सम्भव हो सकेगी।

### हत्याकर के बाद जलाया गया शव

घटना स्थल पर जमा भीड़ के अनुसार हत्यारों ने महिला की गला दबाकर पहले हत्या की जिसके कारण महिला के मुंह से जीव बाहर निकली हुई थी,जिसके बाद हत्यारों ने उक्त सुनसान स्थान पर महिला के शव को फेंक कर आग के हवाले कर दिया और मौके से भाग जाने में सफल हो गए।

### पहले भी अधजला मिल चुका था महिला का शव

क्षेत्र के प्रधानपति सर्वेश कुमार ने पुलिस को बताया कि पिछले 5 वर्ष पर पहले भी इसी घटना स्थल के निकट एक अधजला महिला का शव मिल चुका है,उक्त मार्ग पर रात्रि में सुनसान रहने और उचित पुलिस गस्त नही होने के कारण अपराधी हत्याकांड जैसी घटना को अंजाम देने के बाद शव को इसी स्थान ठिकाने लगा कर फरार हो जाते हैं।

# हाईवे पर मोटरसाइकिल सवार को मारी गोली.........

## -मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में कराया भर्ती

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट आदित्य प्रताप मथुरा**

मथुरा। हाईवे पर रात को मोटरसाइकिल सवार युवक को बदमाशों ने गोली मार दी। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक पहले वृंदावन के सौ सौय्या अस्पताल में भर्ती कराया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। गोली युवक के कंधे में लगी है। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश घटना स्थल से भाग निकले। घटना थाना जैंत क्षेत्र में छरौरा के नजदीक हुई। जबकि गोली लगने से घायल हुआ युवक धीरज सैनी पुत्र प्रेम शंकर सैनी भी छरौरा का ही रहने वाला है। इससे यह शक गहरा रहा है कि घटना को अंजाम देने वाले बदमाश घायल युवक के परिचित हो सकते हैं। बृहस्पतिवार रात 11: 15 बजे धीरज बाइक से अपने गांव लौट रहा था। बताया गया है कि गांव छरौरा के नजदीक पहुंचते ही बदमाशों ने बाइक सवार को गोली मार दी। गोली उसके कंधे में लगी, जिससे वो बुरी तरह घायल हो गया। इस घटना के बाद पुलिस ने पूछताछ के लिए कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। जैत थाना प्रभारी अजय वर्मा ने बताया घटना की जांच की जा रही।

# ठा. प्रिय बिहारी महाराज का 22 वां पाटोत्सव समारोह का धूमधाम से शुभारंभ.......

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट आदित्य प्रताप मथुरा**

मथुरा। चैतन्य विहार स्थित कृष्ण कृपा कुटीर पर 23 वां वार्षिक दिव्य रसोत्सव एवं ठाकुर प्रिय बिहारी महाराज का 22वां पाटोत्सव समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ब्रह्मचारी भोला महाराज ने बताया कि परम पूज्य सदगुरुदेव ब्रह्मलीन गीता मनीषी स्वामी वेदांतानंद महाराज की कृपा से त्रिदिवसीय इस महोत्सव में प्रथम



दिवस दीप प्रज्ज्वलन के साथ संत आशीर्वचन का आयोजन हुआ। जिसमें बोलते हुए महामंडलेश्वर राधा प्रसाद देव जु महाराज ने कहा कि गीता मनीषी वेदांतानंद महाराज दिव्य विभूति थे। उनके द्वारा समय समय पर समाज सेवा के तमाम प्रकल्प चलाए जाते थे। वे नर में नारायण के दर्शन करते थे। मुख्य रूप से नर सेवा ही नारायण सेवा के रूप में मानते थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महामंडलेश्वर डॉ सत्यानंद सरस्वती अधिकारी गुरु महाराज,महंत मोहिनी बिहारी शरण, विष्णुकांत, नंदू बाबा आदि मौजूद रहे।

# इंतजार था मदद का आ गई मौत.......

## -अस्पताल ले जाते समय हो गई ट्रक चालक की मौत

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट आदित्य प्रताप मथुरा**

मथुरा। इंतजार मदद का था और आ गई मौत। ट्रक चालक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। दिल्ली आगरा हाईवे पर एक लोड ट्रक नोएडा से केरल जा रहा था। इसी बीच थाना छाता कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव अकबरपुर के समीप ट्रक डिवाइड पर चढ गया। ट्रक को संजय सिंह चौहान निवासी बकरा रनिया, कानपुर देहात चला रहा था। ट्रक के डिवाइडर पर चढने के बाद चालक संजय और क्लीनर बाहर निकल आये। वह मदद के इंतजार में थे जिससे कि आगे का सफर तय कर सकें। दोनों ट्रक के पास खड़े थे इसी बीच उनके पास से एक तेज रफ्तार कैंटर गुजरा और संजय को चपेट में ले लिया। संजय बुरी तरह से जख्मी हो गया। अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही उसने दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने संजय सिंह चौहान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# निकोटिन को लेकर एक जून से लागू होगा यह नियम.......

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट आदित्य प्रताप मथुरा**

मथुरा। किसी भी खाद्य पदार्थ में तम्बाकू एवं निकोटिन को एक अवयव के रूप में प्रयोग किया जाना प्रतिबंधित किया गया है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश ने इस तरह के आदेश जारी किये हैं। जनस्वास्थ्य को देखते हुए एक ही परिसर में समान ब्रांड नेम भिन्न ब्रांड नेम से प्रभावी अपमिश्रक तम्बाकू, निकोटिन के साथ पान मसाला का विनिर्माण, पैकिंग, भंडारण, वितरण एवं विक्रय एक जून से प्रतिबंधित किया गया है। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डा.गौरी शंकर ने बताया कि समस्त खाद्य पदार्थ कारोबारियों को निर्देशित किया जाता है कि परिसर में नियमों का उल्लंघन न किया जाए। अगर खाद्य कारोबारियों द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जाना पाया जाता है तो उनके प्रतिष्ठान पर भंडारित पान मसाला को जब्त कर नष्ट कराते हुए लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# जेल में तैनात चिकित्सक के साथ हुई मारपीट........

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट आदित्य प्रताप मथुरा**

मथुरा। जिला जेल में तैनात चिकित्सक के साथ दिल्ली आगरा हाईवे पर कार सवार युवकों ने मारपीट कर दी। इस संबंध में चिकित्सक ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घटना में चिकित्सक की आंख में चोट आई है। चिकित्सक द्वारा पुलिस को बताया गया कि झगडा कार को ओवरटेक करने को लेकर हुआ। डा. उत्पल सरकार जेल अस्पताल से ड्यूटी कर आगरा जा रहे थे। चिकित्सक ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी युवकों तक पहुचने के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है मारपीट की वजह तलाश रही है। चिकित्सक का आरोप है कि झगडा कार को ओवरटेक करने को लेकर हुआ। कार सवारों ने चिकित्सक की कार को कुरकंदा के समीप रोक लिया। मारपीट में चिकित्सक की आंख में चोट आई है।

# परशुराम जन्मोत्सव पर सम्पन्न हुई विचार गोष्ठी

**सुशील कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण इटावा**

इकदिल,इटावा। अक्षय तृतीया पर परशुराम सेवा समिति उ.प्र. के तत्वावधान में भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन माँ



जगदंबा मन्दिर प्रकाश कोल्ड स्टोर इकदिल में किया गया। इस मौके पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने भगवान श्री परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया। भजन गायक प्रखर गौड ने भगवान श्री परशुराम जी पर भजन सुनाया। इस अवसर पर संरक्षक हरि प्रकाश चौधरी,प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट व प्रदेश महामंत्री जयशिव मिश्रा, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेंद्र देव दुबे,प्रदेश सचिव मुकेश दीक्षित,प्रदेश संगठन मंत्री राहुल प्रकाश दीक्षित,नरेंद्र शर्मा,महिला जिलाध्यक्ष गीतिका तिवारी,युवा जिलाध्यक्ष अनुभव पांडेय, प्रखर गौड,हरीकिशन दीक्षित,धीरज तिवारी, सौरभ दुबे,प्रदीप तिवारी, अंशुल दुबे आदि उपस्थित रहे '

# सर्व समाज सामूहिक विवाह समारोह में 45 जोड़ें परिणय सूत्र बन्धन में बंधे

**दैनिक समाज जागरण- बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! महात्मा ज्योतिराव फुले सेवा समिति के तत्वाधान में शुक्रवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर कोटला रोड स्थित बगीची में आयोजित सर्व समाज सामूहिक विवाह समारोह में 45 जोड़ो ने परिणय सूत्र बन्धन में बन्धकर फैरे लिये समिति के संयोजक डॉ राधेश्याम कुशवाह ने जानकारी देते हुए बताया कि वह अब तक हजारो बेटियों की शादी कर चुके है।



विवाह के अवसर कन्या पक्ष एवं वर पक्ष दोनों तरफ के समुचित लोगो के खाने- पीने से लेकर दान दहेज में ग्रहस्थ जीवन मे काम आने वाली वस्तुओं के अलावा कपड़े , मंगल सूत्र, बिछिया आदि देकर वर कन्या को विदा कर वह अपने आपको धन्य समझते है।

सामूहिक विवाह के दौरान ,समिति के मुन्ना लाल झा, आकाश कुशवाह, राजीव कुशवाह, मोनू ठाकुर, श्रीमती नेमा शर्मा, श्रीमती नीतू माहौर, डॉ बृजेश शर्मा , भगवान दास शंखवार सहित सैकड़ों की संख्या में वर एवं कन्या पक्ष के लोग उपस्थित रहे।

# कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला संपन्न।

**दैनिक समाज जागरण**

फि रोजाबाद! युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए चाइल्ड फंड इंडिया पेस संस्था के सौजन्य से संस्था के विभव नगर स्थित कार्यालय पर



आयोजित कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला में युवाओं को भविष्य में हर क्षेत्र में बेहतर करने के लिए टिप्स दिए गए। मुख्य वक्ता सरोजनी नायडू विद्यालय के प्रधानाचार्य भगवानदास शंखवार ने कहा कि प्रत्येक युवा को यह लक्ष्य निर्धारित करना है कि उसे किस क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना है,जिस क्षेत्र में उसे जाना है उसी स्तर की शिक्षा और प्रशिक्षण लेना होगा। संस्था की कार्यक्रम कोर्डिनेटर श्रीमती अनुपम शर्मा ने कहा कि जिसने सही दिशा में आगे बढ़ने का निर्णय लिया है उसी का बेहतर भविष्य बना है।कार्यशाला में कुमारी बंदना,कुणाल,सुनील,अवधेश,रोशनी, अनुसुइया, पूनम, सुखदेवी,आदि उपस्थित रहे।

# चौथे चरण का मतदान करने जनपद से पुलिस बल रवाना

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने लोकसभा सामान्य चुनाव के चतुर्थ चरण का चुनाव कराने को रवाना किया। चुनाव को पारदर्शी करने को कई बिंदुओं पर निर्देश दिए।

चतुर्थ चरण के मतदान को संपन्न कराने को जनपद से काफी संख्या में पुलिस बल शुक्रवार को रवाना किया गया।

एस एसपी ने पुलिस लाइन मैदान में जनपदीय पुलिस बल को पूर्ण निष्ठा एवं मनोयोग से अपने कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने की कहा।

पुलिस बल कोआयोग के दिए गये दिशा निदेशों से अवगत कराया। अनुशासन में रहकर अपनी-अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा के साथ करने की हिदायत दी। पुलिस बल को ब्रीफ करने के पश्चात सभी को बसों से रवाना किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर सर्वेश मिश्रा, ग्रामीण रणविजय सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य अधिकारीगण,कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# वृद्धि महिला को हथियार बनाकर एक महिला की जमीन पर दबंगों ने किया कब्जा

सिद्धार्थनगर। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के डोकम अमया गांव की रहने वाली रामावती पत्नी रामराज ने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग किया है। दिए गए शिकायती पत्र में पीड़िता का आरोप है कि उसके मकान के बगल में उसकी आवादी की जमीन है उक्त जमीन को गांव के कुछ दबंग किस्म के व्यक्तियों द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है। दबंग इतने शातिर हैं कि एक वृद्धि महिला को हथियार बनाकर यानी वृद्धि महिला को पीड़िता बना देते हैं और रामावती नाम की महिला को प्रताड़ित करते हैं। जिसके संबंध में रामावती ने मा० न्यायालय में दीवानी मुकदमा भी दाखिल करवाया है। इसके बावजूद भी विपक्षीगण उक्त विवादित भूमि पर जबरन मकान का निर्माण करवा रहे हैं। और उसी जमीन में लगे पेड़ को भी काटना चाह रहें हैं। शिकायती पत्र में पीड़िता रामावती का यह भी आरोप है कि विपक्षीगण अपने सगे संबंधियों के हाथों उस जमीन को बेचना चाह रहे हैं। पीड़िता रामावती का कहना है कि मामूली सी जमीन उनके परिवार वालों के जी का खतरा बना हुआ है।

# धूमधाम से मना भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

## प्रगतिशील ब्राह्मण कल्याण समिति ने किया आयोजन

**अरुण सिंह समाज जागरण संवाददाता लखनऊ**

रायबरेली रोड के वृंदावन योजना सेक्टर - 6 में शुक्रवार देर शाम प्रगतिशील ब्राह्मण कल्याण समिति द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया ।कार्यक्रम की शुरूआत भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलन से हुई ।कार्यक्रम के प्रारंभ में भजन गायक किशोर चतुर्वेदी



द्वारा प्रभु श्रीराम के सुंदर भजनों के प्रस्तुति की गई ।कार्यक्रम में मौजूद हिंदी साहित्य के भारतीय राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व शिक्षा मंत्री डा० रवींद्र शुक्ला ने सनातन धर्म को परिभाषित करते हुए कहा कि उपासना पद्धति को धर्म नहीं कहा जा सकता है, धर्म तो केवल एक है और वह है सनातन धर्म ।इस अवसर पर दूरदर्शन लखनऊ के निदेशक आत्म प्रकाश मिश्रा, वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा० भुवन तिवारी, उपयुक्त मयंक तिवारी, ब्लॉक प्रमुख मोहनलालगंज ओमप्रकाश शुक्ला, कवि डॉ० अतुल बाजपेई व स्थानीय पार्षद रजनी अवस्थी को ब्राह्मण गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में समिति के संरक्षक प्यारेमोहन चौबे, कृष्ण मूर्ति तिवारी, कर्नल एलके तिवारी, कर्नल दया शंकर दुबे, पवित्र नारायण दूबे, सेवानिवृत आईएएस राकेश ओझा, मेजर जनरल राजीव पंत समेत समिति के सचिव केके शुक्ल संगठन सचिव विनोद दुबे, प्रदीप चतुर्वेदी व पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी, पार्षद पति संजीव अवस्थी समेत तमाम गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समिति के अध्यक्ष डॉ० एपी मिश्रा व संचालन कर रहे प्रणव अग्निहोत्री ने सभी आगंतुकों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# जैन समाज सिरसागंज ने मनाया अक्षय तृतीया दान दिवस, वितरित किया इक्षु रस

**दैनिक समाज जागरण**

सिरसागंज! श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में अक्षय तृतीया पर्व दान दिवस के रूप में अत्यंत हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम मंदिर जी में श्रद्धालुओं द्वारा श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन सम्पूर्ण विधि विधान पूर्वक किया गया। तदुपरांत मंदिर जी के बाहरी भाग में जैन श्रद्धालुओं द्वारा राहगीरों को गन्ने के रस को वितरित किया गया।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि जैन धर्म में अक्षय तृतीया पर दान का विशेष महत्व बताया गया है। जैन धर्म की मान्यताओं के अनुसार, भगवान आदिनाथ ने सबसे पहले समाज में दान के महत्व को समझा। भगवान आदिनाथ राज-पाठ का त्याग करके वन में तपस्या करने निकल गए। उन्होंने वहां छै महीने तक लगातार ध्यान किया। छै महीने बाद जब उन्होंने सोचा कि इस समाज को दान के बारे में समझाना चाहिए तो वे ध्यान से उठकर आहार मुद्रा धारण करके नगर की ओर निकल पड़े। नगर में तीर्थंकर मुनि को देखकर सारे लोग खुशी से झूम उठे और तीर्थंकर मुनि को अपनी सारी चीजें देने के लिए आगे आ गए। लेकिन वे नहीं जानते थे कि मुनिराज दुनिया की



मोह-माया को त्याग चुके हैं। ऐसा करते-करते उन्हें छै महीने हो गए और उन्हें आहार की प्रप्ति कहीं नहीं हुई. और इस तरह लगभग एक साल से ज्यादा का समय हो गया। फिर एक दिन वे हस्तिनापुर के नाम से प्रचलित शहर चले गए, जो राजा सोम और राजा श्रेयांस का राज्य था। राजा श्रेयांस बहुत ज्ञानी राजा थे और उन्हें आहार विधि का भी ज्ञान था। मुनिराज को देखकर उन्होंने आहार दान की प्रक्रिया शुरू कर दी और सबसे पहले मुनिराज को इक्षुरस यानी कि गन्ने के रस से आहार कराया, इस प्रकार राजा श्रेयांस और राजा सोम के घर सबसे पहले तीर्थंकर मुनिराज के आहार हुए। जैन धर्म में अक्षय तृतीया के दिन लोग आहार दान, ज्ञान दान, औषाधि दान या फिर मंदिरों में बहुत दान करते हैं. बता दें कि जैन धर्म की मान्यता के हिसाब से भगवान आदिनाथ ने इस दुनिया को असि-मसि-कृषि के बारे में बताया था। इसे आसान भाषा में समझें तो असि यानि तलवार चलाना, मसि यानि स्याही से लिखना, कृषि यानी खेती करना होता है। भगवान आदिनाथ ने ही लोगों को इन विद्याओं के बारे में समझाया और लोगों को जीवन यापन के लिए इन्हें सीखने का उपदेश दिया। भगवान आदिनाथ ने ही सबसे पहले अपनी बेटियों को पढ़ाकर जीवन में शिक्षा का महत्व बताया था।

इस अवसर पर नरेन्द्र भान जैन, अभिनय जैन, सुनील जैन, मुकेश जैन, अंकुश जैन, संजू जैन, रजत जैन, सुनील जैन, बल्लू जैन, राजीव जैन, विनीत जैन विक्की, संस्कार जैन, ऋषभ जैन, राज जैन, सचिन जैन, गौरव जैन रपरिया, नमन जैन, गौरव रावत, अनिल जैन, मयंक जैन, राहुल जैन, राजू जैन, संदीप जैन, सौरभ जैन, नितिन जैन, मनीष जैन आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# परशुराम जयंती पर हवन कर किया प्रसाद का वितरण!

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फि रोजाबाद! जिला ब्राह्मण महासभा पंजीकृत द्वारा अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर रामलीला मैदान स्थित कार्यालय परशुराम शिविर में भगवान परशुराम जी का जन्म उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें सर्वप्रथम भगवान परशुराम जी का श्रंगार कर हवन का आयोजन किया गया उसके उपरांत आरती कर भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया इस अवसर पर जिला ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष संदीप तिवारी ने बताया कि शस्त्र एवं शास्त्र के ज्ञाता,समता एवं न्याय के प्रबल पक्षधर,श्री विष्णु जी के छठे अवतार भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीय के पावन पर्व पर भगवान परशुराम शिविर रामलीला ग्राऊंड फिरोजाबाद पर हवन पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक रविंद्र लाल तिवारी, जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी, शोभायात्रा संयोजक दिनेश वशिष्ठ,नगर अध्यक्ष पवन उपाध्याय,उमाकांत पचौरी, कौशल किशोर उपाध्याय, केशव पचौरी,पार्षद सुनील मिश्रा,मनोज भटेले,पार्षद हरिओम वर्मा,केशव पचौरी, राजेश शर्मा,अनुराग रावत, कृष्णकांत वशिष्ठ, मोहित शर्मा, हर्षित भारद्वाज, अर्चित शर्मा, मुकुल शर्मा, विजय शुक्ला, विशाल शर्मा, संदीप पचौरी,दीपू शर्मा,अमित उपाध्याय सहित सैकडों की संख्या में भगवान परशुराम जी के भक्तगण उपस्थित रहे। हवन पंडित राकेश राजोरिया द्वारा संपन्न करवाया गया।



# जयंती पर याद किए गए भगवान विष्णु के छठवें अवतार परशुराम

**दैनिक समाज जागरण**

सिरसागंज ब्राह्मण समाज ने परशुराम जयंती का आयोजन धूमधाम के साथ किया। आगरा गेट ब्राह्मण धर्मशाला पर हुए परशुराम जयंती समारोह में नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और भगवान परशुराम के बताए हुए न्याय तथा त्याग के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आरंभ हवन पूजन के साथ पंडित मोहित दीक्षित द्वारा विधि विधान से कराया गया। आरती और प्रसाद वितरण के बाद विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए तथा त्याग, सच्चाई और न्याय के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। सिरसागंज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष डॉ. मुकेश मणिकांचन ने संदेश में



संगठन की शक्ति का बेहतर उपयोग करने की अपील की।

सुमित पांडे को युवा इकाई का अध्यक्ष एवं रजत शर्मा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। संचालन अरुण कुमार शर्मा एडवोकेट ने किया। महासचिव धर्मेंद्र दुबे एडवोकेट एवं संरक्षक शैलेश मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया।

राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सुमन चतुर्वेदी, पूर्व चेयरमैन सरोज शर्मा, सीताराम शर्मा, कैलाश नारायण शर्मा, निर्विकार उपाध्याय, प्रदीप मिश्रा, अंकुर दुबे, संजीव दुबे, डॉक्टर महेश शर्मा आदि बहुत से लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस मुख्यालय से मिली अत्याधुनिक गाड़िया पुलिस बेड़े में शामिल

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने पुलिस मुख्यालय से एक दर्जन नई गाड़िया पुलिस बेड़े में शामिल किया। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर गाड़ियों को रवाना किया।

जनपद में चाक चौबन्द सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए एसएसपी ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय से प्राप्त 12 स्कार्पियों गाड़ी एवं 2 पल्सर मोटरसाइकिलों को जनपद पुलिस के डायल-112 बेड़े में शामिल किया। जिससे जनपद की कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनेगी ।

पुलिस को मिली गाडियों को जनपद के महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात किया जायेगा। इससे किसी भी प्रकार की सूचना पर पुलिस टीमें तत्काल मदद हेतु मौके पर पहुंच सकेंगी। पुलिस को मिली 12 गाड़ियों में से 5 गाडियों में आधुनिक कैमरा एवं सर्च लाइट की अतिरिक्त सुविधा प्रदान की गयी है। जिससे अंधेरे में पुलिस टीम को सर्च अभियान के दौरान मदद मिल सके।

उन्होंने सभी गाड़ियों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर सर्वेश मिश्रा, ग्रामीण रणविजय सिंह, प्रतिसार निरीक्षक, डायल-112 प्रभारी एवं अन्य अधिकारीगण व कर्मचारीगण मौजूद थे

# भारत भाग्य विधाता हूं,अब तो मैं भारत का मतदाता हूं जैसे श्लोगन के तहत जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को किया गया जागरूक

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जनपद के विकासखंड खजुहा क्षेत्र के अंतर्गत आज 10 मई को मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक किया गया।जहां आंगनबाड़ी कार्यकत्री रेहाना परवीन ने बताया कि ग्राम फरीदपुर के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।एवं बच्चों के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु अपने हाथों पर श्लोगन लिखी हुई तख्तियां लिए रहे तथा बहकावे में किसी के न आना,सोच समझकर बटन दबाना भारत भाग्य विधाता हूं,अब तो मैं मतदाता हूं जैसे श्लोगन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों एवं आस पास के क्षेत्रों में जागरूक रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया।जहां अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टॉप,ग्राम प्रधान व आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रहीं।



# जरूरतमंद मरीज के लिये ए पाजिटिव रक्तदान करते जिला अस्पताल के स्टाफ

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

इमरजेंसी केस में फूलमती पत्नी रामबली निवासी ग्राम गुरगौला पोस्ट जयरामपुर फतेहपुर है,मरीज के गुल्ले का ऑपरेशन होना है , डॉक्टर ने मरीज को एक यूनिट तत्काल ए पाजिटिव रक्त की आवश्यकता बताई,जिला अस्पताल रक्तकेन्द्र में ए पाजिटिव रक्त न होने के कारण मरीज के तीमारदार बेटे मनोज कुमार काफी परेशान थे, संस्था सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फतेहपुर को सूचना मिलते ही केस को वेरिफाई किया गया , ग्रुप में डाला गया ग्रुप में डालते ही संस्था सर्व फॉर ह्यूमैनिटी के सदस्य व जिला अस्पताल के स्टाफ आदर्श रक्तदान के लिए तैयार हो गए और ड्यूटी खत्म होने के बाद रक्तदान किया जिससे जरूरतमन्द मरीज को समय से रक्त की उपलब्धता हो पाई, इस मौके पर संस्था सर्व फॉर ह्यूमैनिटी से गुरमीत सिंह व जिला अस्पताल रक्तकेन्द्र से अशोक शुक्ला, दीपाली, स्वाति भदौरिया उपस्थित रहे ।।



# मेरा वोट फतेहपुर के विकास के लिए के तहत चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर "मतदान को बनाओ अपना धर्म,क्योंकि चुनाव है लोकतंत्र का पर्व" व "मेरा वोट फतेहपुर के विकास के लिए"इस भाव से कि फतेहपुर का कोई भी नागरिक वोट से न छूटे स्वीप के अंतर्गत जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सी इंदुमती के मार्गदर्शनानुसार कमर कस चुके स्वीप आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा आज दिनाँक 10/05/24 को प्रातः8 बजे से मतदाता जागरूकता के कई अभियान चलाए गए जिसमें सर्वप्रथम श्रमिकों के मध्य मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।अभियान के तहत श्रमिकों को 20 मई को मतदान हेतु जागरूक किया गया व साथ ही श्रमिको के कार्यस्थल के गृहस्वामियों को भी मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए कहा गया।डॉ अनुराग द्वारा सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई गई।फिर प्रातः 9 बजे सेनानायक सवानंद सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस मॉडर्न स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।अभियान के तहत विद्यालय में डॉ अनुराग द्वारा सर्वप्रथम बच्चों के माध्यम से उनके अभिभावकों को 20 मई को मतदान हेतु जागरूक किया गया साथ ही बच्चों को जनपद फतेहपुर का नाम लंदन बुक ऑफ रिकॉर्ड में दो बार सम्मिलित किए जाने की जानकारी दी गई।डॉ अनुराग द्वारा सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। प्रातः10 बजे इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में स्वीप आइकॉन व चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा "स्टीकर्स लगाओ मतदाता जगाओ" अभियान के अंतर्गत जय माँ सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कालेज की सभी स्कूल बसों में प्रधानाचार्य विनय प्रताप सिंह के सहयोग से स्टीकर्स लगाए गए।फिर टीबी अस्पताल में क्षय रोगियों के मध्य मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई गई।साथ ही परशुराम जयंती के अवसर पर प्रशांत चतुर्वेदी ऑडिटर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी फतेहपुर के नेतृत्व में सभी नागरिकों के लिए शर्बत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ निशात शहाबुद्दीन,डॉ अशोक कुमार,संजय श्रीवास्तव सलाहकार इंडियन रेडक्रास सोसाइटी,अजीत सिंह सचिव इंडियन रेडक्रास सोसाइटी,आजीवन सदस्य राजा सिंह,गोरेलाल,पुनीतवीर विक्रम,विष्णु श्रीवास्तव,राकेश कुमार, भक्तदास, प्रधानाचार्या सीमा शुक्ला,अध्यापक प्रीतेश श्रीवास्तव,दीपिका तिवारी, पिंकी श्रीवास्तव,नीतू श्रीवास्तव,सीमा अवस्थी, अजय कुमार प्रजापति सहित सभी अध्यापक उपस्थित रहे।



# युवाओं को लुभाने के लिए यूपी में भाजपा ने युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को मैदान में उतारा

## प्रदेश के विभिन्न जनपदों में करेंगे युवाओं की सभाएं

**अरुण सिंह समाज जागरण संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ लोकसभा चुनाव में युवा मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए राजनैतिक पार्टियां कोई कोर



कसर नही छोड़ रही हैं । संसदीय क्षेत्रों के उम्मीदवार पार्टी के कद्दावर व अच्छी छवि रखने वाले बड़े युवा नेताओं को अपने चुनावी अभियान में शामिल कर क्षेत्र के युवा मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं ।इसी क्रम में युवाओं को आकर्षित करने वाली शख्सियत के रूप में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी युवा मोर्चा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष व बेंगलुरु दक्षिण के युवा व तेज तर्रार सांसद तेजस्वी सूर्या को चुनावी रणभूमि में उतारा है ।शुक्रवार की सुबह उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंचे तेजस्वी सूर्या ने आलमबाग के वीआईपी रोड फौजी कॉलोनी स्थित क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा अवध क्षेत्र अंकुश यादव के घर पहुंच कर युवा कार्यकताओं के साथ बैठ की और चुनावी रणनीति का जायजा लेते हुए युवाओ को संबोधित किया ।सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा कि समर्पित कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है और बड़ा नेता होता है ।उन्होंने कहा कि चुनाव में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और युवा चुनाव का रुख बदल कर चुनाव के परिणाम बदलने की हैसियत रखता है ।जलपान के उपरांत उन्होंने भाजपा कार्यकताओं से भेंट की और उनकी समस्याओं को सुन कर समाधान का आश्वाशन देकर तनमन के साथ चुनाव प्रचार में जुट जाने का अहवाहन करते हुए उत्तर प्रदेश भाजपा कार्यालय के लिए रवाना हो गए ।जहां पत्रकारों को संबोधित करने के बाद उनका काफिला जनपद अमेठी के लिए रवाना हो गया । तेजस्वी सूर्या उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में युवाओं की सभाओं को संबोधित कर भाजपा का प्रचार प्रसार करेंगे ।

# खनन माफिया पर आखिरकार खनन विभाग क्यों नहीं लगा पा रहा है लगाम ?

**रात्रि से लेकर सुबह तक प्रशासन के खौफ से बेखौफ होकर संचालित की जाती है जेसीबी मशीन खनन माफिया को आखिर किसका प्राप्त है संरक्षण जिसके चलते खनन माफिया पर नहीं हो पा रही कोई कार्यवाही खबर प्रकाशित होने के बाद भी आखिर खनन विभाग क्यों नहीं कर पा रहा कार्यवाही ?**




**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिला प्रशासन चुनाव में मस्त तो मिट्टी खनन माफिया अवैध रूप से बिना परमिशन के मिट्टी का खनन करने में पूरी तरह से सक्रिय नजर आ रहा है।आपको बताते चलें कि जनपद के थाना राधानगर क्षेत्र के अंतर्गत लक्ष्मनपुर के पास मध्य रात्रि से लेकर दिन में तक खनन विभाग के खौफ से बेखौफ होकर मिट्टी का खनन किया जाता है।जहां मिट्टी से लदे ओवरलोड ट्रैक्टर थाने के ठीक सामने से बेधड़क निकलते हुए दिखाई देते हैं,जिसकी हकीकत चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में देखी जा सकती है लेकिन थाने की पुलिस बिल्कुल अनभिज्ञ बनी बैठी रहती है।

जहां सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार जेसीबी संचालक रामदत्त पाल का कहना है कि मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता क्योंकि स्थानीय थाना राधानगर में वह इसी बात के पैसे देता है कि उसके गाड़ियों को न रोका जाए जिस बात का पालन थानाध्यक्ष बखूबी करते दिखाई देते हैं जब उन्हीं के ठीक सामने से मिट्टी से लदे ओवरलोड ट्रैक्टर निकल कर जा रहे हैं और वह उन्हें रोकवाने की जरूरत तक नहीं समझते हैं तो वहीं दूसरी ओर खनन विभाग को भी कई मिट्टी की अवैध खनन की जानकारी दी गई लेकिन खनन विभाग भी एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल देता है यह कहकर कि जनपद में अकेले हैं और पूरा जनपद हमें देखना होता है तो कहां कहां हम देखें तो फिर क्या ऐसी दशा में धरती मां का सीना यूं ही चार से पांच फिट गहराई पर खोद दिया जाएगा और जिम्मेदार लोग ऐसी बात कहकर अपना पल्ला झाड़ते हुए नजर आते रहेंगे।

वहीं दूसरी ओर खनन विभाग ने यह भी जानकारी दिया है कि इसके पहले भी जेसीबी संचालक रामदत्त पाल के प्रति इसी मनमानी रवैया के चलते जुमार्ना लग चुका है लेकिन फिर भी वह नहीं मान रहा है तो इससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि कहीं कहीं न कहीं जिम्मेदार विभाग के किसी बाबू की ओर से या फिर किसी सफेदपोश नेता के द्वारा ऐसे खनन माफियाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है।जिसके चलते उसके इतने हौसले बुलंद हैं कि वह संबंधित विभाग को भी चेतावनी देता है कि विभाग भी मेरा कुछ नहीं कर पाएगा तो इसका मतलब कि कहीं न कहीं दाल में कुछ काला जरूर है तभी तो उसके हौसले इतने बुलंद हैं।आखिर अब सोचने वाली बात यह है कि संबंधित विभाग और स्थानीय थाना को इस प्रकार से चेतावनी देने वाले खनन माफिया पर विभाग क्या कार्रवाई करता है या फिर हरी नोटों के आगे पूरा मामला लीपापोती कर बराबर कर देगा?

इसी थाना क्षेत्र के बलीपुर गांव में भी अलगझअलग जगहों से जेसीबी के द्वारा मिट्टी का खनन किया जा रहा है।लेकिन खनन विभाग और स्थानीय थाना राधानगर की पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर पा रही है,हालांकि सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार बलीपुर में जो मिट्टी का खनन किया जा रहा उसकी मिट्टी एक नजदीक के ही ईंट भट्टे पर डाली जा रही है। वहीं आपको यह भी बताते चलें कि बलीपुर गांव राजस्व में भी शामिल है तो ऐसी स्थिति में खनन माफिया के द्वारा राजस्व विभाग को भी बहुत अच्छे से चूना लगाया जा रहा है तो वहीं क्षेत्रीय लेखपाल ने बताया कि बलीपुर में जो मिट्टी का खनन हो रहा है वह उनके जानकारी में भी है तो फिर क्या ऐसी दशा में खनन माफिया के द्वारा चार से पांच गहराई कर मिट्टी खोदकर उस जगह को तालाब के बराबर बना दिया जाएगा।।

# प्रथम कॉरिडोर के शेष भूमिगत भाग में शहरवासियों को जल्द करने वाले है मेट्रो सेवा प्रदान

**दैनिक समाज जागरण प्रमोद कुशवाह**





आगरा। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा आगरा मेट्रो के प्रथम कॉरिडोर के शेष भूमिगत भाग में चार टीबीएम के जरिए टनल का निर्माण किया जा रहा है। टीबीएम 3 एवं टीबीएम 4 ने आरबीएस रैंप क्षेत्र से आरबीएस कॉलेज मेट्रो स्टेशन के बीच दोनों टनल का निर्माण पूरा कर लिया है। वहीं, टीबीएम 1 और टीबीएम 2 आगरा कॉलेज से मनःकामेश्वर मंदिर मेट्रो स्टेशन की दिशा में टनल का निर्माण कर रही हैं। यूपी मेट्रो के प्रबंध निदेशक श्री सुशील कुमार ने बताया कि प्रायोरिटी कॉरीडोर में निर्धारित समय से पूर्व मेट्रो सेवा शुरू करने के बाद बैलेंस सेक्शन में शहरवासियों जल्द मेट्रो सेवा प्रदान करने के संकल्प के साथ यूपी मेट्रो टीम काम कर रही है। फिलहाल, शेष भाग में चार टीबीएम के जरिए टनल का निर्माण किया जा रहा है। इस भाग में दो टीबीएम (टीबीएम 3 एवं टीबीएम 4) को आरबीएस रैंप एरिया में स्थित लॉन्चिन शाफ्ट से अप एवं डाउन लाइन में लॉन्च किया गया था। इन दोनों टीबीएम ने आरबीएस कॉलेज मेट्रो स्टेशन पर ब्रेकथ्रू हासिल कर लिया है।जल्द ही ये दोनों टीबीएम आरबीएस कॉलेज मेट्रो स्टेशन से राजा की मंडी मेट्रो की दिशा में टनल निर्माण हेतु रीलॉन्च की जाएंगी। टीबीएम 3 एवं 4 रैंप एरिया से आगरा कॉलेज मेट्रो स्टेशन तक टनल का निर्माण करेंगी। इन्हें आगरा कॉलेज रिट्रीवल शाफ्ट से रिट्रीव किया जाएगा। वहीं, आगरा कॉलेज से मनकाम:श्वर मेट्रो स्टेशन की दिशा में दो टीबीएम 1 एवं 2 टनल को टनल निर्माण हेतु लॉन्च किया गया है। टीबीएम 1 ने अबतक 150 मीटर से अधिक टनल का निर्माण लिया है। वहीं , टीबीएम 2 द्वारा प्रारंभिक रिंग लगाई जा रही हैं।

# मलपुरा पुलिस ने एमपी में वांछित10 हजार के इनामी अपराधी को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण प्रमोद कुशवाह**



आगरा। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर पुलिस सख़्ती से जगहजगह चेकिंग अभियान चला रही है। तो वही एसीपी अछनेरा पूनम सिरोही के मार्गदर्शन में, थाना मलपुरा पुलिस भी जगह-जगह सख़्ती से चेकिंग अभियान चला रही है पुलिस मुजरिमों को ढूंढ ढूंढ कर जेल भेज रही है। मलपुरा नहर पर चेकिंग के दौरान मुखबिर खास ने बताया कि, मध्य प्रदेश से वांछित चल रहा अपराधी 10 हजार का इनामियां पथौली नहर पर खड़ा है। सूचना के आधार पर थाना मलपुरा प्रभारी ईश्वर सिंह तौमर ने तुरंत गिराबंदी कर अभियुक्त को पथौली नहर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त कल्पेंद्र चाहर उ्फ के. डी. पुत्र रामवीर सिंह निवासी कस्बा मलपुरा उम्र करीब 35 वर्ष को मलपुरा पुलिस ने पकड़कर। मध्य प्रदेश पुलिस को सूचना देकर आवश्यक कार्यवाही हेतु उनके सुपुर्द कर दिया। थाना मलपुरा प्रभारी ईश्वर सिंह तौमर ने बताया कि अभियुक्त कल्पेंद्र चाहर उर्फ के. डी. पर मध्य प्रदेश में वांछित चल रहा था। जिस पर 10 हजार का इनाम रखा था। थाना मलपुरा में भी पहले से कई मुकदमे चल रहे हैं। पथौली नहर से पड़कर 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मध्य प्रदेश पुलिस को सपोर्ट कर दिया है।

# तोतों का शिकार कर रहे तीन शिकारियों को पुलिस ने दबोचा

**दैनिक समाज जागरण प्रमोद कुशवाह**

आगरा। थाना किरावली क्षेत्र में गुरुवार को वन विभाग की टीम गश्त के दौरान तोतों का शिकार कर रहे तीन शिकारियों को दबोच लिया। तीनों को थाने लाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। बताया गया है कि वनरक्षक महेश कुमार एवं हमराह भीकम सिंह गश्त के दौरान हाइवे पर किलोमीटर 16 के समीप पंहुचे तो मौके पर नजारा देखकर हैरान रह गंए। दाई पटरी पर यूकेलिप्टस के पेड़ पर बैठे तोता के बच्चों का शिकारियों द्वारा शिकार किया जा रहा था। टीम को देखते ही शिकारी भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर इरफान पुत्र अब्दुल गनी, इरफान पुत्र वजीर स्वान और समीर पुत्र अज्जो को पकड़ लिया। किरावली थाना ले आई। थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह वं चौकी प्रभारी -योगेंद्र सिंह ने तोता के बच्चों सहित तीनों शिकारियों को एसीपी पूनम सिरोही के सामने पेश किया। एसीपी पूनम सिरोही ने शिकारियों से कड़ी पूछताछ की। कड़ी पूछताछ में शिकारियों ने शिकार करना स्वीकार किया। एसीपी के निर्देश पर थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने वन लिभाग की तहरीर पर तीनों शिकारियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धारा 9, 39, 50, 51 के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रहीं है। वही तोते के बच्चों को पेड़ पर ही घौंसला में सुरक्षित कर दिया गया है।



# फ्रीजो केयर पर मिलेंगे अब मल्टी ब्रांड एसी के साथ बिजली बचाने वाले पंखे भी

**दैनिक समाज जागरण प्रमोद कुशवाह**



आगरा। चिलाचिलाती गर्मी में बिजली की कम खपत के बावजूद यदि ठंडक का अहसास मिल जाए तो किसे पसंद नहीं आएगा। ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए संजय प्लेस में फ्रीजो केयर मल्टीब्रांड शोरूम खुल गया है।
शुक्रवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर संजय प्लेस स्थिति फ्रीजो केयर मल्टीब्रांड एसी शोरूम का उद्घाटन हुआ। एक वर्ष की बालिका अदिरा गर्ग द्वारा फीता कटवाकर शोरूम का शुभारंभ किया गया। शोरूम संचालक अवनीश गर्ग ने बताया कि फ्रीजो केयर शोरूम पर ग्राहाकों की पसंद के साथ उनकी सुविधा और जेब का भी ख्याल रखा जाएगा। शोरूम में मित्सुबिशी इलैक्ट्रिक, पैनासोनिक, हिताची, ब्ल्यू स्टार, वोलटास, हायर ब्रांड में एयर कंडिशनर की रेंज आसान किश्तों पर होम डिलवरी के साथ उपलब्ध है। इसके अलावा ब्ल्यू स्टार, उषा, सनराइज, वोलटास, अटलांटा के वाटर कूलर, ब्ल्यू स्टार, वोलटास, वेस्टर्न कंपनी के डीप फ्रीजर भी रखे गए हैं। अवनीश गर्ग ने बताया कि शोरूमें को कुहल (ङवलछ) कंपनी के प्रीमियर क्वालिटी के पंखे ग्राहकों की विशेष मांग पर रखे गए हैं। इसमें पंखे दो तरह के आते हैं, जिसमें सीलिंग पंखें के अलावा स्टैंडिंग पंखे भी हैं, जोकि एक लीटर पानी में पांच घंटे तक ठंडी हवा देते हैं। विशेष बात ये है कि पांच साल की गारंटी के साथ 70 प्रतिशत बिजली की बचत ये पंखा देता है। ये पंखे नैनो मिस्ट तकनीक आधारित हैं।
उद्घाटन के अवसर पर देवेंद्र गर्ग, राजीव गर्ग, पुनीत गर्ग, पुलकित गर्ग, आयुष अग्रवाल, हर्षित, शिप्रा, प्रेरणा, अजय बंसल आदि उपस्थित रहे।

# यूपी बोर्ड 2024 के मेधावी छात्र-छात्राओं व अभिभावको को साल पहनाकर किया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण प्रमोद कुशवाह**




आगरा (डौकी)। हर बर्ष की भांति हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा-2024 में अपनी मेधा का परचम लहराने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान हुआ। इस मौक पर श्री महादेव इंटर कॉलेज टीकत पुरा डौकी के संस्थापक व अध्यापक एवंम अध्यापिकाओ ने अभिभावक को साल पहनाकर व मेधावियों को कॉलेज की ओर से प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित। श्री महादेव इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया। इस मौके पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा- 2024 में अपनी मेधा का परचम लहराने वाले हाईस्कूल की छात्र-छात्रा राधिका और रौनक तोमर, अनिरुद्द व इंटरमीडिएट की छात्र छात्रा भारती, पुष्पेद्र एवंम कॉलेज सभी छात्र छात्राओ को सम्मानित किया। महादेव इंटर कॉलेज के संस्थापक नरेश धाकरे को अपने बीच पाकर छात्र-छात्राएं बहुत ही हर्षोल्लास के साथ खुश नजर आए और अभिभावको को साल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को अभिभावको ने संस्थापक नरेश धाकरे की बहुत सराहना की और संस्थापक ने सभी अभिभावक को शिक्षा के बारे मे कड़ी मेहनत करने व चुनौतियों का सामना करने की सीख दी। संस्थापक नरेश धारके ने कहा कि खेलेगा आगरा, पढेगा आगरा तो बढेगा आगरा। उन्होंने कहा कि चुनौतियों का सामना करने से ही व्यक्तित्व मजबूत बनता है। साथ ही मेधावियों से कहा कि शिक्षा जीवन का पथिक और रोजगार है इसी से आपके जीवन शाति पूर्वक गुजरेगा इस ज्यादा से ज्यादा ध्यान केंद्रित करे, जिससे कि आपके भविष्य के साथ खिलवाड न हो जिससे कि स्कूल व आपके मा बाप का नाम रौशन, मां बाप की मेहनत को व्यर्थ न जाने दे, जिससे स्कूल व आपके मा बाप का नाम रौशन हो। इस अवसर पर सरनाम सिंह धाकरे अध्यक्ष, नरेश धाकरे संस्थापक, रामकुमार धाकरे, राजकुमार पुण्डीर प्रधानाचार्य, नरेश वर्मा, आदि लोग मौजूद रहे।

# आगरा मंडल में विशेष किलाबंदी कर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया।

**दैनिक समाज जागरण प्रमोद कुशवाह**



आगरा। मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल के मार्ग दर्शन में व वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आगरा अमित आनन्द के निर्देशन में आगरा मंडल के आगरा कैंट, मथुरा जं., धौलपुर जं., कोसीकलां व आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन पर विशेष किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमे स्टेशनो के वेटिंग रूम, टॉयलेट्स , दिव्यांगजन कोच को चेक किया गया । चेकिंग के दौरान रेलवे अधिकारी, निरीक्षक, 36 आरपीएफ,08 जीआरपी कर्मचारी,93 टिकट चेकिंग कर्मचारियों को एक साथ स्टेशनो पर लगाया गया।चेकिंग के दौरान स्टेशन पर अफरा तफरी का माहौल रहा, लोग इधर-उधर भागते दिखे कोई टॉयलेट में छिपा तो कोई अपने परिचितों का परिचय देते रहे। इस अभियान में कुल 1435 यात्रियों से जुमार्ना स्वरुप 7,81,840/- रु. रेल राजस्व अर्जित किया गया । जिसमे बिना टिकट 741 यात्रियों से रु. 4,66,305/- , 617 अनियमित यात्रियों से रु. 6,76,535/- तथा गंदगी फैलाते हुए 77 केस रु. 9,000/- जुमार्ना किया गया। जनसंपर्क अधिकारी कु. प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि टिकट चेकिंग अभियान को और गति देते हुए चैकिंग स्क्वाड, विशेष चेकिंग द्वारा मंडल के स्टेशनो एवं मंडल के विभिन्न रेल खंडों पर भी सघन टिकट जांच की जा रही है । उत्तर मध्य रेल अपने यात्रियों को उचित गुणवत्ता का भोजन तथा सुखद यात्रा कराने के लिए सदैव तत्पर है। अतः यात्रियों से अनुरोध है कि वह उचित यात्रा टिकट लेकर ही यात्रा करे, स्टेशन तथा रेल परिसर में गंदगी न फैलाए।

# पेठा समर्थक ने आगरा फोर्ट के सामने से अनोखे अंदाज में लोगों को चमड़ा न अपनाने का दिया संदेश

**दैनिक समाज जागरण प्रमोद कुशवाह**




आगरा। आगरा फोर्ट के सामने शुक्रवार दोपहर मातृ दिवस पर पीपल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (PETA) इंडिया की समर्थक ने दुनिया को अनोखे अंदाज में संदेश दिया। पेटा समर्थक ने बेबी डॉल (खिलौने वाली गुड़िया) के हाथ, पैर और सिर से सजा कोट पहनकर और हाथ में श्हर कोई किसी का बच्चा हैश लिखी तख्ती को लेकर देशी और विदेशी पर्यटकों को जागरूक किया। पेटा ने देश और दुनिया को चमड़ा-मुक्त जीवनशैली अपनाएं का संदेश दिया है। उन्होंने देशी और विदेशी पर्यटकों से कहा कि, हमारे कैंपेन का प्रमुख उद्देश्य जनता को पशुओं के चमड़े से बने कोट, जूते, बैग और अन्य वस्तुओं के निर्माण के दौरान निर्दोष पशुओं को दी जाने वाली गहन पीड़ा के संबंध में जागरूक करना है।
बता दें कि, पेटा ने आगरा फोर्ट के सामने विशेष कैंपेनिंग की। पेटा इंडिया के कैंपेन कोऑर्डिनेटोर उत्कर्ष गर्ग ने कहा कि, जो लोग मानव शिशुओं की त्वचा से बना कोट खरीद कर पहन रहे हैं जो बेहद दर्दनाक है। लोग ये सोच और समझ नहीं पाते हैं कि जो लेदर कोट, बैग्स और अन्य आइटम्स पहन रहे हैं, वो गाय, भैंस या अन्य संवेदनशील पशुओं की त्वचा से बने हैं। लोगों को ये नहीं करना चाहिए। क्योंकि, लेदर प्रोडेक्ट के लिए निर्दोष प्राणियों को प्रताड़ित करके मौत के घाट उतारा जाता है। पेटा इंडिया हर किसी को देश में केवल वीगन चमड़े या अन्य प्राकृतिक या सिंथेटिक पशु-मुक्त सामग्री से बने उत्पादों को चुनने और अपनी अलमारी से पशुओं से प्राप्त सभी वस्तुओं को हटाने के पीलिए प्रोत्साहित करता है।

### चमड़ा सबके लिए खतरनाक

पेटा इंडिया की समर्थक प्रियंका भोज ने बताया कि, चमड़ा उद्योग मनुष्यों के साथ-साथ अन्य पशुओं और इस ग्रह के लिए भी घातक है। भारत में गाय, भैंस और चमड़े के लिए इस्तेमाल होने वाले पशुओं को इतनी बड़ी संख्या में गाड़ियों में ठूंस-ठूंसकर भरा जाता है। जिनकी रास्ते में ही इनकी हड्डियाँ टूट जाती हैं जो असहनीय दर्द सहती हैं। इसके साथ ही बूचड़खाने में इन पशुओं को जिंदा ही काटा जाता है। खुलेआम टुकड़े-टुकड़े करके उनकी खाल उतारी जाती है। इसके बाद चमड़े के कारखानों (टेनरियों) से निकलने वाला जहरीला पानी नदियों और नालों को प्रदूषित करता है। यह पशुओं एवं मनुष्यों को नुकसान पहुंचता है जिससे कैंसर, श्वसन संक्रमण सहित कई गंभीर बीमारियां हो जाती हैं।

### आगरा से इसलिए दिया संदेश

पेटा इंडिया की समर्थक प्रियंका भोज ने बताया कि, आगरा में लेदर शूज और लेदर प्रोडेक्ट का बड़ा कारोबार है। इसलिए, आगरा में ये कैंपेन किया गया है। आज सिंथेटिक लेदर का खूब चलन में है। इसलिए, इनसे ही शूज और अन्य प्रोडेक्ट बनाए जाए। देशभर की लगभग सभी प्रमुख जूते और कपड़ों की दुकानों पर वीगन चमड़े एवं अन्य पशु-अनुकूल सामग्री के विकल्प उपलब्ध हैं। आगरा विश्व पटल पर कैसे लेदर शूज और लेदर प्रोडेक्ट के लिए जाना जाता है। वैसे ही ताजमहल और आगरा किला के लिए मशहूर है। आगरा से पूरी दुनिया में ये सन्देश जाएगा।

## अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर किन्हावर जन मार्ग पर पिलाया गया मीठा पानी

# गर्मी के दिनों में शीतल पेयजल पिलाने से मिलता है पुण्य

**कमलेश कुमार दैनिक समाज जागरण।**

मैनपुरी बिछवा अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर वह ब्राह्मण शिरोमणि भगवान परशुराम की जयंती के पावन अवसर पर किन्हावर जीटी रोड जनमार्ग मोड पर राहगीरों को शीतल पेयजल को मीठा पेयजल पिलाया गया । साथ ही यात्रियों को रोक कर उन्हें प्रसाद वितरण किया गया। वैशाख के माह में राहगीरों को शीतल पेयजल पिलाया गया। साथी ग्रामीणों ने राहगीरों के अलावा ग्रामीणों को भी बुलाकर मीठा रूआवजा का शरबत व शीतल पेयजल पिलाया। शीतल पेयजल पीने के बाद राहगीरों ने राहतचैन की सांस ली। कार्यक्रम में बोलते हुए ग्राम प्रधान राजू पांडे ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होने से समाज के लोग गौरवान्वित होते हैं साथ ही युवा पीढ़ी धर्म के कार्य में आगे बढ़े यह हमारे संस्कार और संस्कृति का प्रतीक है। कार्यक्रम में रवि तिवारी सुनील तिवारी अनुज पांडे वरुण त्रिपाठी साहिल पांडे शिव कुमार अमन कुमार श्यामवीर विनय नीरज राजू पांडे विष्णु कांत दक्ष मिश्रा टीटू दुबे भोला मिश्रा हरिओम ऋषभ रितिक के अलावा आदि लोग मौजूद रहे।

# पालीवाल पार्क में चिल्ड्रन पार्क बनाने के प्रस्ताव को फाइनल करने के मंडलायुक्त ने निर्देश

## खराब आरओ वाटर कूलर मशीन होने पर गुस्साईं मंडलायुक्त

**दैनिक समाज जागरण प्रमोद कुशवाह**




आगरा। मण्डलायुक्त रितु माहेश्वरी की अध्यक्षता में उद्यान विकास समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। सबसे पहले उन्हें अवगत कराया गया कि राजकीय उद्यान शाहजहां पार्क एवं पालीवाल पार्क में आरओ वॉटर कूलर के अवशेष कार्य को पूर्ण कराकर हस्तांतरण की कार्यवाही कर ली गयी है। बैठक में मौजूद समिति की सदस्यों ने शिकायत रखी कि वॉटर कूलर की मशीन खराब है, शीतल जल नहीं मिल रहा है। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि तत्काल ही वॉटर कूलर की मशीन ठीक कराई जाए और अनुबंधित होने के बावजूद वॉटर कूलर का सही से रखरखाव न करने पर संबंधित एंजेसी को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। वहीं सभी राजकीय उद्यान पार्कों में उद्यान विभाग का एक बोर्ड लगाये जाने को कहा। जिसमें पार्क से संबंधित पूरी जानकारी के साथ शिकायत व सुझाव देने हेतु एक संपर्क नंबर भी दिया जाए। पालीवाल पार्क में शौचालय का जीर्णोद्धार कराकर हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण कर दी गयी है किंतु शौचालय के पीछे अधबने शौचालय में लोग अभी भी टॉयलेट कर रहे हैं जिससे वहां आसपास काफी बदबू हो रही है।
अधबने शौचालय को तोड़ने एंव तुरंत वहां से मलबा साफ करने के निर्देश दिए गये। पालीवाल पार्क के दूसरे भाग में चिल्ड्रन पार्क विकसित किए जाने के प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण देखा। प्रस्ताव में आवश्यक बदलाव व सुधार के निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 10 दिन में फाइनल प्रस्ताव एवं आंगणक तैयार किए जाएं, साथ ही चिल्ड्रन पार्क विकसित करने हेतु सीएसआर के माध्यम से फंड जुटाया जाए। राजकीय उद्यान आंबेडकर पार्क (आगरा फोर्ट) की क्षतिग्रस्त बाउण्ड्री वाल, फाउंटेन के जीर्णोद्धार और शाहजहां गार्डन में ताज पश्चिमी द्वार की ओर नीम तिराहे के पास से झलकारी बाई चैराहे तक क्षतिग्रस्त/मरम्मत ग्रिल के कार्य का आंगणक तैयार कर दोनों प्रस्ताव पर्यटन सहभागिता में भेजने के निर्देश दिए। शाहजहां पार्क में आवश्यकतानुसार खराब लाईटों को सही करने एंव लाईट चोरी होने पर संबंधित की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए।
वहीं समिति सदस्यों द्वारा पार्क में गंदगी, प्लास्टिक कचरा, कूड़े के ढ़ेर में आग लगने एवं सूखे पेड़ गिरे पड़े होने की शिकायत रखे जाने पर मंडलायुक्त महोदया ने कड़ी नाराजगी जताई तथा संबंधित अधिकारी को उक्त सभी समस्याओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निरकारण के निर्देश दिए। वहीं पार्क के पास झील की पानी की सफाई हेतु सीएसआर के माध्यम से कार्य योजना तैयार करने को कहा। समिति सदस्यों ने सुझाव रखे कि शहर में जहां कहीं भी पेड़ के चारों तरफ पक्का निर्माण कर दिया गया है, वहां लगभग एक फुट गोलाई में कच्ची जगह छोड़ी जाए। मंडलायुक्त महोदया ने इस व्यवस्था हेतु नगर निगम एवं उद्यान अधिकारियों को निर्देशित किया। संजय पार्क के छोटे भाग में नर्सरी प्लान करने तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने हेतु पालीवाल पार्क व शाहजहां पार्क में स्कूली बच्चों के विजिट तथा अन्या जागरूकता कार्यक्रम कराये जाने के निर्देश दिए गये।
पालीवाल पार्क में फूलों की क्यारियों के अभाव को लेकर निर्देश दिए कि इस वषार्काल में लक्षित वृक्षारोपण के अन्तर्गत पालीवाल पार्क में भी खाली स्थलों को चिन्हित कर बायो डायवर्सिटी के अनुसार फूल वाले पौधों का रोपण किया जाए। पार्क में विलायती बबूल के जो नये पौधे तैयार हो रहे हैं उन्हें तत्काल हटाया जाए। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त सुरेन्द्र कुमार, उपनिदेशक उद्यान धर्मपाल यादव, अधीक्षक राजकीय उद्यान रजनीश पाण्डेय, समिति सदस्य के रूप में डीपी सिंह, केसी जैन, प्रदीप खण्डेलवाल, एडीए से एई सिविल दीपान्कर सिंह, नगर निगम मुख्य अभियन्ता निर्माण बीएल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# महिला वकील के मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण प्रमोद कुशवाह**




आगरा। महिला वकील के मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी महिला वकील को पोर्न साइट के लिंक भेजता था। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी देता था। आरोपी के मोबाइल में पोर्न साइट के कई लिंक मिले हैं। इसके साथ ही मैसेज पर जान से मारने और सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल करने के भी सबूत मिले हैं। आरोपी के पास से एक मोबाइल बरामद किया गया है। सूत्रों का कहना है कि आरोपी बीमा पॉलिसी का काम करता है। इसी संबंध में अधिकारियों से मिलता है। अधिकारियों संग फोटो खिंचवाता है। इन फोटो के आधार पर वो लोगों में अधिकारियों से संबंधों को जताता है। बता दें बल्केश्वर के राधा नगर के रहने वाले एसपी सिंह पर महिला वकील ने आरोप लगाया था कि वो पोर्न साइट के अश्लील लिंक भेजता है। फेसबुक व मैसेंजर पर सुबह से लेकर रात तक लिंक आते हैं। महिला वकील का कहना था कि उसका मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। महिला वकील ने जब भी आरोपी की शिकायत की। आरोपी ने उसे जान से मारने और सामाजिक प्रतिष्ठा को धूमिल करने की धमकी दी। महिला वकील की शिकायत पर पुलिस ने साइबर थाने में मु0अ0सं0 27/24 धारा 509/506/201 भादवि व 67 ए आईटी एक्ट साइबर मुकदमा दर्ज किया। कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम का विवरण : निरीक्षक रीता यादव साइबर थाना, निरीक्षक दिग्विजय सिंह, म०उ०नि० नीतू शर्मा, आरक्षी सन्नी शर्मा साइबर थाना कमिश्नरेट आगरा।

# फिल्म अभिनेत्री दिव्या सेठ शाह ने हाथियों और भालुओं के संरक्षण प्रयासों का किया समर्थन

**दैनिक समाज जागरण प्रमोद कुशवाह**



आगरा। भारतीय फिल्म और टेलीविजन अभिनेत्री दिव्या सेठ शाह ने हाल ही में मथुरा और आगरा में स्थित वाइल्डलाइफ एसओएस केंद्रों का दौरा किया, जहां उन्होंने हाथी और भालू संरक्षण पर जागरूकता पहल के बारे में सीखा। अपनी विजिट के दौरान, दिव्या को हाथी संरक्षण और देखभाल केंद्र, आगरा भालू संरक्षण केंद्र और हाथी अस्पताल परिसर को नजदीक से जानने का अवसर मिला, जिससे उन्हें जानवरों को बचाने और पुनर्वास में वाइल्डलाइफ एसओएस के समर्पित प्रयासों की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त हुई। शुरूआत में, दिव्या ने मथुरा में भारत के पहले हाथी अस्पताल का दौरा किया। यहां, उन्होंने कैद से छुड़ाए गए हाथियों के सामने आने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जाना और घायल, बीमार और वृद्ध हाथियों के इलाज में एनजीओ की पशु चिकित्सा टीम के प्रयासों को देखा। अस्पताल की अपनी यात्रा के दौरान, दिव्या ने अन्य निवासी हाथियों को देखने के अलावा, बुजुर्ग मादा हथिनी जिंजर को नियमित चिकित्सा उपचार और लेजर थेरेपी से गुजरते हुए देखा।
हाथी संरक्षण और देखभाल केंद्र में, दिव्या को अभयारण्य में बचाए गए हाथियों के इतिहास से परिचित कराया गया। उन्होंने देखा कि कैसे एक बार दुर्व्यवहार और क्रूरता का शिकार होने वाले इन हाथियों को जीवन जीने का दूसरा मौका प्रदान किया गया है। संस्था के हाथी देखभाल कर्मचारियों और पशु चिकित्सकों की टीम के साथ जानकारीपूर्ण सत्रों में शामिल होकर, दिव्या ने भारत में एशियाई हाथियों के बचाव और संरक्षण में सामने आने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियों के बारे में गहनता से जाना। दिव्या के एक दिवसीय दौरे का समापन आगरा भालू संरक्षण केंद्र के दौरे के साथ हुआ, जो स्लॉथ भालुओं के लिए दुनिया का सबसे बड़ा बचाव केंद्र है। यहां अभिनेत्री को कुछ निवासी भालुओं की कहानियों के माध्यम से क्रूर 'डांसिंग' भालू प्रथा के बारे में पता चला। इसके अतिरिक्त, दिव्या ने देखा कि कैसे वाइल्डलाइफ एसओएस ने इस प्रथा को हल किया और सुविधा में लगभग 100 स्लॉथ भालूओं को नया जीवन दिया।
अभिनेत्री दिव्या सेठ शाह ने कहा ह्लमैं आप सभी से आग्रह करुँगी कि आप भारत के पहले हाथी अस्पताल का दौरा करें और स्वयं देखें कि इन हाथियों को यहां कितने सुरक्षित रूप से रखा गया है। यहां टीम उन्हें सर्वोत्तम उपचार और आहार प्रदान करती है, और वे यह सुनिश्चित करते हैं कि हाथी अपने दुखद अतीत को भूल जाएं। मैं आप सभी से ट्रेन दुर्घटनाओ में घायल हुए हाथियों पर वाइल्डलाइफ एसओएस की याचिका पर हस्ताक्षर करने का भी आग्रह करुँगी, और बानी की कहानी के माध्यम से - एक हाथी का बच्चा जिसे रेलवे दुर्घटना से बचाया गया था - यह सुनिश्चित करें कि हमारी ट्रेनें और रेलवे ट्रैक हाथी गलियारों में सतर्क रूप से अपना कार्य करें"
वाइल्डलाइफ एसओएस के सह-संस्थापक और सीईओ, कार्तिक सत्यनारायण ने कहा, ह्लदिव्या का हमारे केंद्रों में आने का निर्णय वन्यजीव संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और हाथियों और भालुओं की भलाई की वकालत करने की उनकी इच्छा को दशार्ता है। एक सेलिब्रिटी के रूप में, जितना संभव हो उतने लोगों तक पहुंचने और जागरूकता बढ़ाने के लिए अपनी आवाज का उपयोग करना उनका एक बेहद सराहनीय कदम है।
वाइल्डलाइफ एसओएस की सह-संस्थापक और सचिव, गीता शेषमणि ने कहा, ह्लहम अपने पुनर्वासन केंद्रों में दिव्या जैसी प्रसिद्ध अभिनेत्री को देख कर बेहद खुश हैं। हमें उम्मीद है कि यहां बिताए गए अपने समय के दौरान, वह भालू और हाथियों के सामने आने वाली समस्याओं से संबंधित अधिक मूल्यवान जानकारी लेकर गई होंगी।

# शर्मनाक : आगरा में नाली के अंदर मिला पांच माह का भ्रूण

**दैनिक समाज जागरण प्रमोद कुशवाह**

आगरा। ताजनगरी में एक शर्मनाक मामला सामने आया है। मामला थाना ट्रांस यमुना अंतर्गत एक नाली में पांच महीने का भ्रूण पड़ा हुआ था। जानकारी होने पर लोगों की भीड़ जुट गई, सूचना पर पुलिस भी आ गई। पुलिस ने भ्रूण को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बता दें मंडी समिति के पास महावीर नगर, सुमित नगर वाले मार्ग से नाली निकली है। आज कुछ लोगों ने नाली में एक भ्रूण को पड़ा हुआ देखा। नाली में पानी होने के कारण भ्रूण ऊपर आ गया था। ऐसे में जानकारी मिलते ही यहां लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पुलिस को दी गई तो पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस के अनुसार भ्रूण करीब पांच महीने का है। कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। जांच में जुटी है।

# श्रेय गौड़ बने भाजयुमो के प्रदेश सोशल मीडिया के सदस्य

**दैनिक समाज जागरण प्रमोद कुशवाह**

आगरा । भाजयुमो के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष प्रांशु द्विवेदी की संस्तुति पर प्रदेश भाजयुमो की सोशल मीडिया प्रभारी डॉ ऋचा राजपूत ने आगरा के श्रेय गौड़ को भाजयुमो का प्रदेश स्तर सोशल मीडिया प्रभार का सदस्य नियुक्त किया। इस अवसर पर विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, भाजपा महानगर उपाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, संजय शर्मा, भरत शर्मा, एडवोकेट राजीव सिंह टाटा, अतुल शर्मा, पवन चौहान, पवन सिंह इत्यादि ने हर्ष व्यक्त किया।

# कानपुर में भाजपा के खिलाफ दहाड़े राहुल-अखिलेश : 2024 में पीएम नहीं बनेंगे मोदी

## - यूपी में इंडी गठबंधन को मिलेंगी 50 सीटें

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां 13 में को होने वाले लोकसभा चुनावमें बाजी करने के लिए भाजपा, बसपा सपा और कांग्रेस के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है।

इसी क्रम में यहां इंडी गठबंधन की ओर से राजकीय इंटर कॉलेज, चुन्नीगंज में चुनावी जनसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ जमकर दहाड़े।




अखिलेश यादव ने कहा इसी राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान से तय हो जाएगा कि सरकार बदलने वाली है। किसानों को गैर जरूरी नैनो यूरिया खरीदवा दी गई।

हमारी सरकार बनते ही अग्निवीर व्यवस्था खत्म करेंगे। कानपुर को कामपुर बनाना हमारा लक्ष्य, सबको काम देना हमारी प्राथमिकता।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा-नरेंद्र मोदी डर गए हैं। वे इसी डर के मारे अपने मित्रों से कह रहे हैं- अडाणी-अंबानी मुझे बचाओ। इंडी गठबंधन ने घेर लिया है। मैं हारने वाला हूं। राहुल ने दावा किया कि 2024 में मोदी पीएम नहीं बनेंगे।

राहुल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने करोड़ों युवाओं को बेरोजगार कर दिया। वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से करोड़ों रुपए लिए। आप मर रहे थे और वो कह रहे थे कि थाली बजाओ और ताली बजाओ। नफरत को खत्म करने के लिए हमने मोहब्बत फैलाई है।

कानपुर में राहुल ने कहा-पिछले 3 साल से हम मोदी के खिलाफ लड़ रहे हैं। यूपी में इंडी गठबंधन को 50 सीटें मिलेंगी। मेड इन कानपुर के सामने मेड इन चाइना नहीं टिक सकता। लेकिन मोदी जी ने अडाणी को फायदा पहुंचाया।

जीएसटी, नोटबंदी कर उन्होंने कानपुर को खत्म किया। हाथ ही नहीं गला भी काटा। अडाणी के लिए हमारे बिजनेस खत्म कर दिए। अडाणी का 16 लाख करोड़ रुपए माफ किया। डिफेंस से लेकर सोलर इंडस्ट्रीज तक अडाणी को दे दी। इस दौरान सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम रहे।

# कानपुर में गरजीं मायावती - पूंजीपतियों से पैसा लेकर चुनाव लड़ती भाजपा और कांग्रेस

- पूंजीपतियों से पैसा लेकर सरकार चलाती कांग्रेस और भाजपा
-अगर इस बार ईवीएम में गड़बड़ी नहीं हुई तो परिणाम आएंगे बढ़िया
- आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस की तर्ज पर चल रही भाजपा

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। चल रहे लोकसभा चुनाव में जीत के लिए मतदाताओं को रिझाने के क्रम में आज शुक्रवार को रमईपुर स्थित मगरासा गांव मैं जनसभा को संबोधित करते हुए बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि इस बार अगर ईवीएम में गड़बड़ी नहीं हुई तो निश्चित रूप से परिणाम बढ़िया आने वाले हैं। वह यहां कानपुर से प्रत्याशी कुलदीप भदौरिया व अकबरपुर के प्रत्याशी राजेश द्विवेदी के समर्थन में सभा को संबोधित कर रही थीं।



इस दौरान उन्होंने भाजपा और कांग्रेस समेत इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने भाजपा के नमक खाकर वोट देने मुद्दे को उठाते हुए कहा कि यह मुक्त राशन जनता का हक है। यह आपके पैसे से ही आपको खिलाकर वोट अपने पक्ष में लेने का प्रलोभन दिया जा रहा है। इसलिए 13 को जब वोट देने जाएं तो सतर्क रहें।

चौथे चरण के मतदान से तीन दिन पहले मायावती ने यह भी कहा कि बीजेपी के अच्छे दिन के वादे हवा हवाई रह गए। अन्य पार्टियों आरक्षण को खत्म करने की दिशा में काम कर रही है। उनकी नीतियों से समाज का गरीब और किस वर्ग परेशान है। गलत आर्थिक नीतियों से व्यापारी वर्ग भी परेशान चल रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व की आड़ में मुस्लिम समाज का शोषण किया जा रहा है।

उन्होंने भरोसा देते हुए कहा कि हमारी पार्टी मुस्लिम संत और ब्राह्मण समाज के उत्थान के लिए काम करेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा और अन्य पार्टी बड़े-बड़े उद्योगपतियों को पैसे लेकर उन्हें राज्यसभा और विधान परिषद भेजती है। उन्होंने आरक्षण के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि कांग्रेस शुरू से ही आरक्षण का विरोध करती रही है। अब भाजपा भी उसी तर्ज पर चल रही है।

उन्होंने सवाल उठाते हुए यह भी कहा कि कांग्रेस के लोग किस मुंह से कहते हैं कि वह आरक्षण के हितैषी हैं दलित पिछड़े और आदिवासी के हिमायती बना सिर्फ वोट की राजनीति है।

बसपा प्रमुख मायावती ने भाजपा ने कभी भी संविधान के हिसाब से आरक्षण देने का कार्य नहीं किया है। भाजपा सत्ता में है फिर भी ब्राह्मण समाज का सबसे अधिक उत्पीड़न हो रहा है जिससे यह समाज दुखी है।

उन्होंने चुनावी मंच से यह भी कहा कि अगर ईवीएम में गड़बड़ी नहीं हुई तो चुनावी नतीजे कुछ और होंगे। उन्होंने जनता को एग्जिट पोल से सतर्क रहने के लिए कहा और इसके झांसे में नहीं आने की बात कही। उन्होंने यह कहा कि बसपा सर्वजन हिताय पर सरकार चलाएगी। दलित और आदिवासी के पिछड़ों की सुरक्षा और उत्थान के लिए कार्य करेगी।

मायावती ने भाजपा और कांग्रेस पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि यह दोनों पार्टियां पूंजीपतियों से चंदा लेकर चलने वाली सरकार हैं। जबकि बसपा ऐसा नहीं करती है। मायावती ने कहा कि बीएसपी कार्यकताओं के सहयोग और जन्म दिन के मौके पर जो थोड़ा-थोड़ा पैसा एकत्र होता है। वहीं पैसा पार्टी में खर्च होता है। जबकि भाजपा और कांग्रेस पूंजीपतियों से पैसा लेकर चुनाव लड़ती हैं।

# गुपचुप बेचने वाले से ग्राहक ने किया मारपीट,मामला पुलिस थाना तक पहुंचा

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 11 मई )कोतवाली की जामा मस्जिद के समीप गुपचुप कम खिलाने को लेकर ठेलेवाले से विवाद हो गया। ठेलेवाले को युवक ने गाली-गलौज कर पीटा, जिससे वह घायल हो गया।ठेलेवाले को जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया है, जहां पर उसका उपचार किया जा रहा है।

### गुपचुप कम देने की बात पर हुई मारपीट

गुपचुप का ठेला लगाने वाले घायल रामकिशोर पिता पंचमसिंह पटेल उम्र 39 वर्ष ने बताया कि दुकान में कैलाश नाम का युवक गुपचुप खाने के लिए आया था और गुपचुप खाने के बाद बोला गुपचुप कम दी है, यह कहकर विवाद करने लगा, विवाद बढ़ने पर युवक ने गाली-गलौज कर ईंट मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### बढ़ते विवाद को स्थानीय लोगों ने कराया शांत

विवाद को देख स्थानीयजन मौके पर जमा हुए और विवाद को शांत कराकर घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया है। वहीं मारपीट की जानकारी पुलिस को मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल का बयान दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को लेकर ग्राम करकी मे विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**समाज जागरण जयसिंहनगर**

सर्व ब्राम्हण समाज करकी के द्वारा अक्षय तृतीय के पावन अवसर पर भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर ग्राम करकी के बस स्टैंड मे स्थिति दुर्गा माता मन्दिर परिसर मे भगवान परशुराम का विधि विधान से पूजा अर्चना करके आरती सम्पन्न की गयी इसके बाद समस्त विप्रजनों के सहयोग से इसी मन्दिर परिसर मे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था भगवान परशुराम जी की पूजा आरती सम्पन्न होने के बाद कन्या भोज का कार्यक्रम शुरू किया गया जिसमे छोटी छोटी कन्याओ का कन्या पूजन करके कन्या भोजन शुरू हुआ फिर इसके बाद भण्डारे की शुरूआत हुई जिसमे भारी संख्या मे ग्राम व क्षेत्रवाशियों ने भण्डारे क प्रसाद प्राप्त किया

### विशाल वाहन रैली का आयोजन

आज के इस परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर भण्डारे के आयोजन के बाद समस्त ब्राम्हण समाज के द्वारा वाहन रैली का आयोजन का किया गया जिसमे भारी संख्या मे छोटे बड़े वाहन भगवा रंग के झंडो के साथ शामिल हुए यह वाहन रैली दुर्गा मन्दिर परिसर से शुरू होकर के ग्राउंड से होते हुए पुरे गाँव क भ्रमण करते हुए काली चौराहा होते हुए शक्ति माता मन्दिर से होते हुए पुनः दुर्गा माता मन्दिर बस स्टैंड मे पहुँचकर के भारी उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ

### इनका रहा सहयोग

आज के इस भगवान परशुराम जन्मोत्सव के कार्यक्रम मे ग्राम करकी के समस्त विप्रजनों का सराहनीय योगदान रहा जिसमे मुख्य रूप से ब्राम्हेंद्र शुक्ला,अनिल शुक्ला,नारेंद्र शुक्ला,अरुण शुक्ला, डॉ.ओमप्रकाश शुक्ला, ओमप्रकाश शुक्ला (शिक्षक),शिवम् शुक्ला,विवेक तिवारी,अभिषेक शुक्ला,गौलेश शुक्ला,पिन्टू शुक्ला,दीपक शुक्ला,भोलू शुक्ला, दिव्यांश तिवारी,ज्ञानेंद्र चतुवेर्दी,महेंद्र शुक्ला,देवेंद्र शुक्ला,चन्दन तिवारी, अजय शुक्ला (प्यारे),निशान्त शुक्ला व समस्त विप्रजनों का सराहनीय योगदान रहा जिससे इस वर्ष का यह परशुराम जन्मोत्सव का कार्यक्रम भी बहुत ही शानदार तरीके से सम्पन्न हुआ और आगे भी इसी तरह के आयोजन के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे.

# इंद्रजीत, कैलाश एवं विकास कर रहे गरीब को प्रताड़ित

**समाज जागरण**


उमरिया।एक तरफ सरकार माफियाओं परनकेल कसने के लिए अभियान चला रही है वहीं मानपुर में ऐसे माफिया गरीब व्यक्ति को डरा धमका कर प्रताड़ित कर रहे हैं जिससे गरीब परिवार डरा हुआ है। खुलेआम बंदूक धारी आपराधिक तत्व के लोगो के सहारे इंद्रजीत, कैलाश विकास गुप्ता विधवा की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं जिसकी सूचना पूर्व में थाना मानपुर में दी गई लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हो रही है ।विधवा महिला अनीता तिवारी पति स्वर्गीय राम कमल तिवारी की बंदोबस्ती पुश्तैनी भूमि है जिस पर इंद्रजीत विकास गुप्ता एवं कैलाश गुप्ता द्वारा रोज बाहरी गुंडो को बुलाकर इनको परेशान किया जा रहा है जिसकी शिकायत पूर्व में थाना मानपुर में की गई है लेकिन आज दिनांक तक थाना मानपुर द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई है जबकि बाहरी गुंडो के द्वारा बंदूक निकलकर इनको लगातार धमकाया गया एवं आज उनके घर के सामने जबरन दीवाल खड़ी की जा रही है 100 डायल पर फोन लगाने के बाबजूद भी किसी परिवार के निकलने व आने जाने का रास्ता बंद किया जा रहा है कैलाश ,विकास व इंद्रजीत द्वारा मानपुर में लगातार ऐसे ही कार्य किया जा रहे हैं । बताया जाता है कि यह तीनों व्यक्ति विवादित है और अक्सर विवाद को अंजाम देते रहते हैं जिले की पुलिस अधीक्षक से आग्रह है की तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए कैलाश विकास और इंद्रजीत सहित बाहरी अपराधिक लोगों के उपर जल्द ही कार्यवाही कर व्यथित परिवार की जान माल की सुरक्षा की जाए।

# शासन की जनकल्याणकारी योजनाओ के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी**

बीडीओ हरहुआ राजेश बहादुर सिंह ने आंगनबाड़ी केंद्र और मनरेगा के कार्यो मे रूचि न लेने के आरोप मे शुक्रवार को तीन सेक्रेटरियो का वेतन रोक दिया।

बीडीओ हरहुआ ने आज सुबह से ही सभी निमार्णाधीन परियोजनाओअमृतसरोवर,आँगनबाड़ी केन्द्र ,पंचायत भवन और मनरेगा के कार्यो का निरीक्षण किया। शिवरामपुर,जैपार और नोनौटी मे आँगनबाड़ी केन्द्र का कार्य बंद तथा संबंधित सचिव ग्रामपंचायत मे उपस्थित नही मिले। उनका वेतन रोक दिया गया।




उक्त के अतिरिक्त बीडीओ हरहुआ ने अटेसुआ मे अमृतसरोवर,सुलेमापुर मे पंचायतभवन तथा आयर मे पीएम आवास निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीओ आईएसबी सुनील पांडेय ,सेक्रेटरी संजय गुप्त,बीना सोनकर ,सीमा यादव उपस्थित रहीं।

# भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ने घर-घर घूम कर मोदी के रोड शो के लिए दिया निमंत्रण

**राजातालाब समाज जागरण**
**विनीत कुमार सिंह राजातालाब. वाराणसी**

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने जनपद के कई गांव में घूम कर लोगों को प्रधानमंत्री के रोड शो में आने का निमंत्रण दिया ।मालूम हो कि प्रधानमंत्री 13 में सोमवार को वाराणसी में रोड शो करेंगे यह रोड शो उनके नामांकन से एक दिन पहले आयोजित किया गया है। जिला अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने कंदवा, चितईपुर,मोहन सराय आदि इलाकों में भ्रमण कर लोगों को आमंत्रित किया ।उन्होंने कहा कि यह काशी की सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां से तिबारा चुनाव लड़ने के लिए आ रहे हैं। कहा की काशी के लोग प्रधानमंत्री का चुनाव करते हैं। उन्होंने कहा कि काशी के लोग प्रधानमंत्री के परिवार के हैं।



इस दौरान उनके साथ कर्दमेश्वर मंडल की मंत्री सुषमा सिंह,शक्ति केंद्र संयोजक संजय मिश्रा,जितेंद्र केशरी, सुधीर वर्मा, हरिश्चंद्र निगम,राधेश्याम सिंह,शनि वर्मा आदि रहे।

# रमरमा माइंस में मजदूर हुआ दुर्घटना का शिकार, कंवेयर बेल्ट की चपेट में आने से पैर कटा

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 11 मई )एपीटी एंड संस रमरमा माइंस के मजदूरों को यहां के कुप्रबंधन का शिकार हो गया। एपीटी मिनरल्स रमरमा में रात्रि की पाली में कार्यरत अस्थायी मजदूर मुकेश वरकड़े (19) का पैर कंवेयर बेल्ट की चपेट में आने से उसका पैर घुटने के नीचे से काटना पड़ा। बताया गया कि मुकेश कंवेयर मशीन की मोटर चालू करने गया था। इसी दौरान उसका पैर कंवेयर बेल्ट की चपेट में आ गया और उसका पैर कटकर दूर जा गिरा।



### गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

पिता का कहना है कि मुकेश की मां लकवा ग्रस्त हैं। बेटे का पैर कट जाने से अब उन्हें ही मुकेश को सहारा देंगे। मुकेश को गंभीर हालत में बालाघाट के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अक्सर अंडर ग्राउण्ड एवं ओपन खदान में उच्च सुरक्षा मानकों के पालन करने का दावा किया जाता है। बावजूद इसके खदान के भीतर हाल फिलहाल में ही कई गंभीर दुर्घटनाएं हुई हैं। बावजूद इसके माइंस प्रबंधन लगातार हो रहीं दुर्घटनाओं से कोई सबक न लेकर दुर्घटना में घायल हो रहे मजदूरों की ही लापरवाही बता रहा है।

### माइंस प्रबंधन पर लगा लापरवाही का आरोप

मजदूरों ने बताया कि माइंस प्रबंधक दबाव में मन चाहा कार्य करवाते हैं। चाहे वह मजदूरी हो या कार्य विभाजन। विरोध करने पर नौकरी से निकालने की धमकी देते हैं। इससे पूर्व हुई दुर्घटनाओं में पीडितों को माइंस प्रबंधन की ओर से मुआवजे के नाम पर अपर्याप्त राशि देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली जाती हैं। जानकारी के अनुसार मुकेश ठेका कंपनी का कर्मचारी है। उसकी पूरी जवाबदारी ठेका कंपनी की है।

नागपुर के ठेका कंपनी के संचालक अजय खंडेलवार हैं। दुर्घटना के बाद अब तक ठेकेदार ने घायल मजदूर की कोई सुध नहीं ली और न ही कोई संवेदना दिखाई, जिसके कारण मजदूरों मे आक्रोष दिख रहा है। सीटू यूनियन के प्रमुख सचिव संतोष मंडलवार ने बताया कि पीड़ित एवं उसके परिवार को मुआवजा एवं स्थायी नौकरी सहित अन्य मांग माइन प्रबंधन के सामने रखी है। वहीं, माइन मैनेजर मधुकर चौधरी का कहना है कि मुकेश स्वयं मोटर चालू करने गया था या किसी के आदेश पर चालू करने गया था, यह जांच का विषय है। नियमानुसार जो भी उनका अधिकार है, प्रदान किया जाएगा।

# एसईसीएल एवं म.प्र.पा.ज.कं.लि. के मध्य तीन निष्क्रीय खुली खदान के भराव हेतु समझौता ज्ञापन (MOU) निष्पादित

**समाज जागरण विजय तिवारी**

धनपुरी। दिनांक 10.05.2024 को मेसर्स साउथ ईस्टर्न कोल इंडिया लिमिटेड , सोहागपुर क्षेत्र, धनपुरी स्थित महाप्रबंधक कार्यालय में मेसर्स अमरकंटक ताप विद्युत गृह, चचाई एवं एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र के मध्य तीन निष्क्रिय खदानो को अ.ता.वि.गृ. चचाई से निस्काषित फ्लाई ऐष से भराव करने हेतु समझौता ज्ञापन निष्पादित किया गया है।

एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री श्रीकृष्णा की उपस्थिति में, अ.ता.वि.गृ. के मुख्य अभियंता श्री महेन्द्र लाल पटेल एवं एसईसीएल बुढ़ार-सोहागपुर क्षेत्र के उपक्षेत्रीय प्रबंधक श्री जय प्रकाष महतो द्वारा अ.ता.वि.गृ. चचाई से निकलने वाली फ्लाई ऐष से अनुपयोगी बैगा, ट्रेंच एबीसीडी एवं ट्रेच टी-3 खुली खदान का, भराव करने हेतु समझौता ज्ञापन निष्पादित किया गया। इस अवसर पर ताप विद्युत गृह के अधीक्षण अभियंता सह नोड़ल अधिकारी (फ्लाई ऐष) श्री विजय देब, कार्यपालन अभियंता श्री अखिलेष कुमार सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। एसईसीएल की ओर से श्री पंकज गौतम, एवं केषव मीणा, पर्यावरण अधिकारी एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र, उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री महेन्द्र लाल पटेल द्वारा जानकारी प्रदान की गई कि इस भराव कार्य में कुल 24 लाख घनमीटर फ्लाई ऐष का अनुमानित उपयोग आकलित किया गया है जिससे भूमि सतह के स्तर को प्राप्त करने तक कार्य संपन्न किया जावेगा तथा इस भूमि को उन्नत करते हुए अंत में वृक्षारोपण/उद्यान निर्माण का कार्य किया जावेगा जिससे पर्यावरणीय हितों के संवर्धन के साथ-साथ अ.ता.वि.गृ., म.प्र.पा.ज.कं.लि., चचाई की फ्लाई ऐष उपयोगिता में वृद्धि सुनिष्चित हो सके। श्री पटेल ने जानकारी दी कि वर्तमान में अ.ता.वि.गृ. चचाई के राखड़ बॉध में 37 लाख घन मीटर फ्लाई ऐष उपयोग हेतु उपलब्ध है।

समझौता ज्ञापन निष्पादन समारोह में उपस्थित विषिष्ट अतिथी श्री श्रीकृष्णा महाप्रबंधक, सोहागपुर क्षेत्र ने अपना हर्ष व्यक्त करते हुए अ.ता.वि.गृ. चचाई को पर्यावरणीय हितों के संवर्धन एवं फ्लाई ऐष उपयोगिता में वृद्धि के परिप्रेक्ष्य में अपनी शुभकामनाए प्रेषित की साथ ही आवंटित अनुपयोगी खदानों का अतिषीघ्र भूभराव कर समतलीकरण प्रकिया संपन्न करने का अनुरोध किया है, श्री एस. एम. कृष्णा ने अपने उद्बोधन में यह व्यक्त किया कि एसईसीएल सदैव पर्यावरण हितों के लिए समर्पित रहा है पूर्व में हमारे क्षेत्र अंतर्गत आवंटित शारदा ओपीक्यूआर खुली खदान में मेसर्स एमबी पॉवर जैतहरी एवं अ.ता.वि.गृ. चचाई द्वारा 11 लाख घनमीटर राख का भराव कर भू समतलीकरण की प्रकिया संपन्न की जा रही है जिससे इस क्षेत्र में पर्यावरण हितों की वृद्धि संभव होगी। भविष्य में हम इस तरह की अन्य अनुपयोगी खदानों को फ्लाई ऐष से भराव हेतु विद्युत संयंत्रों को उपलब्ध कराते रहेंगें।

एसईसीएल बुढ़ार-सोहागपुर क्षेत्र के उपक्षेत्रीय प्रबंधक श्री जय प्रकाष महतो ने अ.ता.वि.गृ. चचाई के अधिकारीगणों को पर्यावरण संवर्धन हेतु किये जा रहे सराहनीय योगदान की प्रषंसा करते हुए, भराव कार्य का संपादन म.प्र.प्र.नि.बो. द्वारा जारी जारी दिषानिदेर्षानुरूप करते हुए निर्धारित उपयोगिता लक्ष्य प्राप्त करने हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित की है।

# अवादा फाउंडेशन गरीब परिवार में किया निशुल्क राशन वितरण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**
**रामेश्वर वाराणसी**


समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन करने वाले लोगो की सेवा करना मानव समाज का सबसे बड़ा कर्तव्य है उसी के अंतर्गत अक्षय तृतीय के अवसर पर अवादा फाउंडेशन ने जयापुर और नागेपूर गांव के गरीब और असहाय 25 लोगो को निशुल्क राशन किट वितरण किया । इस राशन किट में आटा,चावल ,चीनी , प्याज,आलू, लहसुन मसाला सहित पूरे एक महीने का राशन मौजूद हैं। अवादा फाउंडेशन द्वारा राशन वितरण कर उनके जीवन को आसान बनाने का प्रयास करने का प्रयास किया।मुख्य ट्रस्टी रितु पटवारी ने कहा समाज में कोई व्यक्ति भूखा पेट नहीं सोए इसके लिए हम सभी हमेशा प्रयास करना चाहिए।गरीबों की सेवा ही हम सभी का सबसे बड़ा धर्म है जिसका हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझ कर निर्वहन करना चाहिए।आज दीपक जेना और राहुल सिंह पटेल ने लोगो को राशन किट वितरण किया। राशन किट पाने वालो में से ज्योति, कोमल, देवनाथ प्रजापति, पुन्न वाशी, सुभाष मुनीब सहित कुल 25 लोगो को राशन किट दिया गया।इस दौरान अवादा फाउंडेशन की टीम और ग्रामीण उपस्थित रहे।




# ब्राह्मण समाज ने मनाया भगवान परशुराम जी की जयंती

**समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी**

भगवान परशुराम भार्गव वंश में जन्मे भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं, उनका जन्म त्रेतायुग में हुआ था। अक्षय तृतीया के दिन जन्म लेने के कारण ही भगवान परशुराम की शक्ति भी अक्षय थी। भगवान परशुराम भगवान शिव और भगवान विष्णु के संयुक्त अवतार माने जाते हैं। शास्त्रों में उन्हें अमर माना गया है। आज उनके जयंती पर सनातन ब्रह्म समाज के तरफ से अनंतपुर स्थित परशुराम मंदिर में भव्य और दिव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भगवान परशुराम का श्रृंगार के साथ-साथ आरती और महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य रूप से विपिन पांडे योगेश द्विवेदी सूरज मिश्रा आनंद पांडे प्रीतेश त्रिपाठी ओमप्रकाश दुबे राकेश प्रसाद अभिषेक विजय अभिषेक महेश योगेश सहित सैकड़ो की संख्या में भक्ति उपस्थित रहे।आयोजक विपिन पांडेय(संस्थापक) सनातन ब्रह्म समाज ने बताया शाम को कथा पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया जायेगा।



# जिला अस्पताल में अब बॉयोमेट्रिक मशीन से ली जाएगी उपस्थिति

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 11 मई )कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा ने 7 मई को शहीद भगत सिंह जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए बैठक आयोजित की थी। बैठक में दिए गए निदेर्शानुसार अब परिणाम मिलने लगे है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने डॉक्टर्स की उपस्थिति के अलावा सफाई कर्मी, वार्ड बॉय सहित कई शाखाओं के कर्मियों की समय और उपस्थिति के लिए निर्देशित किया गया था। सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने बताया कि जिला चिकित्सालय में शुक्रवार को बॉयोमेट्रिक मशीन स्थापित की गई है। प्रारम्भिक तौर पर दो मशीनों के माध्यम से गार्ड, एसएनसीयू, वॉर्ड बॉय, एनआरसी, हॉउस कीपिंग के सफाई कर्मी आदि अपनी उपस्थिति देना प्रारम्भ कर दिया है। जिला चिकित्सालय में ऐसे करीब 100 कर्मचारी है जो नियमित रूप से इसी के माध्यम से उपस्थिति देंगे। इस सम्बंध में ठेकेदारों व सभी को निर्देशित किया जा चुका है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा दिये गए निदेर्शों का शत प्रतिशत पालन करने की दिशा में जिला चिकित्सालय द्वारा सभी प्रयास किये जा रहें है।



# जल दूत कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित हुई चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने बनाई पेंटिंग

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 11 मई )पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बालाघाट में शुक्रवार को जल दूत कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा जल संरक्षण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया गया। साथ ही वर्षा अभियान, जल संचयन प्रणाली थीम पर आधारित पेंटिंग बनाकर जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयत्न किया गया। विद्यार्थियों द्वारा बहुत ही आकर्षक पेंटिंग बनाई गई जिसमें उन्होंने पर्यावरण, पृथ्वी और जीव जंतुओं के महत्व को दशार्या। वर्तमान समय में जल संरक्षण बहुत जरूरी है। यह एक आवश्यक मुद्दा है जिसके लिए जागरूक रहकर ही भविष्य को आश्वस्त किया जा सकता है।




# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर विविध धार्मिक आयोजन संपन्न

जैतहरी (जितेंद्र शर्मा) ब्राह्मण समाज जैतहरी के तत्वाधान में अक्षय तृतीया के अवसर पर शुक्रवार को श्री परशुराम चौक नगर परिषद के पास भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया गया जिसमें सुबह 9:00 बजे पूजा 10:00 रामायण पाठ एवं दोपहर 12:00 बजे प्रसाद वितरण किया गया. इस अवसर पर पं विजय मिश्रा, पं श्याम नारायण शुक्ला, पं आशीष पांडे, पं विजय शुक्ला पं राम जी शर्मा के साथ ब्राह्मण समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।



# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने फुनगा चौकी अंतर्गत ग्राम फुनगा से एक वारंटी को किया गिरफ्तार

अनुपपुर लोकसभा चुनाव के लिए पुलिस अपराधियों और अराजकतत्वों पर पैनी नजर बनाए हुई है. साथ ही अपराधियों पर सख्त कार्रवाई कर रही है.आरोपी फुनगा चौकी, भालुमाडा थाना क्षेत्रों से संबंधित हैं.

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेंद्र सिंह पवार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मंसूरी एवं एसडीओपी अनूपपुर के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी सुमित कौशिक ने फरार वारंटी कैलाश शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है

वहीं पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेंद्र सिंह पवार ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं.

सुमित कौशिक ने बताया कि फरार वारंटी की सूचना मिलने पर कैलाश शर्मा पिता केशव शर्मा उम्र 46 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपी को जिला जेल अनूपपुर भेज दिया गया है. फुनगा चौकी प्रभारी सुमित कौशिक ने बताया कि ये वारंटी लंबे समय से फरार चल रहा था जिसके ऊपर अपराध क्रमांक 243/2018 धारा 294,323,326,506,34 ता हि के प्रकरण दर्ज है

# मारपीट में एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी**

जंसा थाना क्षेत्र के देईपुर गांव निवासी सतीश कुमार केसरी पुत्र बाबूलाल केसरी ने जंसा पुलिस को प्राथर्ना पत्र देकर आरोप लगाया है कि बीते बुधवार की रात मैं अपनी दुकान पर बैठा था कि दशरथपुर गांव निवासी बेमिसाल उर्फ हंडिया पुरानी रंजिश को लेकर दुकान के अंदर घुस गया और मारपीट करने लगा हल्ला गुल्ला सुनकर भाई आशीष केसरी भी मौके पर बीच बचाव करने पहुंच गया जिस पर वह उसके साथ भी मारपीट करने लगा घटना में भाई एवं हमें गंभीर चोटे आई है वही इस मामले में जंसा पुलिस धारा 323 504 506 452 के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

## श्रीनारायण सेवा समिति ने राम सेवक शर्मा की स्मृति पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**समाज जागरण/ ब्यूरो संभल**

संभल/चन्दौसी। श्री नारायण सेवा समिति के वरिष्ठ संरक्षक एवं अनेक सामाजिक संस्थाओं में शीर्ष पदों पर कार्यरत राम सेवक शर्मा का देहावसान हो जाने के कारण उनकी स्मृति में "श्रद्धांजलि सभा" का आयोजन आज ब्रजनगर स्थित 'भोलेनाथ भवन' में किया गया जिसमें शर्मा जी के योगदान के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की सराहना करते हुए भावभीनी



श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण ने स्व. रामसेवक शर्मा के चित्र के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनकी स्मृतियां साझा की। अध्यक्ष सुभाष वार्ष्णेय ने रूंधे गले से कहा कि शर्मा अत्यंत संजीदा व्यक्ति थे, उन्होंने कभी किसी को असंतुष्ट नहीं किया। संरक्षक कृष्ण गोपाल मंगलम ने कहा कि शर्मा का व्यक्तित्व सादगी, विनम्रता और विवेकशीलता से परिपूर्ण था। प्रबंधक हरीश कठेरिया एड. ने बताया कि शर्मा जी सदैव समिति के कार्यों सदैव सहयोग से करते थे, उनमें समाज सेवा की भावना कूट-कूट कर भरी हुई थी। विपिन कुमार गुप्ता ने कहा कि शर्मा जी सामाजिक चिंतन के साथ-साथ काव्य प्रतिभा के भी धनी थे। एस. एन. शर्मा ने कहा कि उनका जुड़ाव समाज सेवा की अनेक संस्थाओं से था और वह उन सभी में ज्येष्ठ पदों पर कार्यरत थे।

अंत में सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर उतनी उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

इस अवसर पर डॉ. राजकुमार गोयल, मुकुंद अग्रवाल, नितेश उपाध्याय, सूर्यजीत सिंह एवं संजीव कुमार उपस्थित रहे।

## ब्राह्मण सभा के तत्वाधान में भगवान परशुराम जी का प्रकटोत्सव शोभा यात्रा के साथ धूमधाम से मनाया

**समाज जागरण/अंकित कुमार**

संभल/चंदौसी। नगर में भगवान परशुराम जी के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में शोभायात्रा बहुत धूमधाम से ब्राह्मण शक्ति संघ और श्री ब्राह्मण सभा के तत्वाधान में मनाई गई। जिसका शुभारंभ बड़ा महादेव से एवं समापन रघुनाथ आश्रम पर किया





गया शोभा यात्रा में आकर्षक झांकियां मन मोह रही थी शोभा यात्रा का प्रारंभ भगवान परशुराम जी की आरती करके किया गया, भगवान शिव के रूप में परशुराम जी की झांकी अपनी ही अलग ही छटा बिखेर रही थी, राधा कृष्ण के रूप में सजे कलाकार अपने नृत्य द्वारा और काली माई का अखाड़ा अपने करतबों का प्रदर्शन कर वातावरण को भव्यता प्रदान कर रहे थे। शिव पार्वती जी की पालकी अमन शर्मा द्वारा अपनी टीम के साथ निकली गयी, डीजे पर बजने वाले भक्ति गीतों पर संगठन के सदस्यों ने थिरकते हुए भगवान परशुराम जी की जय जयकार कर रहे थे। शोभा यात्रा बड़ा महादेव से प्रारंभ होकर कैथल गेट ब्रह्मा बाजार घंटाघर बड़ा बाजार बिसौली गेट होती हुई श्री रघुनाथ आश्रम पर पहुंचकर संपन्न हुई समापन पर भगवान परशुराम जी की आरती समाज के विप्रजनों द्वारा की गई शोभा यात्रा में हजारों बंधुओ ने उपस्थित होकर शोभा यात्रा की शोभा बढ़ाई समापन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन भी ब्राह्मण शक्ति संघ द्वारा किया गया।

शोभायात्रा में ब्राह्मण शक्ति संघ के संरक्षक हरद्वारी लाल मिश्रा, श्री ब्राह्मण सभा संरक्षक अतुल शर्मा, श्री ब्राह्मण सभा संरक्षक मंडल अतुल शर्मा राजेन्द्र शर्मा, रामकुमार शर्मा, दिनेश शर्मा, बिरजू मिश्रा, सुनील शर्मा घंटे वाले, बनवारी लाल पाठक, राजीव रावत, प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा, प्रदेश महामंत्री अभिनव शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवराम वत्स, सचिन मिश्रा, विवेक शर्मा गुमथल, विभोर भारद्वाज, उमाकांत शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश गौड़ कोषाध्यक्ष सचिन शर्मा, भाजापा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष संभल मोक्षिक शर्मा, जिला संरक्षक राजीव पाठक, जिलाध्यक्ष अविरल शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष ब्रिजेश शर्मा, अंकित मिश्रा, मोनू शर्मा, गौरव शर्मा, यश भारद्वाज, नगर अध्यक्ष निशान्त शर्मा, महामंत्री राहुल शर्मा, गिरीश शर्मा, यश शर्मा, सचिन मिश्रा, संगीता भार्गव, प्रीति शर्मा, रिंकी शर्मा, मोहित गौड़, शुभम अतुल उपाध्याय, रवि शंखधार, विनय पाराशर, मयंक शर्मा, प्रशांत शर्मा, रवि पंडित, अंकित गोस्वामी, अभिषेक उपाध्याय, प्रियांशु शर्मा, निशांत शर्मा, अभिनय पाराशर, विकास पाराशर, सुधांशु पंडित, उदय पंडित, देव पंडित, ललित पंडित, अवनीश शर्मा, जुगल किशोर शर्मा, विकास शर्मा, शुभम शर्मा, सत्येंद्र पाठक, अविनाश शर्मा, शरद शर्मा, अतुल शर्मा, इशांत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## हनुमानगढ़ी विद्युत उपकेंद्र पर विद्युत आपूर्ति प्रात 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगी बाधित

**समाज जागरण/ ब्यूरो संभल**

संभल/ चंदौसी :उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि शनिवार 11 मई को विद्युत आपूर्ति प्रात 09:00 बजे से लेकर दोपहर 2:00 बजे तक हनुमानगढ़ी विद्युत उपकेंद्र पर आगामी ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत जर्जर छ३ एबीसी तार बदला जाएगा `फ्छ्रर योजना के अंतर्गत विद्युत लाइन प्रणाली के सुदृढीकरण का कार्य किया जाएगा` ताकि ग्रीष्म ऋतु में विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सप्लाई के साथ-साथ विद्युत लाइन से सुरक्षा भी दी जा सके। इसके चलते ग्राम मई, मोहल्ला हनुमानगढ़ी, आर आर के स्कूल के पास व सीता रोड आदि सभी मोहल्ले की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि विद्युत संबंधी कार्य समय से पूर्ण कर ले। ताकि किसी भी नागरिक को कोई असुबिधा ना हो।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**समाज जागरण/ ब्यूरो संभल**

संभल/चंदौसी :शुक्रवार को नगर पंचायत नरौली के मौहल्ला बजरिया स्थित सरस्वती शिशु मंदिर मे शुक्रवार शाम को ब्राह्मण सभा की ओर से भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया



सभी भक्त जनों ने भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की तथा सभा में आये सभी भक्त जनों ने भगवान परशुराम के फोटो पर माल्यार्पण कर दीपक प्रज्वलित किया` तत्पश्चात शिवओम शर्मा व राकेश कुमार प्रधानाचार्य ने भगवान परशुराम के बारे मे सभी को जानकारी दी इस अवसर पर ओमवीर सिंह एडवोकेट, राकेश शर्मा अर्पित त्रिवेदी, राहुल शर्मा अमरीश शर्मा, प्रशांत शर्मा, पिंकू शर्मा, मिन्टू शर्मा विनोद शर्मा, सुनील त्रिवेदी, बालेराम शर्मा, रामवीर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## असमोली पुलिस ने चोरी किए हुए बकरे को तीन अभियुक्तों के साथ किया बरामद, किया चालान

**समाज जागरण/अंकित कुमार**

संभल :शुक्रवार को बदले हसन पुत्र जुम्मा निवासी मदाला फत्तेहपुर द्वारा थाना असमोली में सूचना दी गयी कि कि अज्ञात चोरो द्वारा उसके घर से कमरे का ताला तोडकर कमरे में बँधे बकरे को चोरी कर लिया है बदले हसन की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत मुकदमा किया गया। तथा उसकी जांच हेतु पुलिस सक्रिय हो गई `प्रभारी निरीक्षक हरीश कुमार थाना असमोली के



नेतृत्व में अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत थाना असमोली पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार दस मई को गस्त के दौरान मुखविर की सूचना पर तीन अभियुक्त आलम पुत्र फकीरा उर्फ फकीर मौहम्मद उम्र करीब 35 वर्ष तथा सद्दाम पुत्र फकीरा उर्फ फकीर मौहम्मद नि० ग्राम मवई ढोल थाना असमोली उम्र करीब 33 वर्ष शाने आलम पुत्र समेराज नि० मौ० कटरा थाना सम्भल उम्र करीब 35 वर्ष को ग्राम सफातनगर को जाने वाले रास्ते पर नर्सरी के पास बिलालपत तिराहे पर मय चोरी किया हुआ बकरा की बरामदगी के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी अभियुक्तों को जेल भेजा जा रहा है।

## यातायात पुलिस बीच रोड पर वाहन रोक कर करती हैं चैक, यातायात होता है बाधित

### संभल के कलेक्ट्रेट मुख्यालय स्थित बहजोई चौराहे पर प्राइवेट वाहनों का जमावड़ा यातायात पुलिस बेखबर

**समाज जागरण/ ब्यूरो संभल**

संभल/बहजोई। मुख्य चौराहे पर प्राइवेट वाहनों व ठेलों का खडा होना आम जनमानस को सर दर्द बनता जा रहा है।

आपको बता कि बहजोई में इस्लाम नगर चोराहें के नाम से जाना जाता है बह चौराहा नगर का मुख्य चौराह है परन्तु बहा अतिक्रमण के चलते आवागमन बाधित हो रहा है, यातायात पुलिस वहा फेल नजर आ रही है। खास बात यह है कि पुलिस



अतिक्रमण को तो हटाने से रही ऊपर से बीच रोड पर ही वाहन रोक कर चैक करने लगती है, पीछे फिर चाहे जाम लगे उनको इसकी परवाह नही।

आए दिन संभल में यातायात नियमों को ताक पर रखकर प्राइवेट वाहन चालक रोड़ के बीचों बीच खड़ा कर देते हैं, जहां चाहे सवारी उतारें या चढ़ायें उन्हें कोई रोक नही सकता ऐसा लगता है या तो पुलिस उन्होंने खरीद ली हो या फिर पुलिस का डर नहीं अगर ऐसा नही है तो चौराहे की दुर्दशा क्यूं।

आखिरकार नगर वासियों के इस जाम की झाम से कब मिलेगी निजात, सूत्रों की मानें तो चौराहे पर बनी दुकानों के मालिक ठेले खडे करने के लेते है रुपये क्योंकि आज के समय में कोई भी दुकानदार अपनी दुकान के सामने फ्री में ठेला क्यों लगने देगा।

पुलिस को सोचना चाहिए कि आये दिन लग रहे जाम के चलते राहगीरों को कितनी परेशानी का सामना करना पड़ता, इसको देखते हुए आप स्वयं अंदाजा लगा सकते हैं कि पुलिस कितनी सक्रिय है।

## पराक्रम के कारक और सत्य के धारक हैं परशुराम: सुबोध गुप्ता

**समाज जागरण/ब्यूरो संभल**

संभलः हिंदू जागृति मंच के तत्वावधान में भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई जिसमें वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

नगर के मोहल्ला दुर्गा कॉलोनी में स्थित अमृत कूप मंदिर में सर्वप्रथम भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष माल्यार्पण किया गया एवं पुष्प अर्पण किए गए। प्रदेश प्रभारी आशा गुप्ता ने भगवान परशुराम से संबंधित भजन प्रस्तुत किया जिसका सभी ने सामूहिक उच्चारण किया। प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा भगवान परशुराम जी समस्त जगत का कल्याण व



धरती पर वैदिक संस्कृति का प्रचार कर लोगों में आस्था जगाना चाहते थे। वे हमेशा अपने माता पिता और गुरुओं की आज्ञा की पालना करते थे। वे हमेशा हर वक्त बड़ों का आदर व सम्मान करते थे। उन्होंने अपने जीवन में कभी भी किसी की अवहेलना नहीं की। वे यही चाहते थे कि यह सारा जगत पशु पक्षियों, फल फूलों, वृक्षों व प्रकृति के लिए हमेशा सदा-सदा के लिए जीवन्त रहे। प्रदेश महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने कहा परशु पराक्रम का प्रतीक है। राम सत्य सनातन का पर्याय है, इस प्रकार परशुराम का अर्थ पराक्रम के कारक और सत्य के धारक भी होता है। शास्त्रोक्त मान्यता तो यह है कि परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं, अतः उनमें आपादमस्तक विष्णु ही प्रतिबिंबित होते हैं। इस अवसर पर विकास कुमार वर्मा, रचित रस्तोगी, अमित वार्ष्णेय, राजेंद्र सिंह गुर्जर, अतुल कुमार शर्मा, भरत मिश्रा, दुष्यंत मिश्रा, मीनू रस्तोगी, सरिता गुप्ता, आशा गुप्ता आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्षता अरुण कुमार अग्रवाल तथा संचालन श्याम शरण शर्मा ने किया।

## भारतीय मानव कल्याण समिति ने मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**समाज जागरण /ब्यूरो संभल**

संभल/चंदौसी।विनायक मार्ग स्थित समिति कार्यालय पर भगवान परशुराम के अवतरण दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। सर्वप्रथम भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

भारतीय मानव कल्याण समिति प्रबंधक डॉ टीएस पाल ने परशुराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा आज अक्षय तृतीया का पर्व है और इस तिथि पर भगवान विष्णु के छठें अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया। भगवान परशुराम महर्षि जमदग्नि और रेणुका की संतान हैं। भगवान परशुराम का प्राकट्य काल प्रदोष काल में हुआ था और ये 8 चिरंजीवी पुरुषों में एक हैं। ऐसी मान्यता है कि भगवान परशुराम आज भी इस




धरती पर मौजूद हैं। परशुराम जन्मोत्सव और अक्षय तृतीया पर किया गया दान-पुण्य कभी क्षय नहीं होता। अक्षय तृतीया के दिन जन्म लेने के कारण ही भगवान परशुराम की शक्ति भी अक्षय थी। 8 चिरंजीवियों में भगवान परशुराम समेत महर्षि वेदव्यास, अश्वत्थामा, राजा बलि, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य और ऋषि मार्कंडेय हैं जो आज भी इस कलयुग में विचरण कर रहे हैं। उनके जीवन से हमें अन्याय एवं अत्याचार के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा मिलती है।

कार्यक्रम अध्यक्षता संयोजक आकाश कुमार शर्मा ने तथा संचालन शुभम उपाध्याय ने किया।

कार्यक्रम में श्यामसुंदर दुबे, अतुल उपाध्याय, गोविंद मिश्रा, कृष्ण मोहन गुप्ता, विमल शर्मा, राहुल शर्मा, अंकित गोस्वामी, देव शर्मा, प्रशांत शर्मा, मोहित गौड़, रवि शंखधार, मयंक वार्ष्णेय चिंकल, लक्ष्मीकांत उनियाल, मुनीश वार्ष्णेय, सक्षम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## धड़ल्ले से चोरी छिपे बिक रहा है चाईनीज मांझा

### जानलेवा चाइनीज माँझे पर कब लगेगी रोक

**समाज जागरण/सलीम अंसारी**

संभलः चाईनीज मांझे से हो रहे हादसे ओर सरकार की पाबन्दी के बाद भी पतंग फरोश चाईनीज मांझे की ब्रिकी किए बगैर नहीं मान रहे हैं। किसी की जान जाये या कोई घायल हो इन पर कोई असर नहीं है इनको तो मतलब बस ब्रिकी से है।

क्षेत्र मे आये दिन गर्दन कटने, हाथ कटने ओर अन्य शरीर के हिस्सों को घायल करने वाले पतंग के चाईनीज मांझे की चोरी छिपे बिक्री हो रही है। जैसे की पिछले दिनों एक सप्ताह पूर्व अमरोहा निवासी जो संभल के मोहल्ला कोट गर्वी ससुराल आये हुए बाइक सवार फैसल अली पुत्र जहूर खां की नगर के हल्लू सराय जनता पेट्रोल पंप के निकट जाते हुए बहुत बुरी तरह से गर्दन कटी थी और गर्दन में 45 टांके आए थे उनका इलाज निजी



अस्पताल मे चल रहा है। आये दिन होने वाले हादसों को लेकर भी न तो प्रशासन की ओर से कोई कदम उठाया जा रहा है ओर न पतंग फरोश चाईनीज मांझे की बिक्री किए बगैर बाज आ रहे हैं। पतंग उड़ाने वाले अपने शोक के लिए दूसरों की जान से खेल रहे है। ऐसे मे चाईनीज मांझे पर सम्भल प्रशासन द्वारा समय रहते प्रतिबंध नहीं लगाया गया तो आने वाले समय मे यह घटनायें हर गली ओर मौहल्ले मे आम हो जायेगी। हांलाकि चाईनीज मांझे की चपेट मे आने से दूसरे इलाकों मे मौते होना ओर घायल होने की घटनायें प्रकाश मे आती रही३ हैं। सम्भल के विभिन्न हिस्सों मे भी आये दिन घायल होने के मामले सामने आते रहते है। एक व्यक्ति ने बताया की नगर के चमन सराय मे दो पतंग फरोश एवं दो कोट गर्बी के पतंग फरोश धड़ल्ले से चोरी छीपे चाईनीज मांझा बैच रहे हैं।

## नव नवेली दुल्हन प्रेमी संघ फुर्र, पिता ने थाने में दिया प्रेमी के खिलाफ प्रार्थना पत्र

**कमलेश कुमार दैनिक समाज जागरण**

कुरावली। थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी पिता ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि अपनी पुत्री शीतल (काल्पनिक) की शादी 27 अप्रैल 2024 को जनपद फिरोजाबाद के थाना एका निवासी एक गाँव में हिन्दू रीति रिवाज के साथ संपन्न की थी। पीड़ित ने बताया कि बीते 7 मई को मेरी पुत्री दामाद के साथ एटा बाजार करने के लिये जिद्द करने लगी तो दामाद एटा बाजार करने के लिये ले आये। जैसे ही एटा के कैलाश मन्दिर के निकट पहुंचे तो पुत्री ने दामाद से कहा कि प्यास लग रही है पानी पीना है तो दामाद पानी लेने के लिये चले गए इसी बीच मौका पाकर दामाद को छोड़कर मेरी पुत्री कुरावली थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी प्रेमी के साथ चली गयी



है। काफी खोजबीन करने की कोशिश की लेकिन अभी तक कोई पता नही चल सका। पुत्री के पास सोने चांदी के आभूषण थे वो भी साथ ले गयी। पीड़ित पिता ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## वाहन का इंतजार कर रहे किशोर को बाइक सवार ने मारी टक्कर टक्कर लगने से किशोर घायल।

**समाज जागरण मैनपुरी बिछवां**

थाना क्षेत्र के एक मार्ग पर वाहन का इंतजार कर रहे एक किशोर को सुबह एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन किशोर को इलाज के लिए अस्पताल ले गए। एटा जनपद के थाना नया गांव के नदराला निवासी मुस्तकीम पुत्र शेर अली शुक्रवार की सुवह नौ बजे के लगभग थाना क्षेत्र के भनऊ पुल के नजदीक भोगांव जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था तभी सामने से आये एक बाइक सवार ने बाइक को लापरवाही व तेजी से चलाते हुए टक्कर मार दी जिसमें वह घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले गए।

## जगह बंटवारे को लेकर देवर ने भाभी को गाली-गलौज करते हुए की मारपीट पीड़िता ने आरोपी देवर के खिलाफ थाने में दी तहरीर।

**समाज जागरण मैनपुरी बिछवां**

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक महिला ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि सुबह जगह बंटवारे को लेकर मेरे देवर व देवर के लड़के ने मुझे गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव ब्रजपुर निवासिनी शिवश्री पत्नी रक्षपाल सिंह ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि शुक्रवार की सुवह जगह के बंटवारे को लेकर मेरे देवर नरेश कुमार पुत्र मिश्रीलाल व उनका पुत्र नवीन मुझे गाली गलौज करने लगा। जब मैंने गाली गलौज का बिरोध किया तो उक्त लोगों ने मुझे गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की छानवीन शुरू कर दी है।

## 90 बर्षीय पान बिक्रेता की दुकान से पान खरीदना किया शुरू

मैनपुरी कुरावली। नगर के सदर बाजार स्थित लल्लन बाबू की पान की दुकान बाजार जब चर्चा का बिषय बनी हुई है। कारण जर्जर दुकान पर बैठा 90 साल का बुजुर्ग सर्दी गर्मी बरसात मे ग्राहक का इंतजार करते हुए इंस्पेक्टर की नजर पड़ी तो रुक कर पान लगवाया तो दुकानदार खुश हो गया। लखनऊ कानपुर बनारस की तरह यहाँ पान खाने के शौकीन नही है। यही कारण पान बिक्रेताओं के हालात नही सुधरे है।

बताते चले सदर बाजार मे मोहल्ला कानून गोयान के रहने बाले बुजुर्ग लल्लन बाबू पिछले 90 बर्षो से पान बेचने का कार्य करते है। नगर व क्षेत्र मे पान के शौकीन कम संख्या मे होने के कारण बुजुर्ग लल्लन बाबू गरीबी मे जीवन यापन कर रहे है।



नवागत थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह चौहान द्वारा चलाई जा रही अनोखी पहल ने लल्लन पान बाले की दुकान चर्चा की चर्चा चारो तरफ चल रही है। शाम को गस्त के दौरान इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंहे ने पान खाना हमारा शौक नही है हमारे पान खरीदने से किसी के दो वक्त की रोटी मिल जाये इससे बड़ी खुशी क्या हो सकती है लल्लन बाबू की पान की दुकान पर ठहर कर हर रोज पान खरीद कर खाते है और लोगो को पान खाने के लिए प्रेरित कर रहे है। इस बारे मे जब उनसे बात की तो उन्होंने बताया सुपाड़ी, तम्बाकू रहित पान खाना स्वास्थ्य के लिए काफी लाभप्रद है। पान खाने से कब्ज नही होती है। शरीर की मेटा बोलिज्म क्रिया ठीक रहती है। पान के पत्तों एंटी ऑक्सीडेंट होते है इस कारण शरीर मे बसा आदि का क्षरण कर देते है। वही तम्बाकू गुटका खाकर लोग कई बीमारियों को ग्रहण करते है। इस लिए तम्बाकू गुटका की जगह सादा पान खाना स्वास्थ्य के लिए हितकर साबित हो सकता है। वही दुकानदार लल्लन बाबू इस पहल से खुश हो रहे है।

## खबर का असर कुर्रा पुलिस ने 24, घंटे के अंदर तीन बलात्कारीयों को किया गिरफतार

**कमलेश कुमार दैनिक समाज जागरण**

मैनपुरी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना कुर्रा पर लिखे मुकदमा से संबंधित पोक्सो एक्ट वनाम 1. टिन्कू उर्फ सुखवेन्द्र पुत्र वीरपाल सिह निवासी ग्राम ग्राम भौड़ा थाना कुर्रा जिला मैनपुरी 2. सुरजीत पुत्र मेघनाथ निवासी ग्राम भौड़ा थाना कुर्रा जिला मैनपुरी 3. गोलू उर्फ करन उर्फ अमनराज पुत्र शिवपाल उर्फ गुड्डू निवासी ग्राम भौड़ा थाना कुर्रा जिला मैनपुरी के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक मैनपुरी विनोद कुमार के अनुपालन मे व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मैनपुरी के कुशल निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी करहल मैनपुरी के सफल परिवेक्षण में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के अनुक्रम में, आज दिनांक 10,मई 2024 थानाध्यक्ष कुर्रा दिनेश कुमार मय हमराह के विवेचना व वाछित अभियुक्तों



तलाश में थे। तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि थाना कुर्रा क्षेत्र में हुए गैंग रेप से सम्बन्धित तीनो अभियुक्त किशनी करहल मार्ग मईखेड़ा वाली पुलिया पर खड़े है ।यदि जल्दी की जाये तो पकड़े जा सकते है। मुखविर की सूचना पर थानाध्यक्ष कुर्रा मय हमराही के मय मुखविर को साथ लेकर मुखविर के बताये स्थान पर पहुँचे तो मुखविर ने बताया कि किशनी जाने वाली सड़क के किनारे जो तीन व्यक्ति एक साथ खड़े है। मुखबिर के बताए अनुसार कुर्रा थानाध्यक्ष द्वारा मय हमराही की मदद से तीनो व्यक्तियो को घेर कर पकड़ लिया पकड़े हुए व्यक्तियो से नाम पता पूछा तो तीनो ने अपना नाम क्रमश 1. टिन्कू उर्फ सुखवेन्द्र पुत्र वीरपाल सिह निवासी ग्राम ग्राम भौड़ा थाना कुर्रा जिला मैनपुरी 2. सुरजीत पुत्र मेघनाथ निवासी ग्राम भौड़ा थाना कुर्रा जिला मैनपुरी 3. गोलू उर्फ करन उर्फ अमनराज पुत्र शिवपाल उर्फ गुड्डू निवासी ग्राम भौड़ा थाना कुर्रा जिला मैनपुरी वताया तीनो अभियुक्तगणों को कानूनी कार्रवाई कर न्यायालय मैनपुरी भेजा दिया।

## अक्षय तृतीया पर मंदिरों में दर्शन पूजन को उमड़े श्रद्धालु

### भक्तों की भीड़ सरयू नदी में स्नान करने के बाद मठ मंदिरों में दर्शन करने पहुंचे

**समाज जागरण अयोध्या।**

रामनगरी अयोध्या में अक्षय तृतीय के मौके पर शुक्रवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पतित पावनी मां सलिला सरयू में स्नान कर मठ - मंदिरों में दर्शन पूजन कर रहे हैं। अक्षय तृतीय पर मठ - मंदिरों में विशेष पूजन - अर्चन किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर अक्षय तृतीय पर रामलला के भोग प्रसाद के लिए महाराष्ट्र के पुणे से मौसमी फल पहुंचे हैं, विश्व हिंदू



परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा के अनुसार अक्षय तृतीय के पर्व पर रामलला को भोग लगाने के लिए महाराष्ट्र राज्य के पुणे महानगर से 11000 हापुस आम और मौसमी फल सहित आम रस की बोतलें अयोध्या पहुंची हैं।

इसके अलावा गुप्तारघाट स्थित पंच मुखी हनुमान मंदिर पर सवा लाख हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा है। मंदिर के महंत महाराज विमल कृष्ण दास ने बताया कि अक्षय तृतीय पर सवा लाख हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा है, सुबह से यह पाठ चल रहा है

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या का किया प्रयास इलाज जारी

आगरा। थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत गांव बिप्रावली में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया फंदे पर झूलती हुई युवती को देखकर परिजनों में हड़कंप मच गया तत्काल उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार रितु पुत्री छत्रपाल उम्र करीब 19 वर्ष निवासी गांव विप्रावली थाना पिनाहट ने घर में



किसी बात से क्षुब्द होकर संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली फांसी के फंदे पर युवती को लटका देख परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों द्वारा तत्काल युवती को फंदे से उतारकर इलाज के लिए सीएचसी केंद्र में भर्ती कराया। जहां से उसे हायर सेंटर आगरा के लिए रेफर कर दिया अस्पताल में युवती का इलाज जारी है।

# सीएम योगी रुद्राभिषेक कर प्रदेशवासियों के लिए की कामना, अक्षय तृतीया व परशुराम जयंती की दी शुभकामनाएं

**शशि भूषण दूबे कंचनीय**

लखनऊ गोरखपुर ।स्वयं सिद्ध मुहूर्तों से सुसंपन्न अक्षय तृतीया की पावन तिथि पर शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कर प्रदेशवासियों की आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की।सीएम ने सभी नागरिकों को अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जयंती की शुभकामनाएं दी। गोरखनाथ मंदिर स्थित पीठाधीश्वर आवास के प्रथम तल पर शक्तिपीठ में सीएम योगी ने भगवान भोलेनाथ को विल्व पत्र, कमल पुष्प, दूर्वा आदि अर्पित करने कर बाद दूध और फलों के रस से रुद्राभिषेक किया। मठ के विद्वत पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद सीएम ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन और आरती की। सीएम योगी ने अक्षय तृतीया पर्व पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए एक्स पर लिखा कि सौभाग्य व समृद्धि के पावन पर्व अक्षय तृतीया की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। त्रिभुवन स्वामी



भगवान श्री विष्णु जी एवं मां लक्ष्मी जी से प्रार्थना है कि सभी का जीवन सुख-शांति, संपन्नता व उत्तम स्वास्थ्य से परिपूर्ण हो। सीएम योगी ने आगे लिखा कि अक्षय तृतीया के पावन तिथि को ही भगवान परशुराम का अवतरण भी हुआ था। यह तिथि परशुराम जयंती के रूप में भी मनाई जाती है।भगवान विष्णु के आवेशावतार, भक्ति, शक्ति एवं विद्वता के शाश्वत प्रतीक, भगवान श्री परशुराम की जयंती पर प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। अपने ज्ञान, शौर्य व तपोबल से न्याय की स्थापना करने वाले भगवान परशुराम को नमन।

महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने महाराष्ट्र से आए श्रद्धालुओं के एक बड़े समूह की नजर जैसे ही गोरखनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण कर रहे सीएम योगी पर पड़ी तो समूह में शामिल लोग खुशी से झूम उठे। सैकड़ों की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम और योगी-योगी के जयकारे लगाने शुरू कर दिए। इन श्रद्धालुओं के उत्साह और उल्लास को देखते हुए सीएम उनके पास पहुंचे और अभिवादन कर उनका कुशलक्षेम जाना। सीएम ने मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों को निर्देशित किया कि किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए।


# चतुर्थ चरण की 13 लोकसभा सीटों तथा ददरौल विधान सभा उप निर्वाचन के लिए 13 मई को होगा मतदान

## प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद सभी दलों के बाहरी कार्यकताओं व पदाधिकारियों की निर्वाचन क्षेत्र में मौजूदगी प्रतिबंधित रहेगी

**शशि भूषण दूबे कंचनीय**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में चतुर्थ चरण के अंतर्गत प्रदेश में आगामी 13 मई, 2024 (सोमवार) को 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 136-ददरौल विधान सभा उप निर्वाचन-2024 के लिए मतदान होगा। चतुर्थ चरण के इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 130 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं, शाहजहाँपुर जनपद की 136-ददरौल विधान सभा उप निर्वाचन-2024 के लिए 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-126 के तहत निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने से पूर्व के 48 घंटे की अवधि में अर्थात कल



11 मई, 2024 को सायं 06 बजे से चतुर्थ चरण के सभी 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा ददरौल विधान सभा उप निर्वाचन के लिए भी चुनाव प्रचार-प्रसार संबंधी समस्त गतिविधियों व अभियानों पर प्रतिबंध रहेगा। चुनाव प्रचार की अवधि समाप्त होने के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों में सभी राजनैतिक दलों के बाहरी कार्यकताओं व पदाधिकारियों की मौजूदगी पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव प्रचार अभियान समाप्ति के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि राजनैतिक दलों के सभी बाहरी पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित न रहें। इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी आयोग के निर्देश को सभी राजनैतिक दलों, उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के दिन मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगायी गयी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में चतुर्थ चरण के अंतर्गत 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा ददरौल विधान सभा उप निर्वाचन के लिए 13 मई, 2024 (सोमवार) को मतदान होना है। चौथे चरण की 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 27-शाहजहॉपुर (अ0जा0), 28-खीरी, 29-धौरहरा, 30-सीतापुर, 31-हरदोइ (अ0जा0), 32-मिश्रिख (अ0जा0), 33-उन्नाव, 40-फरूर्खाबाद, 41-इटावा (अ0जा0), 42-कन्नौज, 43-कानपुर, 44-अकबरपुर, 56-बहराइच (अ0जा0) लोकसभा सीटें आती हैं। चतुर्थ चरण की 13 लोकसभा सीटों में 08 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और 05 सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। चतुर्थ चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के शाहजहॉपुर, खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर नगर, उन्नाव, फरूखाबाद, एटा, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज व बहराइच सहित 13 जिलों के अंतर्गत आते हैं।

# उत्कृष्ठ फिल्म पत्रकारिता के लिए"लीजेंड दादा साहब फाल्के अवॉर्ड 2024"से नवाजे गए' गिरजाशंकर अग्रवाल

दैनिक समाज जागरण प्रदीप बच्चन (ब्यूरो चीफ बलिया यूपी) प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता-के सी बोकाड़िया,अभिनेता-धीरज कुमार, संगीतकार-दिलीप सेन ने "लीजेंड दादा साहेब फाल्के अवार्ड 2024" से गिरिजा शंकर अग्रवाल को सम्मानित किया।

मुंबई मायानगरी से श्री अग्रवाल जी ने वरिष्ठ संवाददाता-प्रदीप बच्चन को दूरभाष के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि ' मुंबई के उपनगर अंधेरी वेस्ट के मेयर हॉल में कृष्णा चौहान फाउंडेशन के संस्थापक,निमार्ता,निर्देशक-कृष्णा चौहान के तत्वाधान में आयोजित विशाल "लीजेंड दादा साहेब फाल्के अवार्ड 2024" से बॉलीवुड के प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता निर्देशक-के. सी.बोकाडिया,सुनील पाल, वेस्टर्न इंडिया सिने एम्पलाइज फेडरेशन के अध्यक्ष-बी.एन.तिवारी,सिंगर-ऋतु पाठक,(बिग बी)अभिताभ बच्चन के मेकपमैन-दीपक सावंत,प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता,डायरेक्टर-धीरज कुमार,संगीतकार-दिलीप सेन, (मुंबई)ए.सी.पी.-संजय पाटिल,मुख्य अतिथि-डॉक्टर मुकेश साहू महेश्वरी (राष्ट्रीय नेता भाजपा,दिल्ली),ब्राइट आउटडोर मीडिया के प्रतिनिधि-निक्की बत्रा,भारती छाबड़िया जी



ने"लीजेंड दादा साहेब फाल्के अवार्ड 2024" से गिरजा शंकर अग्रवाल को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ फिल्म पत्रकार व राइटर-गिरजा शंकर अग्रवाल ने बताया कि"मेरी चांदनी" "इक खूबसूरत पकड़" "सनम कैसे कैसे" फिल्म के स्क्रिट लिख चुके हैं। राइटर,फिल्म रिपोर्टर-गिरिजा शंकर अग्रवाल जी, तकरीबन अठाईस वर्षो से फिल्म पत्रकारिता के क्षेत्र मे काम करते आ रहें हैं। गिरिजा शंकर अग्रवाल ने बताया कि बॉलीवुड मैगजीन"फिल्मों की रफ्तार,फिल्मी झलक,फिल्म हाउस,सिने ग्लोबल, मायापुरी,समर इंडिया,अनंत टी. वी.लाइव,जागृति टी.वी,विशेष दृष्टि, हिंद लाइव,मुंबई हलचल,दैनिक यशबाबू ,दैनिक अमरदीप मुंबई,मुंबई चक्र,सबलगढ़ टाइम्स,सब का सपना इत्यादि में हमारी फिल्मी खबरें प्रकाशित होती रहती है। इसके अलावा भी अनेकों न्यूज पेपर,पोर्टल, चैनल पर भी,आर्टिकल प्रकाशित होते रहते हैं। राइटर,बॉलीवुड रिपोर्टर-गिरजा शंकर अग्रवाल ने बताया कि ईश्वर की कृपा तथा मीडिया के प्रमुख संपादकों का हमारे ऊपर विशेष आशीर्वाद हैं ।जो हमारी खवरें निरंतर अपने पेपर,पोर्टल,चैनल पर अलग से न्यूज के लिए स्थान प्रदान करते हैं। उन सभी का दिल से बहुत ही आभारी हूं। जिन्होंने अपने पेपर, पोर्टल, चैनल के माध्यम से हम जैसे पत्रकारों,लेखकों को आगे बढ़ने का भरपूर मौका दिया है ।उन्होंने कहा हैं। कि बॉलीवुड का सबसे अच्छा"दादा साहेब फाल्के अवार्ड" हैं। जो बहुत ही गौरव की बात है। और अवार्ड पाकर बहुत ही खुशी हो रही हैं।

### अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने की खुशी मनाते आम पार्टी के लोग

दैनिक समाज जागरण / प्रदीप बच्चन

आम आदमी पार्टी के संयोजक व मुख्यमंत्री दिल्ली सरकार मा.अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने पर,बलिया(यूपी) के सिकंदरपुर मे खुशी का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विधान सभा-सिकंदरपुर मे आम आदमी पार्टी के विधान सभा अध्यक्ष-अंजनी राजभर ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि आज आम आदमी पार्टी के संजोजक व दिल्ली प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री-अरविंद केजरीवाल जी को जमानत मिलने की खुशी में यह पार्टी दी गई है। कार्यकताओं मे जश्न का माहौल है ।अपने चहेते नेता-अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने पर,पार्टी के कार्यकताओं द्वारा एक दूसरे को बधाई संदेश देते हुए खुशी जाहिर किया ।और इस मौके पर एक दूसरे का मुख मीठा कराया गया।

# फिल्म पत्र/पत्रिकाओं के उत्कृष्ठ फोटोग्राफी के लिए-चंद्र प्रकाश माझी को दिया गया"लीजेंड दादा साहब फाल्के अवॉर्ड 2024"

**दैनिक समाज जागरणप्रदीप बच्चन (ब्यूरो चीफ बलिया यूपी)**

मायानगरी (मुंबई) मे फिल्मी दुनिया के प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता-के.सी.बोकाडिया,अभिनेता-धीरज कुमार, संगीतकार-दिलीप सेन ने "लीजेंड दादा साहेब फाल्के अवार्ड 2024" से चन्द्र प्रकाश मांझी को सम्मानित किया।

मुंबई दूरभाष द्वारा प्राप्त समाचार के अनुसार,मुंबई के उपनगर अंधेरी वेस्ट के मेयर हॉल में कृष्णा चौहान फाउंडेशन के संस्थापक,निमार्ता,निर्देशक-कृष्णा चौहान के तत्वाधान में आयोजित विशाल"लीजेंड दादा साहेब फाल्के अवार्ड 2024" से बोलीवुड के प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता निर्देशक के.सी.बोकाडिया, सुनील पाल, वेस्टर्न इंडिया सिने एम्पलाइज



फेडरेशन के अध्यक्ष-बी. एन.तिवारी, सिंगर-ऋतु पाठक,(बिग बी)अभिताभ बच्चन के मेकपमैन-दीपक सावंत,प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता, डायरेक्टर-धीरज कुमार, संगीतकार-दिलीप सेन, मुंबई(ए.सी.पी.) -संजय पाटिल, मुख्य अतिथि-डॉक्टर मुकेश साहू महेश्वरी (राष्ट्रीय भाजपा नेता, दिल्ली), ब्राइट आउटडोर मीडिया के प्रतिनिधि-निक्की बत्रा,भारती छाबड़िया जी द्वारा"लीजेंड दादा साहेब फाल्के अवार्ड 2024"से चन्द्र प्रकाश मांझी को सम्मानित किया गया। दूरभाष से प्राप्त जानकारी के अनुसार बॉलीवुड के स्टील फोटोग्राफर-चंद्र प्रकाश मांझी ने बताया कि ' मैं करीब बाईस वर्षो से फिल्म लाइन में फोटोग्राफी का कार्य कर रहा हूं।और फिल्म लाइन में फोटोग्राफी करते करते बहुत बड़े से बड़े अवार्ड अभी तक मिल चुके हैं।अभी हॉल में ही मुझे "लीजेंड दादा साहेब फाल्के अवार्ड 2024" से सम्मानित किया गया है।उन्होंने कहा हैं। कि बॉलीवुड का सबसे अच्छा दादा साहेब फाल्के अवार्ड हैं। जो बहुत ही गौरव की बात है। और अवार्ड पाकर बहुत ही प्रसन्नता हो रही हैं।

# गलत फैसले का खामियाजा तो नही भूगत गई दुर्गा- दोहरा हत्याकांड

## भय के साये मे कैसे जियेंगे मासूम, ननिहाल वालो ने भी हाथ खड़े किए

**दैनिक समाज जागरण**

लार देवरिया / जिसने जन्म दिया खून पसीना एक कर पाला पोसा बड़ा किया हो उसकी एक ना सुनकर कभी कभी बच्चे गलत निर्णय ले लेते है । जिसका खामियाजा भी भुगताना पड़ता है। सब कुछ छोड़ जिसके साथ जिने मरने की कसमे खाई वही जान का दुश्मन बन जायेगा। ये दुर्गा ने कभी सोचा ही नही होगा की बेटी के साथ ही उसे भी इस दुनिया से बेसमय जाना होगा। दिल दहला देने वाली घटना सलेमपुर तहसील क्षेत्र के विशौली माफी मे बृहस्पतिवार को हुई जहा पति ने ही घर का दरवाजा बन्द कर पत्नी व बेटी की लोढे से कुचलकर हत्या कर दी । जिस समय ये घटना हुई बड़ा बेटा दस वर्षीय रणवीर घर से बाहर कुछ ही दूरी पर खेल रहा था। दो मासूम राजवीर, रघुवीर घर के अन्दर ही थे। दरवाजा अन्दर से बन्द था। अन्दर से चिल्लाने की आवाज आ रही थी पर हैवान बना बच्चो का पिता बबलू ने दरवाजा तक नही खोला। सूत्रों व बच्चे बताते है की लोग बाहर से दरवाजा खोलने के लिए कुछ लोग चीलाते रहे पर ये निरदई को तनिक दया नही आई उसने दरवजा तक नही खोला । तीन मासूम बेटे लथपथ खून से सने अपनी मां व बहन के शव को देख रो रहे थे। पर करे क्या इस अनहोनी व ईश्वर के विचित्र लीला के आगे बेवस थे ।उन्हे पुलिस ने तुरंत बबूल के बूआ के घर कैलानी गांव निवासी ज्ञान्ती पत्नी स्व कैलाश के घर भेजवा दिया।

बताते है बबूल की लुधियाना मे तीन मंजिल मकान है । वहा इसके पिता अर्जुन प्रसाद रहते है घटना की जानकारी होने पर वो गाँव के लिए निकल चुके है। बबलू का कोई दुसरा भाई नही है। ससुरराल बिहार प्रांत के अनजाला बलिया बिलोल थाने के दरभंगा मे है। वहा सूचना देने पर भी कोई नही पहुंचा। कारण था दुर्गा बबलू से घर से भागकर लव मैरिज शादी की था। जिससे उसके मैके के लोग नाराज रहते थे । पुलिस व ग्राम प्रधान के सूचना के बाद भी ये नही आये। अब मासूम राजवीर, राजवीर, रघुवीर के सर से



मां का साया उठने के बाद ननिहाल वालो ने भी हाथ खड़ा कर दिया है ।इन मासूमों का कोई सहारा नही दिख रहा कौन करेगा इनका परवरिश मानवता तो मरती नजर आ रही है। आखिर गलती इन मासूमो का क्या है । कही गलत फैसले बिना मां बाप के मर्जी के शादी का खामियाजा तो नही भूगत पड़ा दुर्गा को जो इतना बड़ी घटना हुई। तरह तरह की बाते क्षेत्र मे चर्चा का विषय बना हुआ है।

### दरवाजे पर लगी थी माँ व अम्बेडकर की फोटो इनसे भी नही ली सीख

लार देवरिया /घर पर किसी महान व्यक्ति का फोटो लगाने से आप महान नही बन सकते। बल्की उसके लिए उसकी बाते कर्म व इतिहास पर आपको अमल करना होगा। निरदई बबूल जब अपनी लाचार बेवस पत्नी दुर्गा व बेटी प्रनिति को लोढे से कुचलकर हत्या कर रहा था। तब दरवाजा बन्द किया था। पर दरवाजे के ऊपर ही संविधान के रचईता बाबा डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की फोटो लगी थी व बगल मे बबलू के माँ की। पर तनिक भी उसका ध्यान फोटो व इनके विचारो पर नही गया । यदि ध्यान गया होता तो कानून को हाथ मे लेने की जरूरत नही थी। चाहे कैसी भी परिस्थिति हो जाए वर्ना आप गलत करेंगें तो कानून से बच नही सकते। वही अपनी मां की तस्वीर देख भी दया नही आई की मेरी मां नही है मां के ना रहने पर जिन्दगी का क्या हाल होता है। मरने के बाद इन बच्चो के सर से मां का साया उट जायेगा। जैसे मेरा उठा है तो कतई ये काम ना करता। इसी लिए विद्वान कहते है अपने जीवन मे अच्छे व्यक्ति को चुने व उसके बताए रास्ते पर चले।

### भाई ने कहा बाहर निकलेगा तो खतरा है मां ने योगी पर जताया भरोसा

जो अपनी पत्नी बेटी का नही हुआ किसी का नही हो सकता। उसके जेल से बाहर आने पर सभी को खतरा है। उपयुक्त बाते दुर्गा की मां व भाई सुदर्शन आचार्य ने राष्ट्रीय सहारा को टेलीफोन पर दी। उन्होने बताया की लगभग 15 वर्ष पहले ये दुर्गा को बहला फुसला कर बबलू लोधियाना लेकर चला गया था । जब बेटी हुई तो यहा आया तब से आना जाना था । खाने पीने का शौकिया होने से आय दिन लड़ाई होती थी ये दुर्गा को मारता पिटता था । व कई कई महिने बिहार दरभंगा मैके मे ही छोड़ जाता था। दुर्गा से पहले भी वो शादी किया था जिससे दो बिटिया थी उसे छोड़ दिया था। ये अपराधी प्रवृति का व्यक्ति है ये जेल से छुट गया तो बचे तीन मासूम बच्चो को भी मार देगा। इसके डर से इसके पिता भी इससे दुर लोधीयाना रहते है। आय दिन झगड़े के वजह से गांव के लोग भी इससे डरते व भयभीत रहते है।संदेह है की लुधियाना मे भी इसके ऊपर मुक्दमे है इस लिए इधर भाग कर रहता था । साहिर व बदमाश होने के चलते ये फोन भी नही चलाता था। आय दिन फोन कर हम लोग (ससुरराल) पक्ष से पैसा मानता था। कुछ काम नही करता था जिससे घर मे कलह मची रहती थी। जो हत्या का कारण बनी । दुर्गा की माँ कहती है अब यूपी के मुखिया योगी बाबा पर ही भरोसा है उन्ही से न्याय की गुहार है। ऐसे व्यक्ति को कठोर सजा मिले ये मेरी मांग है। पर बबलू के खिलाफ थाने आकर तहरीर देने से सभी कतरा रहे है।

# चाचौड़ा तहसील के कई ग्रामों में ज्ञान गंगा पुस्तक का किया प्रचार-प्रसार

कमल सिंह लोधा/ चाचौड़ाः शुक्रवार को चाचौड़ा तहसील के ग्राम पिपलिया, कुशालपुरा, दमदमपुरा, कुलम्बैह, बड़ी मांगरोल, छोटी मांगरोल, महेशपुर,मुहासा,नेपुरा आदि ग्रामों में संत रामपाल जी महाराज के भक्तों के द्वारा ज्ञान गंगा पुस्तक का प्रचार-प्रसार किया गया आपको बता दें संत रामपाल जी महाराज के अनुयायी ज्ञान गंगा पुस्तक के माध्यम से संत रामपाल जी महाराज द्वारा सुलझाए गए प्रश्नों को समाज के सामने रखते है जैसेः हमें जन्म देने व मारने में किस प्रभु का स्वार्थ है? सभी कहते हैं कि सबका मालिक एक है लेकिन आज तक क्यों उसका नाम नहीं बता पाया ? पूर्ण परमात्मा कौन है? उसका



नाम क्या है? उसकी पूजा की विधि क्या है? मोक्ष प्राप्ति के वास्तविक मंत्र कौन से हैं? तत्वदर्शी संत की पहचान क्या है? सृष्टि की रचना कैसे हुई? ऐसे अनेक अनसुलझे सवालों के शास्त्रों से प्रमाणित उत्तर लिखे हुए है। पुस्तक सेवा में उपस्थित अनुयायियों ने बताया है ज्ञान गंगा पुस्तक का प्रचार-प्रसार गुना जिले में ही नहीं बल्कि पूरे देश-विदेश में किया जा रहा है पुस्तक सेवा करने का उद्देश्य है समाज में फैल रही कुरीतिया दहेज प्रथा, नशा, रिश्वतखोरी, मिलावट खोरी, जैसी तमाम कुरीतियों को दूर किया जा सके

# कुंभराज के मृगवास थाना क्षेत्र में 7 साल के मासूम से हैवानियत, कुकर्म के बाद गुप्तांग में भरे कांटे

**कमल लोधा/दैनिक समाज जागरण**

कुंभराज : जिले के मृगवास थानांतर्गत एक गांव में एक 7 वर्षीय मासूम बालक के साथ क्रूरता की हदें पार करने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी अनुसार कुंभराज तहसील के एक गांव में 7 साल के बालक के साथ 55 वर्षीय अधेड़ और दो युवकों ने लगातार दो दिन दुष्कर्म किया और बदमाशों ने उसके गुप्तांग में कांटे भर दिए। बताया जा रहा है कि दूसरा और तीसरा आरोपी भी नाबालिग है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मृगवास पुलिस ने शिकायत नहीं सुनी और भगा दिया। दिल को दहला देने वाला यह मामला गुना जिले के मृगवास



थाना क्षेत्र के नाथू का पुरा गांव बताया जा रहा है पीड़ित परिवार ने एसपी कार्यालय यहां 7 वर्षीय बालक के साथ दो दिन लगातार दुष्कर्म और उसके साथ क्रूरता करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस संबंध में मृगवास थाना प्रभारी बुंदेल सिंह सुनेरिया का कहना है कि में सानई आया हू आ रही है वो महिला बच्चों को लेकर एफआईआर दर्ज. करके करवाई करते हैं

# "सनातन पाण्डेय" ने ऐतिहासिक जुलूस के साथ किया नामांकन,

### हमारी लड़ाई संसदीय क्षेत्र की जनता लड़ रही है-सनातन पाण्डेय

**दैनिक समाज जागरण**
**प्रदीप बच्चन ब्यूरो चीफ**

बलिया(यूपी) लोकसभा 72 निर्वाचन क्षेत्र बलिया के संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार-सनातन पाण्डेय ने शुक्रवार को अपना ऐतिहासिक अंदाज में नमांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन जुलूस सतीश चंद कॉलेज के मैदान से शुरू हुआ। जहां गठबंधन के सभी सहयोगी दल अपने-अपने दल के झंडे और बैनर के साथ सनातन पांडेय के स्वागत में पहले से ही खड़े रहे,इस जुलूस में समाजवादी पार्टी के जनपद के सभी वरिष्ठ नेता एक साथ चल रहे थे.वहीं गठबंधन में शामिल दलों के लोग भी साथ में थे' इस अवसर पर उपस्थित जन समुदाय से सनातन पांडेय ने कहा कि यह लड़ाई सरकारी तंत्र के खिलाफ जनतंत्र की है, हमारी लड़ाई संसदीय क्षेत्र की जनता लड़ रही है,आज आप लोगों की उपस्थिति ने साबित कर दिया है कि देश और प्रदेश के बेरोजगार युवा परेशान है,किसान महंगाई से कराह रहा है,जनता



सरकारी गुंडागर्दी से भयभीत है और व्यापारी इस आनाचारी सरकार से छुटकारा चाहती हैं' आज आपका मनोबल देखकर यह लगता है कि आपके अंदर 1942 की क्रांतिकारी ज्वाला धधक उठी है' जो निश्चित ही इस सरकार का अंत करेगी,यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है बल्कि लोकतंत्र को बचाने और बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर के संविधान को बचाने का चुनाव है देश को महंगाई एवं सरकारी तंत्र में व्याप्त भ्रष्ट्राचार से छुटकारा दिलाने का चुनाव हैं' हमे विश्वाश हैं कि बलिया संसदीय क्षेत्र 72 की जनता अपने आप को सनातन पाण्डेय मानकर यह लडाई लड़ेगी और जीतेगी भी।

पूर्व नेता उ. प्र.प्रतिपक्ष-रामगोविन्द चौधरी ने कहा कि बलिया समाजवाद की उर्वरा भूमि हैं हम देश को दिशा देने वाले लोग है।यह चुनाव देश के भविष्य को तय करने वाला चुनाव हैं।

पूर्व मंत्री-अम्बिका चौधरी ने कहा कि इण्डिया गठबन्धन की सरकार इस बार बन कर रहेगी।उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी वर्गों का समर्थन सनातन पांडेय को मिल रहा हैं।

पूर्व मंत्री-नारद राय ने कहा कि बलिया विधान सभा क्षेत्र इस बार सबसे आगे रहेगा।यह चुनाव परिवर्तन की बयार लेकर आया है बलिया से लेकर दिल्ली तक परिवर्तन हो रहा हैं। "कांग्रेस पार्टी के साथियों ने सर्वप्रथम भृगु बाबा के उद्घोष के साथ पार्टी का गमछा दे कर विजई बनाने का संकल्प लिया"आम आदमी पार्टी के हुजूम के हाथ में अरविन्द केजरीवाल की तस्वीर थी तो वीआईपी के कार्यकताओं ने मुकेश साहनी की तस्वीर ले रखी थी"जो"आकर्षण का केंद्र बनी रही। लोकनायक जयप्रकाश नारायण और मंगल पांडेय का कट आउट लेकर जयकारा लगाते हुए लोग नजर आए। "मुहमदाबाद के विधायक-मोनू अंसारी अपने लम्बे काफिले और भारी संख्या में जनसमुदाय को लेकर जब बलिया पहुंचे,तब बलिया के समाजवादियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। रास्ते में जगह जगह लोगो ने पुष्प वर्षा कर जुलूस का स्वागत किया तथा मल्यार्पण भी किया और जीत का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विधाक-संग्राम सिंह यादव,जयप्रकाश अंचल,पूर्व विधायक-मंजू सिंह,संजय उपाध्याय,पार्टी प्रवक्ता-सुशील कुमार पाण्डेय"कान्हजी",लक्ष्मण गुप्ता,रामजी गुप्ता,लो.तं.रक्षक-संतोष शुक्ला,बीरबल राम,राजन कनौजिया,राजेश गोड,मंटू साहनी,जे डी, बलिराम गुप्ता,धनंजय सिंह विशेन,मिंटू खा,प्रभुनाथ यादव,जावेद पिंटू,धनजी यादव,अजीत सिंह यादव,जमाल आलम,रामनाथ पटेल,दशरथ यादव,झल्लन यादव आदि शामिल रहे।

# नबीनगर से 130 बोतल देसी टनाका शराब बरामद तस्कर फरार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 10 मई 2024 नबीनगर थाना क्षेत्र के सिंचाई कॉलोनी के समीप से 180 एम एल के 130 पीस देसी टनाका शराब बरामद किया गया है। एस आई जितेंद्र कुमार एवम सशस्त्र बल ने गश्ती के दौरान सिंचाई कॉलोनी के समीप छुपा कर रखे झारखंड निर्मित देसी टनाका शराब बरामद किया है। वही पुलिस को आते देख शराब तस्कर शराब छोड़कर भाग निकले। मामले में थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि शराब को जप्त कर थाना लाया गया है और अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की करवाई की जा रही है



# नरारी कला से एक शराबी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 10 मई 2024 नवीनगर प्रखंड के नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र से नशे की हालत में एक व्यक्ति को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है।गश्ती के दौरान थाना क्षेत्र के ओड़िया गांव से नशे की हालत में पुलिस ने बुटन सिंह को गिरफ्तार किया है। मामले में थानाध्यक्ष द्वारा बताया गया की उक्त व्यक्ति को मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है



# मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आज करेंगे खरसावां में चुनावी सभा

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता खरसावां**

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शनिवार को खुंटी लोकसभा क्षेत्र के खरसावां विधानसभा के खरसावां में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के पक्ष में दिन के 12 बजे एक चुनावी सभा करेंगे। जिसमें खुंटी संसदीय सीट के महागठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा खरसावां विधायक दशरथ गागराई समेत कई विधायक मंत्री उपस्थित रहेंगे। वहीं कांग्रेस के खरसावां विधानसभा प्रभारी राज बकछी ने खरसावां विधानसभा के सभी मतदाताओं व जनता से अपील करते हुए कहा कि राज्य के माननीय मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के खरसावां दौरा व चुनावी सभा में अधिक से अधिक उपस्थित होकर ऐतिहासिक बनाने का काम करेंगे।



## मोबाइल चोर को रंगे हाथ पकड़ स्थानीय लोगों ने पीटा और किया पुलिस के हवाले

**अभय कुमार मिश्रा,दैनिक समाज जागरण, संवाददाता,झारखंड**

जमशेदपुर (झारखंड) 10 मई 2024:झजोजोबेड़ा साऊथ गेट के सामने कुछ लुटेरे चाकू का भय दिखा कर लोगों से मोबाइल और पैसों की छिनतई करते वहां के स्थानीय लोगों ने रंगे हाथ एक को पकड़ने में कामयाब रहे। वही उसके साथी भागने में सफल रहे। पकड़ाए चोर को स्थानीय लोगों ने पहले जमकर धुनाई की उसके बाद कर दिया पुलिस के हवाले। मोबाइल छीनकर भागने के क्रम में मोबाइल मालिक को चाकू से काफी गंभीर चोट भी आई है जिसे इलाज के लिए फौरन पास के अस्पताल में भेजा गया। वहां के स्थानीय लोगों की मदद से यह घटना होते-होते टल गई लेकिन आए दिन इस तरह का घटना बढ़ती जा रही है।



# राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने विरोधियों पर किया जोरदार हमला

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 10 मई 2024 राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने विपक्षियों पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि काराकाट लोक सभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा भारी बहुमत से चुनाव जीतेंगे।स्वामी सदन नबीनगर मे प्रेस वार्ता के दौरान राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शंकर झा आजाद एवम पार्टी के जनरल सेक्रेटरी सह प्रवक्ता फजल इमाम मल्लिक ने कहा कि एनडीए गठबंधन के सभी नेता और कार्यकर्ता एक है और सभी मिलकर एनडीए गठबंधन से राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उम्मीदवार को जीता कर केंद्र मे नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने के लिए कटिबद्ध है।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आजाद ने कहा कि नबीनगर मे भाजपा के वरिष्ठ नेता राम लखन सिंह के साथ नबीनगर विधान सभा क्षेत्र के दर्जनों गांव मे जनसंपर्क अभियान मे उपेंद्र कुशवाहा के प्रति लोगो मे काफी उत्साह है।एनडीए गठबंधन के सभी घटक दल एकजुट है और उपेंद्र कुशवाहा भारी अंतर से चुनाव जीतेंगे।वही प्रवक्ता फजल इमाम मल्लिक ने निर्दलीय उम्मीदवार पवन सिंह के बारे में कहा कि उनकी सभा मे ग्लैमर की भीड़ है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि फिल्मी दुनिया के और भोजपुरी फिल्मों के कई स्टार चुनाव लड़ चुके है अनलोगों की सभा में भी काफी भीड़ हुई है और उन्हें भी हार का सामना करना पड़ा है।।मल्लिक ने पवन सिंह पर तंज कसते हुए कहा कि उनके गीतों से अश्लीलता पनपा है।सभ्य समाज के लिए उनका गीत उचित नही है। उनके अश्लील गीतों से महिला वर्ग आहत है।जनरल सेक्रेटरी मल्लिक ने राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव पर भी हमला करते हुऐ कहा कि उनका एम वाई समीकरण का मतलब परिवारवाद से है।उन्होंने सिर्फ मुसलमानों को अबतक ठगा है।मल्लिक ने बताया कि अबकी बार मुसलमानों का बड़ा तबका एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा को वोट करेगा।



# के सी आई स्कूल के छात्र छात्राओं ने जागरुकता रैली निकाली।

राजापाकर। के सीआई स्कूल राजापाकर के निदेशक एस पी सिंह के निर्देश पर छात्र छात्राओं ने आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली। यह रैली प्रखंड मुख्यालय स्थित विभिन्न सरकारी कार्यालयों जीविका सीडीपीओ कार्यालय थाना परिसर सहित अन्य कार्यालयों सहित विभिन्न चौक चौराहे का भ्रमण किया। मौके पर उपस्थित लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर उपस्थित विद्यालय के शिक्षक सह सेवानिवृत्त कैप्टने महेंद्र राय द्वारा लोगों को एक-एक वृक्ष भेंट कर मतदान करने केरने की याद दिलाई। बच्चों द्वारा निकाली गई यह रैली प्रखंड मुख्यालय के कुशवाहा चौक शनिचर हाट चौक बाबा गणिनाथ चौक हाई स्कूल चौक का भ्रमण किया एवं लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। वही बच्चे विभिन्न नारे भी लगा रहे थे। सब काम छोड़ करें मतदान, तभी मजबूत होगा हमारा लोकतंत्र देश महान। बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता। जन-जन की है यही पुकार वोट देना है मेरा अधिकार। हमारा गौरव हमारी शान चलो मिलकर करें मतदान आदि शामिल हैं।




# युवा कांग्रेसी नेता प्रेमेन्द्र कुमार मिश्रा ने किया कालीचरण मुंडा के पक्ष में जनसम्पर्क अभियान

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

खरसावां युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव प्रेमेन्द्र कुमार मिश्रा ने खरसावां प्रखंड के कृष्णापुर पंचायत के गोपालपुर ग्राम में जनसम्पर्क किया एवं राहुल गाँधी द्वारा जारी किया गया न्याय पत्र ग्रामीणों के समक्ष रखा एवं कांग्रेस पार्टी के पक्ष में वोट कर कालीचरण मुंडा को भारी मतों से विजयी बनाने की मतदाताओं व जनता से अपील की। साथ ही कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी किया गया कांग्रेस गारंटी कार्ड भी उक्त ग्राम के ग्रामीणों को देकर कांग्रेस पार्टी द्वारा पांच न्याय 1.युवा न्याय, 2.नारी न्याय 3. किसान न्याय 4. श्रमिक न्याय 5. हिस्सेदारी न्याय, के बारे में आमजनों के समक्ष रखा एवं कहा कि हाथ ही बदलेगा हालत, जिस प्रकार से मोदी सरकार ने उनके 10 साल के कार्यकाल में युवाओं,महिलाओं, किसानों तथा मित्रों को ठगने का काम किया है उससे देश अनभिज्ञ नहीं है। मोदी जी ने कहा था हर वर्ष 2 करोड़ युवाओं को रोजगार दूंगा,किसानों की आय दुगनी कर दूंगा,महंगाई कम कर दूंगा,हवाई चप्पल वालों को हवाई जहाज का सफर कराऊंगा परंतु क्या इस मुद्दे पर मोदी जी के द्वारा कोई भी कार्य किया गया आज देश में बेरोजगारी चरम पर है, युवा डिग्री लेकर घूम रहे हैं, महिलाएं महंगाई की मार झेल रही हैं, किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं एवं श्रमिक पलायन को मजबूर हैं। इसलिए हमें अच्छे दिनों वाली सरकार नहीं चाहिए हमें वही पुराने दिनों वाली सरकार ही वापस लानी है। मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बलभद्र महतो, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र नायक, आई आलम, जिला महासचिव मनोज कुमार मुंडा सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# पुत्र की मौत के बाद मां की भी मौत मचा कोहराम।

राजापाकर। प्रखंड मुख्यालय के राजापाकर बाजार काली स्थान निवासी मनोज कुमार साह के तीन पुत्रों में 15 वर्षीय प्रथम पुत्र हिमांशु कुमार की मौत के बाद शुक्रवार को पीएमसीएच में उसकी 30 वर्षीया पत्नी चंदा देवी की भी मौत हो गई। इस हादसे में वह पूरी तरह जल गई थी। विदित हो कि 23 अप्रैल को राजापाकरे बाजार निवासी मनोज कुमार साह की पत्नी चंदा देवी अपने तीन पुत्रों व एक पुत्री के साथ बिदुपुर थाना क्षेत्र के नावानगर अपने मायके गई थी। दिन के 3 बजे वह मायके पहुंची थी कि उसी समय उसकी मां ने कहा बेटी चाय बना लो। चाय बनाने गई चंदा देवी को गैस लीकेज का पता नहीं चला और गैस खोलकर सलाई जलाते ही पूरे घर में आग लग गई। घर में रखे 5 सिलेंडर भी विस्फोट कर उड़ने लगे जिसमें 8 व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गए थे। जिसमें चंदा देवी के मायके के पांच व्यक्ति शामिल हैं।जिनकी मौत हो गई। वही चंदा देवी एवं उसके एक पुत्र के मौत के बाद घायलों में से सात व्यक्ति की मौत हो गई। एक 8 वर्षीय चंदा देवी के पुत्र हिमांशु कुमार भी गंभीर रूप से घायल है और पीएमसीएच में जीवन और मौत के बीच झूल रहा है। आज परिजनों द्वारा पीएमसीएच से चंदा देवी का शव राजापाकर बाजार स्थित घर लाया गया।

जहां खबर सुनते ही कोहराम मच गया।एक नजर देखने के लिए स्थानीय लोगों कीभीड़ उमर पड़ी। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है। ग्रामीणों के बीच शोकं का माहौल है। उपस्थित लोगों की आंखें छलक रही थी।स्थानीय प्रशासन द्वारा अभी तक मनोज साह को कोई आपदा विभाग की ओर से सहायता नहीं दी गई है और न ही अंचल कार्यालय से कोई कर्मी मौके पर उपस्थित देखा गया। केवल अंत्येष्टि योजना की राशि मिली है। सरकारी सहायता नहीं मिलने पर लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया है। वही ग्रामीण दोस्तों एवं सगे संबंधियों द्वारा उन्हें आर्थिक मदद की जा रही है।



# कटिहार में धुमधाम मनाया गया भगवान परशुराम जयन्ती महोत्सव

-परशुराम जयन्ती पर निकला भव्य जुलूस
-डीजे की धुन पर थिरकते रहे लोग

प्रवीण कुमार, कटिहार। भगवान श्री परशुराम जयंती धूमधाम से आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। भगवान श्री परशुराम जयंती के अवसर पर परशुराम मंदिर में पूजा अर्चना कर महाप्रसाद वितरण किया गया।यशशाला परिसर से भव्य जुलूस निकाला। जुलूस में के आगे-आगे डीजे के भगवान परशुराम की धुन पर महिला एवं पुरुष नाचते झूमते हुए जुलूस की भव्यता के साथ साथ शोभा बढा.रही थी। पीछे-पीछे रथ पर सवार परशुराम एवं सीता राम की झांकियां मुख्य आकर्षण बनी रही। शहर के विभिन्न मार्ग से गुजर रहे थे, तो आसपास के लोगों ने अपने-अपने छत पर से फूलों की बारिश कर रहे थे।कई लोगों ने भगवान परशुराम एवं राम सीता को प्रणाम करते हुए सेल्फी लेने का दौर जारी रहा। निर्धारित समय से शिव मंदिर यज्ञशाला मैदान से जुलूस निकालकर दौलत राम चौक होते हुए शहर के मुख्य मार्ग से गुजरते हुए यज्ञशाला मैदान में समाप्त हुआ। जुलूस में बड़ी संख्या में हर उम्र के महिला पुरुष ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया। अलग-अलग जत्थे में नाचते झूमते हुए पर भगवान परशुराम की जय कारा लगा रहे थे। जगह-जगह शरबत और पेयजल की व्यवस्था की गई थी। यज्ञशाला में पेयजल के साथ-साथ चना की सत्तू का शरबत की भी व्यवस्था की गई थी। जुलूस में भाग लेने वाले सभी महिला पुरुष के गले में पट्टा सर पर तिलक, चंदन लगाए हुए आकर्षक वस्त्र पोशाक पहनकर जुलूस की शोभा बढा.रहे थे। जुलूस की भव्यता इस कदर लगाई जा सकती है कि जिस मार्ग से उस गुजर रही थी। उसे मार्ग के आसपास के सभी मार्ग में घंटों सड़क स्वत जाम में परिणत हो गया था। जुलूस की सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन की तैनाती की गई थी। पुलिस प्रशासन जुलूस के आगे एवं पीछे-पीछे चल रही थी।

जुलूस में मुख्य रुप में नरोत्तम जोशी, ध्रुव चंद्र झा,सत्य नारायण शर्मा,डा0 राम निवास शर्मा,सीमा झा,रंजना झा,राजेश रंजन मिश्रा, प्रवीण कुमार झा,पप्पू पाण्डेय,यद्दू झा, गुनेश पाठक,नरेश शर्मा,डा0 आशुतोष झा, डा0 आर के चौधरी,गुड्डू मिश्रा,रोशन झा,संदीप चौबे, बिहारी लाल शर्मा,प्रकाश शर्मा, भाष्कर झा,रिषि झा,महेंद्र झा,गौरव झा, सरोज कुमार झा, विजय शर्मा, संजय चौधरी, मनोज शर्मा, संदीप चौबे, विवेक पांडे,पप्पू झा,परिमल झा,अभिषेक तिवारी, प्रकाश कुमार,अजय उपाध्याय, प्रियाँशु कुमार झा सहित बडी.संख्या में लोगों ने भाग लिया।



# सिंहभूम क्षत्रिय ब्राह्मण समाज द्वारा एशिया सभागार आदित्यपुर में भगवान श्री परशुराम का पावन अवतरण दिवस मनाया गया

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण,संवाददाता झारखंड**

जमशेदपुर (झारखंड) 10 मई 2024:झसिंहभूम क्षत्रिय ब्राह्मण समाज जिला इकाई सरायकेला खरसावां व आदित्यपुर सांस्कृतिक विकाश परिषद् द्वारा एशिया सभागार आदित्यपुर में भगवान श्री परशुराम का पावन अवतरण दिवस समारोह पूर्वक प्रवीण कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में मनाया गया.

कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोग एवम् भगवान श्री परशुराम जी के अनुयाई व श्रद्धालु गण शामिल हुए.

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री परशुराम के पूजन के साथ प्रारंभ हुआ. श्रद्धालु गण एवम् ब्राह्मण परिवार के लोगों ने भगवान श्री परशुराम को अनुष्ठान पूर्वक पुष्पांजलि अर्पित किया व उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया.

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अंबुज कुमार उपस्थित रहे.

मुख्य उद्घाटन करता स्वरूप प्रबुद्ध समजसेवी विजय शंकर मिश्रा व हरेंद्र तिवारी शामिल रहे.

विशिष्ट अतिथि स्वरूप बी डी मिश्रा, छोटे लाल तिवारी, बाला तिवारी, सिकु शर्मा, रंजीत मिश्रा, महेंद्र पांडेय, विनोद पांडेय,संतोष मिश्रा, मीरा तिवारी, सतीश मिश्रा, मंटू दुबे शामिल रहे.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अंबुज कुमार ने कहा कि भगवान परशुराम जी से ब्राम्हण समाज को प्रेरणा लेते हुए तेजस्वी ओजस्वी व समाज के लिए त्याग की भावना को अपनाना चाहिए. ब्राह्मण समाज के कल्याण के साथ समाज के सभी वर्ग के कल्याण व उत्थान का प्रयास करना चाहिए.

उद्घाटनकर्ता विजय मिश्रा व हरेंद्र तिवारी ने समाज को संगठित होने के लिए प्रेरित किया.

कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष प्रवीण कुमार पाण्डेय ने किया. संचालन रमाशंकर पाण्डेय ने किया व धन्यवाद ज्ञापन युवा संघ के अध्यक्ष एकादश पांडेय ने किया.

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनोद पांडेय, अशोक पाण्डे, रामजी पांडेय, सोनू पांडेय, विनोद कुमार ओझा, अरुण चौबे,पावन पांडेय, पवन ओझा,उमेश चौबे,ज्ञानबी देवी, मीरा तिवारी, सतीश मिश्रा, चंदू मिश्रा, एसडी त्रिपाठी, विवेक उपाध्याय, विनय झा, विजय झा, ललित पांडेय, श्रवण कुमार पाण्डेय, विनोद कुमार पांडेय, दीपू ठाकुर, शशि कंत्त शुक्ला,सुशील कुमार पांडेय, अजय ओझा, मन्नू तिवारी, सिद्धेश्वर उपाध्याय, राजीव कुमार, रामविचार राय,सैलेंद्र सिंह, मुकेश श्रीवास्तव, रवि कुमार पाण्डेय, राकेश पाण्डेय समेत सैकड़ों की संख्या में ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोग व भगवान श्री परशुराम जी के अनुयाई उपस्थित रहे.



## कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता बजरंग गर्ग ने मीलगेट रोड पर रिबन काटकर कांग्रेस पार्टी के मुख्य कार्यालय का शुभारंभ किया- बजरंग गर्ग

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को नैतिकता के आधार पर तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए-बजरंग गर्ग

हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा) - सब्जी मंडी व मीलगेट रोड पर आज इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी भाई जयप्रकाश जेपी के समर्थन में स्थानीय लोगों ने आज कांग्रेस पार्टी का मुख्य कार्यालय खोला जिसका उद्घाटन हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर प्रदेश सीनियर प्रवक्ता बजरंग गर्ग ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाई जयप्रकाश हिसार लोकसभा क्षेत्र से आप सभी के आशीर्वाद से भारी मतों से विजय प्राप्त करेंगे। जनता भाजपा सरकार से दुखी है और इस सरकार से मुक्ति चाहती है जिसकी झलक प्रचार के लिए लोगों के बीच जा रहे भाजपा के प्रत्याशियों को जनता के भारी विरोध द्वारा साफ देखी जा सकती है। भाजपा की हरियाणा विधानसभा में भी सरकार अल्पमत में आ चुकी है, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को नैतिकता के आधार पर तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि बहुमत के लिए भाजपा को 45 विधायक चाहिए मगर भाजपा के पास सिर्फ 43 विधायक है। बजरंग गर्ग ने कहा कि भाजपा धन व बल से जेजेपी के विधायकों को तोड़ने में लगी हुई है और भाजपा की केंद्र व हरियाणा सरकार लोकतंत्र को खत्म करने में लगी हुई है। भाजपा सरकार ने सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करके बिहार, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश अन्य राज्यों की सरकार तोड़ने का घिनौना कार्य किया है। जनता इस भाजपा की तानाशाही सरकार को वोट की चोट से घर बिठाने का काम करेगी। भाजपा सरकार सत्ता हथियाने व वोट लेने के लिए भाई को भाई से लड़ाने का काम कर रही है और देश में जात-पात का जहर घोल रही है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता छत्रपाल सोनी, सोनू लंकेश, सुबे सिंह पहलवान, सुनील शर्मा,गुरदिप सिंह झुमका, लीलू राम चौहान, अरुण कागंडा, अशोक सुनसुना, बलराम चौहान, श्यामलाल सरबटा, प्रकाश कुमार, आत्माराम, रवि घारू, बलराम चौहान, करण, विकास कन्नू, दीपक चावरिया आदि प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद थे।

मातृत्व दिवस विशेष

# उस माँ के लिए मैं क्या लिखूं जिसने खुद मुझे लिखा हैं : डॉ उमेश शर्मा

**दैनिक समाज जागरण**

आगरा। भारत में हर साल मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे के रूप में मनाया जाता है। इस साल यह 12 मई को पड़ रहा है। यह दिन दुनियाभर की माताओं को समर्पित है। इस दिन लोग अपनी मां को गिफ्ट्स फूल कार्ड आदि देकर अपना प्यार जताते हैं। यह दिन मां के प्यार, समर्पण, त्याग और सहयोग के लिए उन्हें थैंक्स कहने का दिन है। मदर्स डे मनाने की शुरूआत अमेरिका की ऐना एम जॉविस को जाता है। दुनिया के अलग-अलग देशों में इसे अलग-अलग दिनों में मनाया जाता है और कई देशों में तो इस दिन छुट्टी भी होती है। यूरोप और ब्रिटेन में तो एक खास रविवार को माताओं को सम्मानित करने की भी परंपरा है, जिसे मदरिंग संडे कहा जाता है।

इस अवसर पर डॉ उमेश शर्मा ने सभी को मातृत्व दिवस की ह्रदय से हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए पत्रकार वार्ता में बताया कि उस माँ के लिए मैं क्या बोलू जिसने खुद मुझे लिखा हैं। जब भी कागज पर लिखा मैंने माँ का नाम, कलम अदब से बोल उठी हो गये चारों धाम क्योकि मां के प्यार, त्याग और तपस्या का कर्ज कभी चुकाया नहीं जा सकता। मातृ दिवस पर हर माँ के चरणों में नमन, वंदन व अभिनंदन। जब-जब मां की याद आती है तब तब उसका अपनापन और निस्वार्थ सेवा भाव स्वयं ही जुबान पर आ ही जाता है। मां का जीवन ऐसा है वह अपने बच्चों के लिए ताउम्र ममता न्योछावर करती रहती है। सही मायने में आज संसार मां की ममता पर ही आकर टिका हुआ है। सदियों से हर युग में मां की महिमा का बखान हुआ है और ऐसे में मदर्स डे मां के सम्मान का एक और दिन महज है। हालांकि, इस दिन का काफी महत्व भी है और लोग इस खास दिन को अपनी मां के प्रति अपने प्यार को शब्दों में बयां करते हैं।यह पूरा दिन मां के नाम समर्पित करें और घर के सभी लोग इस दिन को जश्न के तौर पर मनाएं। फिर चाहे उसे ऑफिस और घर दोनों जगह में संतुलन क्यों न बैठना पड़ा हो, मां ने कभी भी अपनी जिम्मेदारियों से मुंह नहीं मोड़ा है। इस मदर्स डे के खास मौके पर अपनी मां के साथ समय बिताएं, वो सब करें जो व्यस्त होने के कारण आप नहीं कर पाते और मां को खास तोहफे देकर जरूर खुश करें। मां जैसा प्यार इस दुनिया में और कोई नहीं कर सकता। हम मां को कितना भी प्यार और सम्मान कर लें लेकिन वो कम ही पड़ जाता है। मां के प्यार, त्याग और तपस्या के बदले व्यक्ति उसे कुछ नहीं लौटा सकता। हर इंसान की जिंदगी में मां सबसे अहम होती है। मां हमारी हर जरूरतों से लेकर छोटी-बड़ी खुशियों का ख्याल रखती है और बदले में कभी कुछ नहीं मांगती। इसलिए हम लोगों को भी अपनी मां को हर दिन ही खास महसूस कराना चाहिए।

उन्होंने कहा इसको मनाने के पीछे लोगों के जज्बात और अपनी मां के लिए उनका प्यार पहले की तरह ही रहेगा। वैसे तो हम में से कई लोग हमेशा की तरह इस मदर्स डे को भी अपनी मां के लिए खास बनाये क्योकि मां अपनी पूरी जिंदगी दूसरों की ख्वाहिशों को पूरा करने में निकाल देती है लेकिन हम कभी मां को उनके प्यार और ममता के लिए थैंक्स नहीं कह पाते हैं। मदर्स डे का दिन मां को थैंक्यू कहने के लिए सबसे बेस्ट है। आज बात भी मां के प्यार और ममता को लेकर होगी। सदियां बदल गई, जमाना बदल गया या कहें पिछले कुछ वर्षों में संसार ही बदल गया। केवल मां का ही समर्पण और ममता में कोई बदलाव नहीं आया है। मां का प्यार सागर से गहरा और आसमान से ऊंचा होता है जिसे मापना, तौलना मुमकिन नहीं। हम खुशनसीब हैं कि हमें वो प्यार मिल रहा है। ऐसे में मां के प्रति अपनी भावनाओं को छिपाने की बजाय खुलकर बताने का ही तो दिन है मदर्स डे। मदर्स डे मां के सम्मान में मनाया जाता है। यह दिन बच्चों के लिए खास होता है क्योंकि वह अपनी मां को बताते हैं कि वो उनसे कितना प्यार करते हैं। कई बार व्यस्त रहने के कारण तो कभी किसी और वजह से लोग अपनी मां से अपनी जिंदगी में उनके मायने नहीं बता पाते हैं। मां नाम जुबान पर आते हैं मन और मतिष्क में मातृत्व और करुणा से भरा वो चेहरा नजरों के सामने आ जाता है जिसे हम सब मां कहते हैं। लोग इस दिन को पूरी तरह अपनी मां को समर्पित करते हैं। कहते हैं न कि मां के प्यार का कर्ज चुकाया नहीं जा सकता। हमें इस दुनिया में लाने वाली और इंसान बनाने वाली उस मां के प्रति सम्मान और प्यार जताने के लिए वैसे तो किसी विशेष दिन की जरूरत नहीं, लेकिन मदर्स डे हमें अपनी भावनाओं को जाहिर करने का एक बहाना जरूर देता है । मां का सभी के जीवन में योगदान अतुलनीय है। मां के प्यार, त्याग और तपस्या का कर्ज कभी चुकाया नहीं जा सकता। मातृ दिवस पर हर माँ के चरणों में नमन, वंदन व अभिनंदन।



जब भी कागज पर लिखा मैंने माँ का नाम, कलम अदब से बोल उठी हो गये चारों धाम : डॉ उमेश शर्मा
मां के प्यार, त्याग और तपस्या का कर्ज कभी चुकाया नहीं जा सकता : डॉ उमेश शर्मा
मातृ दिवस पर हर माँ के चरणों में नमन, वंदन व अभिनंदन : डॉ उमेश शर्मा